

**नीलू प्रिंटिंग प्रेस**

हर प्रकार की वेब ऑफसेट एक रंगीन या बहुरंगीन प्रिंटिंग के लिए नोयडा में एक मात्र स्थान

ई-33, सेक्टर-7 नोएडा (यूपी)

फोन नं.: 9811157562



फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई- पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें- www.bhedinazar.com

दिल्ली, मंगलवार, 03 फरवरी 2026

दिल्ली, हरियाणा, चड़ीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश को प्रमुख हिन्दी दैनिक



**आवश्यकता है**

1- न्यूज एडीटर
2- एकाउन्टेट
3- मार्केटिगं एग्जीक्यूटिव (फार एडवर्टाइजमेंट)
4- चपरासी

सर्म्पक करें- 9811157562

समय: 3:00 से 5:00 PM



वर्ष: 22 अंक: 294 | Email : bhedinazardaily@gmail.com | RNI NO. DEL/HIN/2004/13528 | Postal REG. No. HR (FBD) -260/2026/28 | पृष्ठ: 12 मूल्य: 1 रुपये


# सरकार डरती है, मुझे जनरल नरवणे के शब्द बोलने से रोकती है: राहुल

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा सोमवार को सदन में पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब का जिक्र करने को लेकर काफी हंगामा हुआ। सदन के बाहर राहुल गांधी ने पत्रकारों से कहा, 'मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। मुझे सिर्फ दो-तीन लाइनें बोलनी हैं। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। ये पूर्व सेना प्रमुख के शब्द हैं और यह वह बातचीत है जो उन्होंने राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री मोदी से की है।'

राहुल ने कहा, 'मैं सदन में वही कहना चाहता हूं जो पूर्व सेना प्रमुख ने लिखा है और राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें क्या आदेश दिए थे।' नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'मैं सदन में बोलना चाहता हूं। मुझे नहीं पता कि वे क्यों डर रहे हैं। मुद्दा वही है जो प्रधानमंत्री और राजनाथ सिंह ने कहा। जमीन ली गई या नहीं, यह एक अलग सवाल है। हम उस पर बाद में बात करेंगे। लेकिन उससे पहले, देश के नेता को दिशा-निर्देश देने चाहिए। देश के नेता को फैसले लेने से पीछे नहीं हटना चाहिए और फैसले दूसरों के कंधों पर नहीं छोड़ने चाहिए। प्रधानमंत्री ने यही किया है।'

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि सरकार इस बात से डरी हुई है कि यदि पूर्व सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे की किताब की बातें सामने आ जाएंगी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की असलियत देश को पता चल जाएगी। लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद राहुल ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि देश को यह भी पता चलेगा कि जब चीन हमारी तरफ आ रहा था- तो 56 इंच की छाती को क्या हुआ था?

**राजनाथ, शाह ने किया विरोध**

सदन में राहुल गांधी का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह ने विरोध किया और इसके बाद सदन में सत्ता पक्ष और कांग्रेस के सांसदों के बीच काफी नोकझोंक और हंगामा हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर सदन को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। राजनाथ सिंह ने सवाल उठाया कि नेता प्रतिपक्ष को यह बताना चाहिए कि जिस किताब के बारे में वह बात कर रहे हैं वह प्रकाशित हुई है या नहीं। कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी सदन में पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के ड्राफ्ट के उस अंश को पढ़ना चाहते थे जिसमें 31 अगस्त, 2020 की एक घटना का उल्लेख है।

# ममता ने ज्ञानेश कुमार से की मुलाकात

## लाखों मतदाताओं के सूची से हटाये गये नाम

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को यहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की और उनसे कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 58 लाख मतदाताओं के नाम बिना उचित प्रक्रिया के सूची से हटा दिये गये हैं। करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक में उनके साथ तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी, सांसद कल्याण बनर्जी और पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद थे। बैठक का मुख्य मुद्दा पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर उठे विवाद थे।

चुनाव आयोग से बाहर निकलने के बाद बनर्जी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि वह बेहद आहत और दुखी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर पश्चिम बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम बिना उचित प्रक्रिया के हटा दिये गये और लोगों को अपना पक्ष रखने का मौका तक नहीं दिया गया। बनर्जी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव एक उत्सव की तरह होते हैं, लेकिन चुनाव आयोग की कार्रवाई ने इस भावना को ठेस पहुंचाई है।

उन्होंने सवाल किया कि यदि एसआईआर करना ही था, तो इसे चुनावी राज्यों से अलग और बेहतर योजना के साथ क्यों नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा शासित असम में एसआईआर नहीं हुआ, जबकि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु को निशाना बनाया गया। जन्म प्रमाण पत्र मांगे जाने पर आपत्ति जताते हुए बनर्जी ने कहा कि पहले अधिकतर जन्म घरों में होते थे, ऐसे में यह दस्तावेज मांगना अव्यावहारिक है।

# राज्यसभा में सी. सदानंदन ने खुद से हुई हिंसा का किया जिक्र, सवाल भी उठाए



**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

राज्यसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया गया। उच्च सदन में यह प्रस्ताव सी. सदानंदन मास्टर ने रखा। इस दौरान उन्होंने एक अत्यंत भावुक और गंभीर वक्तव्य देते हुए अपने जीवन पर हुए राजनीतिक हमले का उल्लेख किया और लोकतंत्र, सहिष्णुता तथा राजनीतिक हिंसा के मुद्दे पर सदन का ध्यान आकर्षित किया।

धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए सी. सदानंदन मास्टर ने कहा कि वे कभी एक पूरी तरह सक्षम व्यक्ति थे, लेकिन आज उन्हें कृत्रिम पैरों (आर्टिफिशियल लिंब्स) के सहारे जीवन जीना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्थिति किसी बीमारी या दुर्घटना के कारण नहीं, बल्कि 31 वर्ष पहले हुए एक राजनीतिक हमले का परिणाम है।

सी. सदानंदन मास्टर स्कूल शिक्षक से राजनीतिज्ञ बने हैं, और राज्यसभा के मनोनीत सदस्य हैं। वह भारतीय जनता पार्टी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं और भाजपा की केरल इकाई में कार्यरत रहे हैं। उन्होंने सदन में बताया कि 31 वर्ष पहले उस समय सीपीएम नेताओं की सलाह पर सीपीआईएम कार्यकर्ताओं ने उन पर जानलेवा हमला किया।

उन्होंने सदन को बताया कि यह घटना तब हुई, जब वे अपने अंकल के घर से लौट रहे थे, जहां उनकी बहन की शादी को लेकर बातचीत हुई थी। बस से उतरते ही एक बाजार में पहले से घात लगाए बैठे संगठित अपराधियों ने उन्हें पीछे से पकड़ लिया, सड़क पर गिराया और बेरहमी से उनके दोनों पैर पर घातक हमला किया।

सी. सदानंदन मास्टर ने कहा कि हमलावर राजनीतिक नारे लगा रहे थे और इस हिंसा को राजनीतिक जवाब के रूप में अंजाम दिया गया।

# सीबीआई ने 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' लॉच किया

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अमेरिका (एफबीआई), ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर चलाये गये एक बहुदेशीय अभियान 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' की शुरूआत की यह अभियान भारत और दूसरे देशों से काम करने वाले उन लोगों और समूह को लक्ष्य करता है जो सीमा पार (अंतरराष्ट्रीय), साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क में शामिल हैं। यह अभियान 31 जनवरी को शुरू किया गया था और इसके शुरू होते ही संघीय जांच एजेंसी ने एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने नई दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में 35 जगहों पर तलाशी ली है। कार्रवाइयों से आरोपियों द्वारा चलाए जा रहे उन सीमा पार, साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क को खत्म कर दिया गया।

# सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी 5 से 10 फरवरी तक राजकीय दौरे पर भारत आएंगे

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 5 से 10 फरवरी तक भारत का राजकीय दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति पद संभालने के बाद यह हर्मिनी की भारत की पहली यात्रा होगी। उनका यह दौरा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रहा है। दौरे के दौरान राष्ट्रपति हर्मिनी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत करेंगे।

अपनी भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति हर्मिनी चेन्नई और मुंबई भी जाएंगे, जहां वे विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा



दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग को और गति देने में सहायक होगी।

विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख समुद्री पड़ोसी है और भारत की 'विजन महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र प्रगति) तथा ग्लोबल साउथ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता में इसका विशेष स्थान है।

बयान में कहा गया कि अक्टूबर 2025 में भारत के उपराष्ट्रपति की सेशेल्स यात्रा के बाद राष्ट्रपति हर्मिनी की यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग और मजबूत जन-जन के संपर्कों को और मजबूती प्रदान करेगी।

गौरतलब है कि पैट्रिक हर्मिनी को अक्टूबर 2025 में यूनिटी स्टेडियम में आयोजित एक राष्ट्रीय समारोह में सेशेल्स के छठे राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई थी। इस समारोह में भारत की ओर से उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने भाग लिया था।

सेशेल्स यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने विक्टोरिया स्थित स्टेट हाउस में राष्ट्रपति हर्मिनी से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की थी।

# सार्वजनिक उपक्रम यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) को मिला 'मिनीरत्न' श्रेणी-क का दर्जा

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) को 'मिनीरत्न' श्रेणी-क का दर्जा देने की सोमवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री ने इस रक्षा उपक्रम को मात्र चार वर्षों के कम समय में सरकारी संगठन से लाभ कमाने वाली कंपनी बनने पर बधाई दी। उन्होंने कंपनी के कारोबार को बढ़ाने, स्वदेशीकरण को अधिकतम करने और मिनीरत्न (श्रेणी-क) का दर्जा प्राप्त करने की दिशा में प्रबंधन के काम की भी सराहना की। वाईआईएल ने स्थापना के बाद से कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं जिनमें 2021-22 (दूसरी छमाही) में 956.32 करोड़ रुपये की बिक्री से वित्त वर्ष 2024-25 में 3,108.79 करोड़ रुपये तक की उल्लेखनीय वृद्धि शामिल है।

# सिंगापुर एयर शो में वायु सेना की सारंग टीम दिखाएगी साहसिक हवाई कलाबाजियां

**गिरीश चंद्र शर्मा, भेदी नज़र**

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना सिंगापुर एयर शो के दौरान अपनी सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के जरिए स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव को दिखाएगी। चांगी एग्जिबिशन सेंटर में 3 से 8 फरवरी तक होने वाले इस एयर शो में तीन दूसरी इंटरनेशनल डिस्प्ले टीमें भी हवाई परफॉर्मेंस देंगी और इसमें 37 एयरक्राफ्ट का स्टैटिक डिस्प्ले भी शामिल होगा। दुनिया भर की वायु सेनाएं और डिफेंस कंपनियां एक मंच पर दिखेंगी।

भारतीय वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम अपने लाल-सफेद 'ध्रुव हेलीकॉप्टरों से सटीक फॉर्मेशन और साहसी हवाई कलाबाजियां करने के लिए जानी जाती है।

यह टीम सिंगापुर एयर शो के दौरान सैन्य ऑपरेशन, मानवीय सहायता और आपदा राहत सहित कई तरह के मिशन में एएलएच ध्रुव की ऑपरेशनल वर्सेटिलिटी, फुर्ती और भरोसे को दिखाएगी। तमिलनाडु के सुलूर में 2005 में बनी सारंग एरोबैटिक टीम पांच ध्रुव हेलीकॉप्टर का बेड़ा चलाती है। पिछले कुछ सालों में इस टीम ने कई बड़े अंतरराष्ट्रीय एयर शो में हिस्सा लिया है।

# पाकिस्तान से आए हिंदुओं को गरिमापूर्ण जीवन की जगह भी दें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान से भारत आए अनुसूचित जाति के हिंदुओं की दुर्दशा पर गंभीर टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि जब सरकार ने इन लोगों को नागरिकता दी तो उन्हें गरिमापूर्ण तरीके से रहने की जगह भी उपलब्ध करानी चाहिए। यह टिप्पणी दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में रहने वाले इन शरणार्थियों के विस्थापन के खतरे के बीच आई है, जहां सिग्नेचर ब्रिज के पास उनका कैंप है।

दरअसल, ये लोग पाकिस्तान से



धार्मिक उत्पीड़न से बचकर भारत आए थे। ज्यादातर अनुसूचित जाति के हिंदू हैं और यहां झुग्गी-झोपड़ी में रहते हैं। कइयों को नागरिकता मिल चुकी है, जबकि कुछ के आवेदन प्रक्रिया में हैं। दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी (डीडीए) और अन्य एजेंसियां यमुना फ्लडप्लेन पर अवैध कब्जे के नाम पर उन्हें हटाने की तैयारी कर रही थीं। दिल्ली हाईकोर्ट ने मई 2025 में एक फैसले में हटाने का रास्ता साफ किया था, जिसके खिलाफ ये लोग सुप्रीम कोर्ट पहुंचे।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने केंद्र सरकार और डीडीए को नोटिस जारी किया और चार हफ्तों के अंदर जवाब मांग लिया। साथ ही, कोर्ट ने फिलहाल इन लोगों को विस्थापित करने की किसी भी योजना पर रोक लगा दी है।

# शशि थरूर ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट के राजनीतिकरण की निंदा की

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट के बढ़ते राजनीतिकरण की आलोचना करते हुए भारत, पाकिस्तान और बंगलादेश से जुड़े हालिया घटनाक्रमों को 'शर्मनाक' बताया और चेतावनी दी कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है। पाकिस्तान के भारत के खिलाफ 2026 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ग्रुप-चरण मैच का बहिष्कार करने के फैसले और बंगलादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान से जुड़े विवाद पर थरूर ने प्रतिक्रिया दी है कि खेल को राजनीतिक तनाव का शिकार बनने के बजाय जोड़ने वाली शक्ति के रूप में काम करना चाहिए।

# वीएसआर वेंचर्स के विमान दुर्घटना की जांच अंतिम चरण में

## बारामती हादसे के बाद देरी पर उठ रहे थे सवाल

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

विमानन जांच एजेंसी (एएआईबी) ने सोमवार को कहा कि सितंबर 2023 में मुंबई हवाई अड्डे पर वीएसआर वेंचर्स के स्वामित्व वाले लेयरजेट 45 विमान की लगभग तीन साल पुरानी दुर्घटना की जांच अंतिम चरण में है। 28 जनवरी को बारामती में हुए विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में वीएसआर वेंचर्स के स्वामित्व वाला एक लेयरजेट 45 विमान भी शामिल था। बारामती विमान दुर्घटना के बाद से, एएआईबी द्वारा सितंबर 2023 में हुई दुर्घटना पर अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रकाशित करने में हुई देरी पर सवाल उठाए जा रहे हैं, जिसमें कंपनी के इसी तरह के मॉडल के विमान शामिल थे। इस पृष्ठभूमि में, एएआईबी ने कहा कि जांच टीम ने उस दुर्घटना से संबंधित सभी सबूतों और अन्य दस्तावेजों का विश्लेषण किया है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने एक बयान में कहा, 'जांच अंतिम चरण में है। जांच टीम सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की पूरी कोशिश कर रही है।

# राहुल गांधी को चीन सीमा के संबंध में कांग्रेस के पाप के लिए माफी मांगनी चाहिए: किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर वे बड़े परिवार में पैदा हुए हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे खुद को सदन से ऊपर समझेंगे। सदन की मयार्दा को बरकरार रखना होगा।

सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने पूर्व सैन्य प्रमुख नरवणे की किताब का जिक्र किया, जिसके बाद सदन में जोरदार हंगामा हुआ। दो बार कार्यवाही स्थगित हुई। तीसरी बार पूरे दिन के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी को पहले देश से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि चीन के पास जो भी जमीन गई, वह 1959 से पहले और कुछ हिस्सा 1962 में गया था। आज राहुल गांधी को पहले माफी मांगनी चाहिए। हम अपनी तरफ से राष्ट्रपति के अभिभाषण और दूसरे मामलों पर चर्चा करने के बाद सदन में आगे बढ़ना चाहते हैं। एक बड़े परिवार में पैदा होने से कोई भी सदन या नियमों से ऊपर नहीं हो जाता है।

उन्होंने कहा कि हम विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बर्ताव से बहुत निराश हैं। आज स्पीकर के फैसले के बावजूद, राहुल गांधी चेयर के फैसले को नहीं मान रहे थे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। जब चेयर कोई फैसला देता है, चाहे चेयरमैन हो या स्पीकर, हर सदस्य को उसका पालन करना होता है। लेकिन, राहुल गांधी ने स्पीकर के आदेश का उल्लंघन करके अपनी ही गरिमा को कम किया है। राहुल गांधी को चीन-भारत सीमा के बारे में बात करने का कोई हक नहीं है क्योंकि हमने 1959 और 1962 में भारतीय क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा खो दिया था।


**DEV MEDICARE CHEMIST**

Your Trusted Medical Store

SECTOR 7, FARIDABAD

Allopaathic & Ayurvedic Medicine

BP & sugar Mechines, Thermometers, Oximeters

DISCOUNT ON VARIOUS MEDICINES

Surgical Items, Baby Products, Health Supplements

Wide Range of Cosmetics

ORDER NOW - 9650518651 (Call/Whatsapp)

Hours: 8 AM to 10 PM

100% Genuine Medicines
Experienced Staff



**TARUN JEWELLERS**

TODAY BIS HALLMARK

92% Gold Rate ₹1,27,200/-

76% Gold Rate ₹1,05,900/-

Making Charges 8%

100% BUY BACK + EXCHANGE

MONDAY CLOSED

Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt, FBD

0129-3668332, 9990032657

## कैबिनेट मंत्री द्वारा विभिन्न यूनियनों के साथ बैठक, जायज मांगों को पूरा करने का भरोसा



**भेदी नज़र, चंडीगढ़।** पंजाब के राजस्व एवं आवास निर्माण व शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने आज विभिन्न यूनियनों के साथ मैराथन बैठकें कीं। पंजाब भवन में आयोजित इन बैठकों में रेवेन्यू पटवार यूनियन, कानूनगो यूनियन, साझा मुलाजम मंच पुड्डा और ऑल इंडिया अतिवाद पीड़ित एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने विभिन्न मीटिंगों के दौरान कैबिनेट मंत्री ने भरोसा दिलाया कि उनकी हर जायज मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राजस्व मंत्री ने विभिन्न एसोसिएशनों और यूनियनों द्वारा रखी गई मांगों को ध्यान से सुना। उन्होंने बताया कि जो मांगें विभागीय स्तर पर हल हो सकती हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द निपटाया जाएगा। वहीं जो मांगें मुख्यमंत्री या वित्त विभाग के स्तर पर हल होनी हैं, उन्हें पूरा करने के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के साथ बैठक की जाएगी। राजस्व मंत्री ने पटवारी और कानूनगो एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से कहा कि अपनी ड्यूटी निभाते हुए अच्छा प्रदर्शन करने वाले पटवारियों और कानूनगोओं को सरकार द्वारा सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे अपना काम पूरी लगन, ईमानदारी और जिम्मेदारी से करें। इसके अलावा साझा मुलाजम मंच, पुड्डा मोहाली के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इन कर्मचारियों को पेंशन स्कीम का लाभ देने के मामले को जल्द ही मुख्यमंत्री के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। ऑल इंडिया अतिवाद पीड़ित एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा रखी गई मांगों के बारे में कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि आतंकवाद से प्रभावित परिवारों की सहायता, सुरक्षा और पुनर्वास पंजाब सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिया कि एसोसिएशन द्वारा रखी गई जायज मांगों पर संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर गंभीरता से विचार किया जाएगा और उनके समाधान के लिए हर संभव और उचित कदम उठाए जाएंगे। मीटिंग के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव-कम-वित्त आयुक्त (राजस्व) अनुराग वर्मा तथा आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव विकास गर्ग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## तीन बच्चों की मां ने दी जान घर के बाहर खेल रहे थे बच्चे

**भेदी नज़र, लुधियाना।** लुधियाना के शिवाजी नगर इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब एक महिला ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। घटना का पता उस समय चला जब उसका पति काम पर से घर लौटा। शव लटकता देख उसके होश उड़ गए। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने के बाद थाना डिवीजन तीन की पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक महिला की पहचान शीला देवी (30) के रूप में हुई है। जब शीला ने फंदा लगाया उसके बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। घर में अकेली शीला ने फंदा लगा लिया। पुलिस मामले की जांच के बाद शव पोस्टमार्टम करा शव परिवार को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार शीला देवी अपने पति और देवर के साथ किराए के घर में रहती है। वह पिछले पांच वर्षों से इलाके में रह रहे हैं। मृतका तीन बच्चों की मां थी। पति दिलखुश फैक्टरी में करता है। दिलखुश और उसका भाई अपने-अपने काम पर गए हुए थे। शीला अपने तीनों बच्चों के साथ घर पर थी। तभी शीला ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। सूचना मिलने के बाद थाना डिवीजन तीन की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। पति से पूछताछ की जा रही है, वहीं इलाके के लोगों से भी महिला और उसके पति के रिश्तों को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। महिला का मोबाइल भी पुलिस चेक कर रही है। थाना डिवीजन तीन के एसएचओ इंस्पेक्टर नरदेव सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध है। जांच की जा रही है और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## परिवार कर रहा था बेटे की शादी की तैयारी, हरियाणा का दोस्त भी मारा गया

**भेदी नज़र, राजपुरा।** पटियाला के राजपुरा से बेहद दुखद खबर आई है। राजपुरा के फोकल प्वाइंट स्थित स्टार एन्क्लेव के युवक की ऑस्ट्रेलिया में नदी में डूबने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान सचिन (31) के तौर पर हुई है। सचिन के साथ उसका दोस्त भी पानी में डूब गया और उसकी भी मौत हो गई। सचिन का दोस्त हरियाणा के इंद्री निवासी साहिल था। सचिन सिडनी से ग्लैनिफर कस्बे के पास कॉफ्स हार्बर शहर में दोस्त और मंगेतर के साथ घूमने आया था। यहां नदी में नहाते समय सचिन और साहिल पानी में डूब गए और दोनों की मौत हो गई। सचिन ऑस्ट्रेलिया में अपनी बहन के पास रह रहा था। वहीं, साहिल एक आईटी प्रोफेशनल के तौर पर काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि साहिल की पत्नी सात महीने की गर्भवती है। सचिन के परिवार का कहना है कि बुधवार को उसका शव राजपुरा पहुंचेगा। जानकारी के अनुसार सचिन इसी महीने ऑस्ट्रेलिया से राजपुरा आने वाला था। घरवाले बेटे की शादी की तैयारी में जुटे थे। लेकिन बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सचिन के पिता अमरीश खिलन ने बताया कि सचिन साल 2019 से ऑस्ट्रेलिया में काम कर रहा था। सचिन की मंगनी हो चुकी थी और उसकी मंगेतर भी ऑस्ट्रेलिया में रहती है। 25 जनवरी को छुट्टी के दिन सचिन अपने बचपन के दोस्त साहिल और मंगेतर के साथ घूमने गया था। सिडनी से ग्लैनिफर में सचिन और साहिल नदी में नहाने उतर गए। पानी की गहराई का पता न होने की वजह से दोनों डूब गए। इसी बीच सचिन की मंगेतर दोनों को बचाने की कोशिश भी की लेकिन वह उन्हें बचा नहीं पाई। अमरीश खिलन का कहना है कि 23 जनवरी को सचिन से आखिरी बार बात हुई थी। उसके दो दिन बाद यह दुखद हादसा हो गया। सचिन की डेड बॉडी भारत लाने में ऑस्ट्रेलिया की एनजीओ की तरफ से मदद की जा रही है, सचिन का शव बुधवार को राजपुरा पहुंचने की उम्मीद है।

## किसान नेता डल्लेवाल पुलिस हिरासत में

**भेदी नज़र, जालंधर।** जमशेर खास में प्रस्तावित बायो-गैस/बायो-फ्यूल प्लांट के विरोध में किसानों की तरफ से दिया जा रहा आखिरकार साढ़े चार घंटे बाद खत्म हो गया। सुबह किसान अमृतसर-दिल्ली हाईवे जाम करने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद किसान सोफी पिंड रोड पर धरने पर बैठ गए और सरकार व प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के प्रदेश अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल को पुलिस ने हिरासत में लिया है। डल्लेवाल जालंधर में चल रहे किसानों के धरने में शामिल होने जा रहे थे। तभी उन्हें मुक्तसर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। डल्लेवाल को थाना सदर ले जाया गया। किसान यूनियन सिद्धूपुर के नेताओं ने मांग उठाई कि प्लांट को आबादी से दूर शिफ्ट किया जाए, क्योंकि इससे आसपास के लोगों की सेहत और पर्यावरण को खतरा हो सकता है। मौके पर पहुंचे एडीसीपी हरविंदर गिल ने किसानों से बातचीत कर माहौल शांत करवाया। धरने के दौरान नगर निगम की जॉइंट कमिश्नर मनदीप कौर भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। यदि निगम के पास उपयुक्त जमीन उपलब्ध हुई तो प्लांट को दूसरी जगह शिफ्ट करवाया जाएगा। इस मामले में 5 फरवरी तक फैसला लेने का भरोसा दिया गया। आश्वासन मिलने के बाद किसान धरने से उठ गए, लेकिन साफ चेतावनी दी कि यदि तय तारीख तक कोई समाधान नहीं निकला, तो वे फिर से हाईवे जाम करेंगे। प्लांट को लेकर स्थानीय लोग, किसान और कुछ नेता लगातार चिंता जता रहे हैं। उनका कहना है कि प्लांट के लिए दो गेट बनाए जा रहे हैं, जिनमें से एक गेट मंडी की तरफ बन रहा है। किसानों के अनुसार यह फैसला गलत है और इससे मंडी की गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। उन्होंने मांग की है कि इस गेट का निर्माण तुरंत रोका जाए।

# 116 हथियारों समेत गिरफ्तार पंजाब के छह जिलों को केंद्र सरकार से विशेष राहत की आस

### विशेष डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने मोहाली में विशेष नाकों का किया निरीक्षण

**भेदी नज़र, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निदेर्शों पर पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए दो हफ्ते पहले शुरू की गई निर्णायक मुहिम गैंगस्टरां ते वार के तहत पंजाब पुलिस ने अब तक पूरे राज्य में 14,382 स्थानों पर छापेमारी करके 4,233 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें गैंगस्टर और उनके साथ जुड़े अपराधी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, गैंगस्टरां ते वार- पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक मुहिम है, जिसकी शुरूआत डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा 20 जनवरी, 2026 को की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से



सभी जिलों की पुलिस टीमें गैंगस्टरों के साथियों के चिह्नित और मैप किए गए ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। गैंगस्टरां ते वार मुहिम के हिस्से के रूप में सोमवार को इंस्पेक्टरों/डीएसपी की निगरानी में सुचारू समन्वय वाले मजबूत नाके लगाए गए और राज्य भर में वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की व्यापक जांच की गई।

विशेष डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने मोहाली के गोडरेज चौक पर नाके का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि पुलिस टीमों ने गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्जे से 116 हथियार, 262 जिंदा कारतूस और 23 मैगजीन बरामद की हैं।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, 2,311 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई शुरू की गई है, जबकि 4,008 व्यक्तियों को पूरी तफ्तीश और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने पिछले 14 दिनों में 283 भगोड़े अपराधियों (पी.ओ.) को भी गिरफ्तार किया है। आज मुहिम के 14वें दिन, पुलिस टीमों ने 613 छापेमारियोंह्लह्ल के बाद 172 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जबकि 159 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई और नौ भगोड़े अपराधियों (पीओ) को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा कि लोग गुप्त रूप से वांछित अपराधियों/गैंगस्टरों के बारे में एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर - 93946-93946 के माध्यम से रिपोर्ट कर सकते हैं और किसी भी प्रकार के अपराध तथा आपराधिक गतिविधियों के बारे में सूचना/जानकारी भी साझा कर सकते हैं।

## शादी वाले घर में फायरिंग, गोली लगने से डीजे वाले की मौत

**भेदी नज़र, जलालाबाद**

जलालाबाद में शादी समारोह के दौरान उस समय दहशत का माहौल बन गया जब वहां गोली चल गई। गोली लगने से युवक की मौत हो गई। दरअसल विवाद शादी समारोह में डांस के दौरान हुआ।

डांस कर रही युवतियों पर नोट फेंकने को लेकर बहस हो गई और गोली चलने से डीजे बजाने आए युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कर्मजीत सिंह निवासी गांव घुबाया के तौर पर हुई है। जलालाबाद के बाहमणी वाला फाटक निवासी गुरमीत कौर ने बताया कि उसके बेटे की शादी थी। वह शादी समारोह के लिए गांव गुमानीवाला के नजदीक पैलेस में गए थे। जब डोली लेकर वापस घर लौटे तो घर में नाच गाना चल रहा था। परिवार की लड़कियां नाच रही थी। इसी दौरान पड़ोस से आए युवकों ने लड़कियों पर नोट फेंकना शुरू कर दिए। आरोपी युवकों को ऐसा करने से मना किया गया। इसी



बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद आरोपी युवक अपने साथियों सहित उनके घर पर आ गए। आरोपियों ने ईंट-पत्थर से हमला कर गाड़ियों में तोड़फोड़ की और जमकर बवाल किया। इस दौरान आरोपी युवकों ने फायरिंग भी की। डीजे वाले के साथ आए एक युवक को गोली लग गई। बताया जा रहा है कि 300 रुपये पर मजदूरी के लिए नोट उठाने के लिए कर्मजीत सिंह डीजे वाले के साथ आया हुआ था। जिसे गोली लगी है। गोली लगने से घायल हुए कर्मजीत सिंह को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे फरीदकोट रेफर कर दिया। जहां पर उसकी मौत हो गई।

## महिला ने मोदी और डेरा सच्चखंड बल्लां प्रमुख को कहे अपशब्द

**भेदी नज़र, जालंधर**

जालंधर की महिला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डेरा सच्चखंड बल्लां के प्रमुख संत निरंजन दास को लेकर आपत्तिजनक शब्द कह दिए। महिला ने सोशल मीडिया पर जमकर भड़ास निकाली। जालंधर के आदमपुर इलाके की महिला ने इस संबंध में वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया था, जिसके बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। महिला की पहचान हरजीत कौर, निवासी गांव जड़ूसिंघा के रूप में हुई है।

वीडियो में महिला ने प्रधानमंत्री के जालंधर दौरे को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि सुरक्षा इंतजामों के कारण सड़कों को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। उसने आरोप लगाया कि हर तरफ बैरिकेडिंग की गई है और लोगों को आने-जाने नहीं दिया जा रहा। महिला ने वीडियो में कहा कि उसकी बेटी रात से बीमार है और उल्टियां कर रही हैं, लेकिन स्कूटी में तेल तक नहीं है, क्योंकि आदमपुर इलाके की सभी सड़कें बंद कर दी गई हैं। उसने आरोप लगाया कि सड़कों के साथ-साथ दुकानें भी बंद करवा दी गईं, यहां तक कि मेडिकल स्टोर तक नहीं खुलने दिए गए। महिला ने सवाल उठाया कि यदि ऐसे हालात में किसी को आपात स्थिति में इलाज की जरूरत पड़ जाए तो वह कहां जाए और कैसे जाए। वीडियो में महिला ने पुलिस प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाए और कहा कि पुलिस किसी की बात नहीं सुन रही और लोगों को निकलने नहीं दे रही।

वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद आदमपुर इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। विभिन्न संगठनों के लोग और स्थानीय निवासी आदमपुर पुलिस थाने पहुंच गए और महिला के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।


## विजिलेंस ब्यूरो ने क्लर्क को 2700 रुपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया

**भेदी नज़र, चंडीगढ़**

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाई मुहिम के दौरान, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, बठिंडा में तैनात क्लर्क डेविड को 2700 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आज यहां राज विजिलेंस ब्यूरो के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त आरोपी को कन्हैया नगर, जिला बठिंडा के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता एजेंट राजा मित्तल के दफ्तर में एक दिहाड़ीदार के रूप में काम करता है और आरटीओ बठिंडा से संबंधित कार्य संभालता है। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपी आरटीओ बठिंडा में वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) की ऑनलाइन सत्यापन की ड्यूटी निभा रहा था। लेकिन आरोपी शिकायतकर्ता की फाइलों



का सत्यापन नहीं कर रहा था और उन फाइलों का सत्यापन करवाने के लिए प्रति फाइल 300 रुपये की मांग कर रहा था।

आरोपी ने शिकायतकर्ता को बठिंडा के बस स्टैंड पर बुलाया और 2100 रुपये रिश्वत के रूप में लिए तथा फिर गैर-कानूनी रिश्वत के रूप में 3000 रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता रिश्वत देना नहीं चाहता था, जिसके कारण उसने विजिलेंस ब्यूरो यूनिट, बठिंडा से संपर्क किया। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद, विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया, जिसमें आरोपी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 2700 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

इस संबंध में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विजिलेंस ब्यूरो थाना बठिंडा में मामला दर्ज कर लिया गया है और इस मामले की आगे की जांच जारी है।

## राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग चैंपियन पूजा रानी का घर भी ढहाया

**भेदी नज़र, बरनाला।** बरनाला इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट ने शुक्रवार को अपनी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए झुग्गियों को गिरा दिया। इस कार्रवाई में राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग चैंपियन पूजा रानी का घर भी तोड़ दिया गया। पूजा रानी के परिवार समेत करीब 60 परिवार दशकों से यहां झुग्गियों में रह रहे थे। 20 वर्षीय पूजा रानी ने अगस्त 2023 में झारखंड के रांची में आयोजित राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में अंडर-65 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद जुलाई 2025 में छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उन्होंने रजत पदक हासिल किया। सीमित संसाधनों और बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के पूजा ने जिला और राज्य स्तर पर भी कई पदक जीते हैं। पूजा रानी ने बताया कि उनका परिवार वर्षों से यहां रह रहा था और प्रशासन की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बिना किसी इंतजाम के उनकी झुग्गी तोड़ दी गई।

## 2026 में पंजाब को नजरअंदाज करना लोकतंत्र और संघवाद के लिए बड़ा खतराः वित्त मंत्री

**भेदी नज़र, चंडीगढ़**

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर केंद्रीय बजट 2026 में पंजाब की जरूरतों और कुर्बानियों को पूरी तरह नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बजट में कहीं भी पंजाब का कोई जिक्र नहीं है और न ही लंबे समय से बकाया पड़े 8,500 करोड़ रुपये के ग्रामीण विकास फंड (आरडीएफ) का कोई हवाला दिया गया है।

बजट-2026 को शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, गरीब, व्यापारी और पंजाब की सुरक्षा विरोधी करार देते हुए पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का बोझ उठाने, बार-बार प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने और आरडीएफ से संबंधित जिम्मेदारियों को निभाने के बावजूद पंजाब को एक बार फिर



अपने स्तर पर सभी प्रबंध करने के लिए मजबूर किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में आम लोगों के लिए कोई राहत नहीं है और लगातार 12वें साल भी केंद्र की ओर से कोई ठोस सहायता नहीं दी गई।

आज यहां पंजाब भवन में मीडिया से बातचीत करते हुए पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह बजट देश के लिए बेमिसाल कुर्बानियां देने वाले राज्य पंजाब को विकास की पटरी से उतारने की जानबूझकर की गई कोशिश है। उन्होंने कहा, केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा की मानसिकता देश के लोकतंत्र और खासकर पंजाब के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है। केंद्रीय बजट 2026 शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों, गरीबों, व्यापारियों तथा पंजाब की सुरक्षा विरोधी है। इस बजट के माध्यम से, देश के लिए बेमिसाल कुर्बानियां देने वाले पंजाब के विकास की पटरी से उतारने की एक साजिश रची गई है।

वित्त मंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए लगातार 12वें बजट में पंजाब को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री को दिए गए मेमोरेंडम को अनदेखा किया गया। उन्होंने कहा कि पंजाब देश के लिए सीना तानकर खड़ा होता आया है, पंजाब ने केंद्रीय फूड पूल में अपना योगदान कभी कम नहीं किया, बल्कि हर साल बढ़ाया है।

## पूर्व मंत्री को आय से अधिक संपत्ति मामले में उच्चतय न्यायालय ने दी जमानत

**भेदी नज़र, चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के सीनियर नेता और यूथ अकाली दल के प्रेसिडेंट बिक्रम सिंह मजीठिया को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। उच्चतम न्यायालय ने मजीठिया को आय से अधिक संपत्ति के मामले में जमानत दे दी है। पार्टी के प्रवक्ता अर्शदीप सिंह कलेर ने वीडियो जारी कर यह जानकारी दी। मुख्य न्यायाधीश की बेंच ने कहा कि मामले की जांच पर्याप्त रूप से आगे बढ़ चुकी है और इस चरण पर मजीठिया को हिरासत में रखने का औचित्य नहीं बनता। अदालत ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी लागू की हैं, जिनका पालन करना मजीठिया के लिए अनिवार्य होगा। बिक्रम मजीठिया की जमानत पर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि जमानत मिलना कोई बड़ी बात नहीं है। हमारे पास मजीठिया के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं।

## मोदी का दौरा पंजाब की सियासी फिजा बदलने का संकेत

**भेदी नज़र, जालंधर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां में आगमन केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है बल्कि यह पंजाब की राजनीति में गहरे सियासी संकेत भी छिपाए हुए है। मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने डेरा बल्लां में जाकर नतमस्तक होकर समुदाय के प्रति अपनी नजदीकी दिखाई है।

यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब पंजाब में दलित राजनीति, डेरों का सामाजिक प्रभाव और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपनी रणनीतियों पर काम कर रहे हैं। डेरा सचखंड बल्लां को रविदासिया समुदाय का प्रमुख धार्मिक और सामाजिक केंद्र माना जाता है जिसका प्रभाव जालंधर और दोआबा क्षेत्र की राजनीति पर गहरा है। इस क्षेत्र में अनुसूचित जाति (दलित) की आबादी लगभग 32 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है।

रविदासिया समुदाय का प्रभाव यहां निर्णायक होता है और ऐतिहासिक रूप से यह समुदाय किसी एक राजनीतिक दल के साथ स्थायी रूप से नहीं जुड़ा रहा है। समय-समय पर इसका समर्थन कांग्रेस, अकाली दल और हाल में आम आदमी पार्टी को मिलता रहा है जबकि भाजपा की उपस्थिति धीरे-धीरे बढ़ी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन सीमित था लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने कुछ बढ़ोतरी दर्ज की। भाजपा की नजर अब दोआबा क्षेत्र की उन विधानसभा सीटों पर है जहां दलित और रविदासिया मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। पंजाब में भाजपा और दलित राजनीति का रिश्ता हमेशा सीमित रहा है, लेकिन पार्टी ने कई दलित चेहरों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश की है।

## तीन महीने बाद दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**भेदी नज़र, जगरांव।** जगरांव में अखाड़ा नहर के नजदीक ख्वाजा पीर की जगह पर सेवा कर लौट रहे बाइक सवार से हुई लूट के मामले में पुलिस ने तीन महीने बाद दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। अब इसे पुलिस की कामयाबी कहें या फिर सुस्त कार्रवाई। आरोपी का सुराग मिलने के बावजूद भी उसे पकड़ने में तीन महीने का समय लग गया। पुलिस इसे अपनी सफलता बता रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुखप्रीत सिंह उर्फ सुक्खा, उर्फ कट्टा निवासी हांस कला के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटी गई रकम में से महज 1000 रुपये बरामद करने का दावा किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि करीब तीन महीने पहले पीड़ित जगमेल सिंह ख्वाजा पीर पर सेवा करने के बाद अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही वह बाइक पर बैठा, दो बाइक सवार बदमाशों ने उसे घेर लिया। पीछे बैठे आरोपी ने तेजधार हथियार दिखाकर धमकाया कि जो है, निकालकर दे दे।

## देश की एकता और संप्रभुता के लिए बलिदान देने में हमेशा अग्रणी रहा है पंजाब: मुख्यमंत्री

**भेदी नज़र, चंडीगढ़**

नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने देश की एकता और संप्रभुता में राज्य के अद्वितीय योगदान, बहादुरी, भाईचारे की मजबूत भावना, शानदार विरासत और भारत के खड़गभुजा एवं अन्नदाता के रूप में पंजाब के अमूल्य योगदान का जिक्र किया। आज यहां नेशनल डिफेंस कॉलेज के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पंजाब ने भारतीय सशस्त्र बलों को जांबाज फौजी अधिकारी और बहादुर जवान दिए हैं, जिन्होंने हमेशा मोर्चे पर रहकर देश के लिए शहादतें दी हैं। उन्होंने कहा, यह जानकर खुशी हुई कि नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली द्वारा 2 से 6 फरवरी तक पंजाब का दौरा किया जा रहा है।

राज्य में पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल का



स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ह्लयह सामाजिक-राजनीतिक अध्ययन दौरा पंजाब के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और अन्य क्षेत्रों को समझने और सीखने का एक अनूठा प्रयास है।

राज्य की पवित्र और उपजाऊ धरती पर प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लराज्य सरकार आपकी मेजबानी करके गर्व महसूस कर रही है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि पंजाब महान गुरुओं, पीरों, संतों, पैगंबरों और शहीदों की धरती है और इसे योद्धाओं तथा मेहनतकश लोगों की भूमि के रूप में जाना जाता है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, राज्य के नौजवान सीमाओं की रक्षा करते हैं और हमारे किसान देश का पेट भरते हैं, इसी कारण पंजाब को भारत का अन्नदाता और खड़गभुजा के रूप में सम्मान प्राप्त है। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लपंजाब के किसान देश के अनाज उत्पादन में सबसे अधिक योगदान देते हैं और राष्ट्रीय पूल में 40 प्रतिशत अनाज इसी राज्य द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने आगे कहा, पंजाब के बहादुर सैनिकों ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपनी जानें कुर्बान की हैं और यह अटल एवं स्पष्ट सत्य है कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में पंजाबियों ने सबसे अधिक बलिदान दिए हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पंजाब एक शांतिपूर्ण राज्य है जहां शांति, प्रेम और भाईचारे की भावना इतनी मजबूत है कि यहां नफरत के बीज नहीं पनप सकते।

मुख्यमंत्री ने कहा, सीमावर्ती राज्य होने के बावजूद, पंजाब कभी भी सांप्रदायिकता में बंटा नहीं। इसके बजाय कठिन घड़ी में पंजाबियों ने दुनिया के सामने भाईचारे और सद्भावना की शानदार मिसालें पेश की हैं। उन्होंने आगे कहा, पवित्र शहर अमृतसर को सरब-सांझीवालता का प्रतीक माना जाता है और गुरुओं द्वारा बसायी यह धरती हरिमंदिर साहिब, दुर्गियाना मंदिर, भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल, जल्लियांवाला बाग और अन्य पवित्र स्थानों का घर है।

## सड़क हादसों में होने वाली मौतों में 50% की कमी

**भेदी नज़र, चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि सड़क सुरक्षा फोर्स को दो साल पूरे हो गए हैं और फोर्स के कारण सड़क हादसों में होने वाली मौतों में लगभग 50 फीसदी की कमी आई है। मान ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर कहा कि यह फोर्स मात्र 5 से 7 मिनट के अंदर हादसे वाली जगह पर पहुंचने के साथ घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि इस पहल को अपनाने के लिए दूसरे राज्य भी हमसे संपर्क कर रहे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा कि साल 2023 में पंजाब के हाईवे पर एक्सीडेंट में 1,955 मौतें हुई थीं। साल 2024 में यह आंकड़ा तेजी से घटकर 1,016 हो गया है जिसका मतलब है कि एसएसएफ के तेज और प्रोफेशनल रिस्पॉन्स की वजह से सिर्फ एक साल में 940 कीमती जानें बचाई गई हैं।

# जनसेवा तभी संभव जब जनप्रतिनिधि शारीरिक रूप से हों स्वस्थ: विजेन्द्र गुप्ता

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।



दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि स्वस्थ जनप्रतिनिधि ही सशक्त संस्थानों की नींव होते हैं और बेहतर जनसेवा सुनिश्चित करते हैं।

गुप्ता ने सोमवार को संत परमानंद अस्पताल में दिल्ली विधानसभा के वर्तमान विधायकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। यह स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम सोमवार (02 फरवरी) से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा और इसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की वर्तमान स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि यह पहल दिल्ली विधानसभा के सभी सदस्यों के साथ संवाद और सहमति के माध्यम से एक नई शुरूआत के रूप में आरंभ की गई है। उन्होंने कहा कि आज से औपचारिक रूप से वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन पांच विधायक अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएंगे। उन्होंने इस पहल को एक सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को निरंतर जनता के बीच सक्रिय रहना पड़ता है, ऐसे में उनके लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रभावी जनसेवा तभी संभव है जब जनप्रतिनिधि शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सक्षम और भावनात्मक रूप से सकारात्मक हों।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यक्रम दो सप्ताह तक चलेगा और प्रतिदिन पाँच विधायक उत्साहपूर्वक इसमें भाग लेंगे। उन्होंने विशेष रूप से 40 वर्ष की आयु के बाद नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस आयु वर्ग में निवारक स्वास्थ्य देखभाल और भी अधिक आवश्यक हो जाती है।

गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में प्रारंभ किया गया यह स्वास्थ्य परीक्षण जागरूकता अभियान एक अनूठी पहल है। उन्होंने हाल ही में लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय विधानसभा अध्यक्ष सम्मेलन का उल्लेख करते हुए बताया कि वहाँ इस विषय पर चर्चा हुई थी तथा दिल्ली विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने इस पहल की प्रस्तुति दी थी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों की विधानसभाओं के अध्यक्षों ने दिल्ली मॉडल में गहरी रुचि दिखाई और कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दिल्ली विधानसभा द्वारा की गई यह पहल देश की अन्य राज्य विधानसभाओं द्वारा भी अपनाई जाएगी। उन्होंने अन्य विधानसभाओं के अध्यक्षों से अपील की कि वे भी अपने-अपने राज्यों में निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम प्रारंभ करें, ताकि वे अधिक ऊर्जा, सामर्थ्य और प्रभावशीलता के साथ जनसेवा कर सकें।

# सुप्रीम कोर्ट को सरकार का स्पष्टीकरण 2025-26 सत्र में नहीं लागू होगा

नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।



दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की फीस नियंत्रित करने वाले नए कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। दिल्ली सरकार ने कोर्ट को बताया कि दिल्ली स्कूल एजुकेशन (ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस) एक्ट, 2025 को वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लागू नहीं किया जाएगा। यह कानून अब अगले शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगा।

शिक्षा निदेशालय की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने यह जानकारी दी। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कानून को शैक्षणिक सत्र के बीच में जल्दबाजी से लागू करने पर सवाल उठाए थे। कोर्ट ने कहा था कि ऐसा करने से स्कूलों और अभिभावकों को परेशानी हो सकती है और यह व्यावहारिक नहीं होगा। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने माना कि कानून का उद्देश्य अच्छा है। लेकिन, इसे सही समय पर लागू करना जरूरी है। सरकार के इस फैसले के बाद कोर्ट ने कहा कि अब इस पर दखल देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि सरकार ने समझदारी दिखाई है।

यह कानून प्राइवेट स्कूलों में फीस की मनमानी बढ़ोतरी रोकने के लिए बनाया गया है। इसके तहत हर स्कूल को फीस तय करने के लिए एक स्कूल लेवल कमेटी बनानी होगी। इस कमेटी में स्कूल प्रबंधन का प्रतिनिधि, प्रधानाचार्य, तीन शिक्षक, पांच अभिभावक और शिक्षा निदेशालय का एक प्रतिनिधि शामिल होगा।

कमेटी फीस के प्रस्ताव पर विचार करेगी और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा जिला स्तर पर अपील कमेटी भी होगी। कानून कैपिटेशन फीस वसूलने पर रोक लगाता है और अतिरिक्त शुल्क पर भी नियंत्रण रखता है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कानून की वैधता से जुड़ा मामला दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। अब आगे की सुनवाई और फैसला हाई कोर्ट ही करेगा।

# पटियाला हाउस कोर्ट ने गगनप्रीत को चार्जशीट की कॉपी सौंपी




नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।

दिल्ली के धौलाकुआं बीएमडब्ल्यू दुर्घटना मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी गगनप्रीत कौर को चार्जशीट की कॉपी उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। आरोपी गगनप्रीत कौर सोमवार को कोर्ट में पेश हुईं, जहां उन्होंने यह आदेश प्राप्त किया। कोर्ट ने यह निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तारीख 20 फरवरी तय की है। इस तारीख को चार्जशीट की विस्तृत जांच यानी स्क्रूटनी की जाएगी।

यह मामला पिछले साल 14 सितंबर 2025 को दिल्ली के धौला कुआं इलाके में हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना से जुड़ा है। उस दिन वित्त मंत्रालय में उप सचिव पद पर तैनात 52 वर्षीय नवजोत सिंह अपनी पत्नी संदीप कौर के साथ मोटरसाइकिल पर सवार थे। धौलाकुआं मेट्रो स्टेशन के पास गगनप्रीत कौर द्वारा चलाई जा रही बीएमडब्ल्यू कार ने तेज रफ्तार में उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में नवजोत सिंह को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सहित अन्य लोग भी घायल हुए थे।

दिल्ली पुलिस ने इस मामले में गगनप्रीत कौर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (जो हत्या के समकक्ष गैर-इरादतन हत्या से संबंधित है) के अलावा धारा 281, 125बी और 238ए के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### हत्या के मामले में फरार आरोपी आठ साल बाद धरा

**नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आठ साल पुराने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वर्ष 2018 में न्यू सीमा पुरी इलाके में चोरी के दौरान घर मालिक की गला घोंटकर हत्या कर दी थी और तभी से पुलिस की पकड़ से बाहर था। क्राइम ब्रांच के अनुसार 30 अक्तूबर 2018 की रात आरोपी अपने साथियों के साथ चोरी के इरादे से जबरन एक मकान में घुसा था। चोरी के दौरान घर का मालिक संजय जाग गया, जिसके बाद आरोपी और उसके साथियों ने पकड़े जाने के डर से संजय का गला घोंट दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी लगातार ठिकाने बदलता रहा।

# निजी अस्पतालों की 'लूट' पर राज्यसभा में गरजीं स्वाति मालीवाल

## 'इलाज नहीं, यहां सिर्फ बिलिंग चल रही है'

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।



देश में निजी अस्पतालों की मनमानी और स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर हो रही 'व्यावसायिक लूट' का मुद्दा आज संसद में गूंजा। दिल्ली से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने शून्यकाल के दौरान निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच चल रहे कथित गठजोड़ पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने सरकार से मांग की कि 'क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट' को पूरे देश में अनिवार्य रूप से लागू किया जाए ताकि मरीजों को राजस्व का साधन समझने की मानसिकता पर लगाम लग सके।

सदन को संबोधित करते हुए स्वाति मालीवाल ने कहा कि आज निजी अस्पताल सेवा केंद्र के बजाय फाइव स्टार होटल बन गए हैं। उन्होंने तीखा तंज कसते हुए कहा, ₹अस्पतालों में डीलक्स, प्रीमियम और सुइट जैसे कमरों का किराया बड़े होटलों से भी अधिक वसूला जा रहा है। विडंबना यह है कि जब कोई मरीज आपात स्थिति में पहुंचता है, तो डॉक्टर उसकी नब्ज टटोलने से पहले यह पूछते हैं कि बीमा है या नहीं और जेब में पैसे कितने हैं।

### मंडोली जेल से रची गई टारगेट किलिंग की साजिश नाकाम

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर इरफान उर्फ छेनू पहलवान द्वारा मंडोली जेल से रची गई टारगेट किलिंग की साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया। पुलिस ने छेनू पहलवान समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बड़े अपराध को अंजाम दिए जाने से पहले ही रोक दिया। आरोपी एक अहम गवाह की हत्या की योजना बना रहे थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। स्पेशल सेल के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर शास्त्री पार्क इलाके में जेपीसी अस्पताल के पास छापेमारी कर चौहान बांगर निवासी 22 वर्षीय अदीब को गिरफ्तार किया गया।

### एआई सम्मेलन को लेकर निगम ने सफाई के निर्देश दिए

**नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।** दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वैश्विक शिखर सम्मेलन को लेकर सोमवार को दिल्ली नगर निगम की टीमों ने विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। नजफगढ़ जोन के उपायुक्त सुमित कुमार ने निगम अधिकारियों के साथ आईजीआई एयरपोर्ट, महिपालपुर वार्ड का निरीक्षण किया। इसमें निगम की स्थायी समिति के सदस्य व महिपालपुर के पार्षद इंद्रजीत सेहरावत, एनएचएआई की टीम व क्षेत्रीय विभागों के अधिकारी शामिल हुए। उपायुक्त सुमित कुमार ने बताया कि एआई वैश्विक शिखर सम्मेलन को लेकर कई प्रमुख स्थानों की सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों के 24 घंटे रखरखाव, सुविधाओं की मरम्मत और रंगाई, सड़क सौंदर्यीकरण कार्यों के निर्देश दिए।

# जाम ने लोगों को किया परेशान कार्यालय पहुंचने में हुई देरी

## ज्यादातर मार्गों पर अव्यवस्था की वजह से यातायात बाधित हुआ

नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।

दिल्ली में सोमवार को कई मार्गों पर भीषण जाम लगा। सुबह के वक्त जाम में फंसने से लोग अपने कार्यालयों में देरी से पहुंचे। ज्यादातर मार्गों पर अव्यवस्था की वजह से यह स्थिति बनी। एमबी रोड और वजीराबाद रोड पर निर्माण व विकास कार्यों की वजह से यातायात व्यवस्था बिगड़ी रही। पश्चिम दिल्ली में लोहा मंडी फ्लाईओवर पर लोग जाम से जूझे। इस रोड पर लोगों ने अवैध पार्किंग की हुई थी, जिसकी वजह से यह स्थिति बनी।

राहगीर विकास के मुताबिक इस फ्लाईओवर पर रोज अवैध पार्किंग से यातायात बाधित होता है, लेकिन इस पर लगाम नहीं कसी जा रही। सुबह के वक्त जनकपुरी सिग्नल और विकास पुरी फ्लाईओवर पर भी लोगों का जाम से सामना हुआ। बुराड़ी मुख्य 100 फुट रोड और बुराड़ी चौक पर भी भयंकर जाम लगा रहा। कालिंदी कुंज रोड पर रोजाना की तरह जाम में फंसने पर लोगों ने सोशल मीडिया पर गुस्सा जाहिर किया। लोगों ने यातायात पुलिस के लिए लिखे पोस्ट में गुहार लगाई कि यहां पर यातायात प्रबंधन के लिए नियमित रूप से पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए। खानपुर टी-पॉइंट से हमदर्द टी-पॉइंट के बीच दोनों तरफ यातायात की स्थिति बिगड़ी रही। पहले से इस कार्य की सूचना लोगों को नहीं थी। हालात बिगड़ने पर दोपहर में यातायात पुलिस ने अपने एक्स हैंडल पर लोगों को वैकल्पिक मार्ग से जाने की सलाह दी।

### एकेडमिक सेशन 2026-27 से लागू होगा प्राइवेट स्कूलों की फीस से जुड़ा कानून

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों की फीस को रेगुलेट करने वाला कानून इस साल से लागू नहीं किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को इसकी जानकारी दी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से प्राइवेट स्कूलों की फीस तय करने वाले अपने कानून को अप्रैल 2026 तक टालने पर विचार करने को कहा था। दिल्ली सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि प्राइवेट स्कूलों की फीस को रेगुलेट करने वाला कानून मौजूदा साल से लागू नहीं किया जाएगा। सरकार ने सुप्रीम कोर्टको बताया कि इसे एकेडमिक सेशन 2026-27 से लागू किया जाएगा।

# राष्ट्रीय मांग दिवस पर देशभर में रेल कर्मियों ने जमकर किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।



ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन (एआईआरएफ) की ओर से आज 2 फरवरी को पूरे देश में 'राष्ट्रीय मांग दिवस' मनाया गया। इस दौरान विभिन्न रेलवे मंडलों, डिवीजनों व शाखाओं में रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन, गेट मीटिंग व धरना कार्यक्रम आयोजित कर अपनी लंबित मांगों को लेकर रेल मंत्रालय और केंद्र सरकार को चेतावनी दी। दिल्ली में नॉर्दर्न रेलवे के मुख्यालय बड़ौदा पर बड़ी संख्या में कर्मचारी एकत्र हुए और अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई।

एआईआरएफ के राष्ट्रीय महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि भारतीय रेल को चलाने में रेल कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर वर्ष सैकड़ों कर्मचारी ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मांगें रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकार किए जाने के बावजूद लागू नहीं की जा रही हैं, जबकि कुछ मामलों को जानबूझकर लंबित रखा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में 22 जनवरी को लखनऊ में हुए फेडरेशन के अधिवेशन में कर्मचारियों में भारी नाराजगी देखी गई। सरकार को सीधा संदेश देने का निर्णय लिया गया।

# दिल्ली पुलिस की सतर्क पेट्रोलिंग से बड़ी सफलता, 3 मोबाइल जब्त




नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।

दिल्ली पुलिस ने सतर्क पेट्रोलिंग से एक स्नैचर को छीने हुए मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है। हालांकि, दो आरोपी मौके से भागने में कामयाब हो गए, लेकिन पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एक प्रेस नोट जारी कर बताया कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए हर पुलिस स्टेशन के तहत कई पेट्रोलिंग टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों को अच्छे से ब्रीफ किया गया और उन्हें पूरी सतर्कता के साथ पेट्रोलिंग करने के लिए कहा गया, खासकर सुबह-सुबह, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। पेट्रोलिंग का मकसद सिर्फ अपराध रोकना नहीं है, बल्कि इलाके में सक्रिय अपराधियों पर लगातार नजर रखना भी है।

ऐसी ही एक पेट्रोलिंग के दौरान, 27 जनवरी को पीपी सिधिपुरा के कांस्टेबल प्रताप इलाके में रूटीन पेट्रोलिंग कर रहे थे। रानी झांसी रोड, मॉडल बस्ती रेड लाइट के पास, उन्होंने देखा कि एक मोटरसाइकिल कार से टकरा गई। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंचने लगी, तीनों बाइक सवार घबरा गए और भागने की कोशिश करने लगे।

कांस्टेबल प्रताप ने तुरंत उनका पीछा किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों में से एक को पकड़ लिया, जबकि बाकी दो मोटरसाइकिल लेकर भागने में सफल रहे। पकड़े गए युवक की पहचान रितिक उर्फ कलवा, उम्र 22 साल, निवासी नबी करीम, पहाड़गंज, दिल्ली के रूप में हुई।

रितिक की तलाशी लेने पर उसके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद हुए, जिससे उसके मोबाइल छीनने के मामलों में शामिल होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में रितिक ने बताया कि वह अपने साथियों वसीम और सलीम के साथ मिलकर लगभग 10-12 दिन पहले आनंद पर्वत इलाके से एक ग्रे रंग की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल चुराई थी।

# जेएनयू में हॉस्टल वार्डन को 48 घंटे के अंदर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश

## वार्डन फ्लैट से अवैध निर्माण न हटाने पर पद से हटाने की होगी कार्रवाई

नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन ने सभी हॉस्टल वार्डन को 48 घंटे के अंदर अवैध निर्माण हटाने के संबंध में निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालय के नियमों का उल्लंघन करने पर वार्डन के पद से भी हटाया जाएगा।

इसको लेकर विश्वविद्यालय के डीन छात्र कार्यालय ने सोमवार को सर्कुलर जारी कर दिया। सर्कुलर के अनुसार ऐसे देखने को मिला है कि कुछ हॉस्टल वार्डन विश्वविद्यालय के हॉस्टल परिसर के अंदर और आसपास अवैध निर्माण गतिविधियां अस्थायी और स्थायी तौर पर कर रहे है। विश्वविद्यालय ने समय-समय पर सभी कर्मचारियों को ऐसे कार्यों से बचने के निर्देश भी जारी किए। इस संबंध में पिछले वर्ष तीन दिसंबर को सर्कुलर भी जारी किया था उसके बावजूद अवैध निर्माण की सूचनाएं सामने आ रही है।

सभी वार्डन को निर्देश है कि वार्डन फ्लैट के अंदर और बाहर से कोई भी अवैध निर्माण 48 घंटे के भीतर हटाएं। विश्वविद्यालय के आवास आवंटन नियमों के अनुसार अवैध निर्माण पर पूरी तरह से रोक है। विश्वविद्यालय के नियमों का उल्लंघन करने पर वार्डन पद से हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी।

### कुलवंत सिंह गुरुद्वारा रकाबगंज के सह-अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कुलवंत सिंह को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब का सह-अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह फैसला कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में लिया गया। कुलवंत सिंह पहले गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, रानी गार्डन के मुख्य सेवादार के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। वरिष्ठ सदस्य सुखविंदर सिंह बब्बर की मौजूदगी में कुलवंत सिंह ने पदभार संभाला।

# केंद्रीय बजट 2026-27 दिल्ली के लिए विकास और रोजगार का उत्कृष्ट रोडमैप: मुख्यमंत्री

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय बजट 2026-27 को अगली पीढ़ी का बजट बताते हुए कहा कि यह बजट स्वास्थ्य, पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों को रोजगार सृजन से जोड़ता है और दिल्ली के समग्र विकास की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने केंद्रीय बजट 2026-27 को दिल्ली के लिए विकास और रोजगार का उत्कृष्ट रोडमैप बताया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बजट संतुलित है और इसमें देश की महिलाओं और युवाओं सहित हर वर्ग को अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में आया यह बजट आर्थिक मजबूती के साथ सामाजिक संतुलन का भी बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने वित्त मंत्री द्वारा बताए गए तीन कर्तव्यों की भी सराहना करते हुए कहा कि यह बजट युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग के लिए नए अवसर पैदा करेगा और भारत की प्रगति को नए आयाम तक ले जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह बजट तीन अहम जिम्मेदारियों पर आधारित है। पहली देश की आर्थिक गति को तेज करना और उसे स्थिर बनाए रखना। दूसरी, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए उनकी क्षमताओं को बढ़ाना, ताकि हर नागरिक विकास का हिस्सा बन सके और तीसरी, ह्यसबका साथ, सबका विकास के विचार को जमीन पर उतारना।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**कोच एम.एल.आर. कारखाना, झांसी**

**निविदा सूचना सं.:** T_25-26_Body_Repair/Notice **दिनांक:** 30.01.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कोच एम.एल.आर. कारखाना, झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदायें आंमत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्या:** T_25-26_Body_ Repair | **मात्रा:** एक कार्य |
| **कार्य का विवरण:** आईसीएफ प्रकार के कोचों मे जंग की मरम्मत संबंधी गतिविधियाँ। | |
| **निविदा मूल्य:** ₹ 3,72,87,590.46 (रूपये तीन करोड़ बहत्तर लाख सत्तासी हजार पाँच सौ नब्बे एवम छियालिस पैसे मात्र) | |

| | | |
|---|---|---|
| **बयाना राशि:** ₹ 3,36,400/- | **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह | **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0/- |

**नोट:-** (1) निविदा **दिनांक 28.02.2026** को **11:00 बजे** बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (2) निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। (3) ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की बेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का पत्राचार किया जायेगा। **221/26 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या:- वरि.म.बि.इजिं./चलस्टाक/वि.लो.शेड/कानपुर/2025-26/आर.ई.टी.-12 दिनांक: 30.01.2026** **ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता, चल स्टाक, उत्तर मध्य रेलवे, अनवरगंज, कानपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा में आमन्त्रित की जाती है, जो कि निविदा खुलने की तारीख एवं समय तक प्राप्त की जायेंगी। निविदा विवरण निम्न प्रकार है:

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.:** ELS-CNB-2025-26-RET-12, **कार्य का विवरण:** रिपेयर/रिकंडीशनिंग ऑफ ट्रैक्शन मोटर (6FRA6068) ऐस पर द लेटेस्ट स्पेसीफिकेशन्स यूस्ड इन थ्री फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव ऑफ ई.एल.एस./सी.एन.बी विथ मॉडीफाइड सेट ऑफ लेबिरिथ। | |
| **अनुमानित मूल्य (₹):** ₹ 23,50,55,008.80 (रू. तेईस करोड़ पचास लाख पचपन हजार आठ और अस्सी पैसे मात्र) | |
| **बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 13,25,300.00 (रू. तेरह लाख पच्चीस हजार तीन सौ मात्र) | |
| **कार्य सम्पादन की अवधि:** अट्ठारह महीने | **निविदा दस्तावेज की कीमत (₹)** शून्य |
| **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 23.02.2026 & 15:30 hrs. | |

**नोट:-** (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) www.ireps.gov.in पर खुलने की तिथि और समय तक उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट शेड्यूल पेज पर ही विचारणीय है। दरे तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी डाक्युमेंट/फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। (5) निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr. indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। (6) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **222/26 (MG)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# संपादकीय

# चुनाव से परे नई चुनौतियों का बजट

अक्सर केंद्र की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर आरोप लगाया जाता है कि वह चुनाव देखकर बजट बनाती है। मगर वर्ष 2026-27 के बजट में चुनावी घोषणाएं नहीं हैं। वर्ष 2014 से सत्ता में आई भाजपा आर्थिक सुधारों की दिशा में कदम उठाती दिखती है। नए बजट में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 4.3 प्रतिशत लाने की बात कर महंगाई पर नियंत्रण के लिए कुछ नए उपायों को दशार्या गया है।

सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी योजना 'वीबी-जी राम जी' के लिए 95000 करोड़ रु. और मनरेगा के लिए भी 30000 करोड़ रु. का प्रावधान किया है। आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने की सोच को आगे बढ़ाने में सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा की है। इसी के साथ 20 नए जल मार्ग बनाने की तैयारी है। बैटरी सस्ती कर मोबाइल, ई-वाहन क्षेत्र को मदद दी है। सूर्य ऊर्जा को बढ़ावा देने के उपाय किए हैं। क्षेत्र अनुसार बड़े टेक्सटाइल पार्क, चार दक्षिणी राज्यों में खनिज कॉरिडोर, तीन केमिकल पार्क का निर्माण किया जाएगा।

लघु उद्योगों को दस हजार करोड़ रु. की सहायता मिलेगी। इसके बीच ही हर बार केंद्रीय बजट में उछलता-कूदता शेयर बाजार नए कर से बड़ा झटका खा गया। उसने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के भाषण खत्म होते-होते 3000 अंकों का गोता लगा दिया। अंत में सेंसेक्स 1546.84 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। पूंजी बाजार पर यह असर वायदा कारोबार पर 'सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स' (एसटीटी) बढ़ाए जाने की घोषणा के कारण नजर आया।

हालांकि यह दुर्लभ संयोग ही था, जब बजट पेश होने की वजह से रविवार को शेयर बाजार खुला। सरकार का दावा है कि उसकी नीतियां औद्योगिक विकास को बढ़ाने के लिए हैं, जिसके लिए वह 350 से अधिक आर्थिक सुधार कर चुकी है। उसका मानना है कि तकनीक के माध्यम से देश में कला, डिजाइन, फैशन, फिल्म, संगीत और डिजिटल कंटेंट को वैश्विक स्तर पर विस्तार मिल रहा है।

वह देश में 'क्रिएटिव इकोनॉमी' के क्षेत्र में 'पर्सनल क्रिएटिविटी', 'स्किल' और 'इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी' को बढ़ावा देना चाहती है। जिसके लिए मुंबई के 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीस' को 15 हजार सेकेंड्री स्कूलों और 500 कॉलेजों में 'कंटेंट क्रिएटर लैब' स्थापित करने में मदद का प्रस्ताव दिया है। भारत में 'एनिमेशन', 'वजुअल इफेक्ट्स', 'गेमिंग' और 'कॉमिक्स सेक्टर' तेजी से बढ़ते क्षेत्र हैं, जिसमें वर्ष 2030 तक 20 लाख पेशेवर लोगों की जरूरत होगी। तकनीक के अलावा स्वास्थ्य का क्षेत्र सरकार की प्राथमिकताओं में है, जिसके लिए उसने बायो फार्मा सेक्टर को 10 हजार करोड़ देने का प्रावधान किया है।

वहीं मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों के लिए 36 दवाओं को सस्ता किया है। सरकार देश में मेडिकल हब बनाना चाहती है। वह तीन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान(एम्स) बनाने की भी तैयारी में है। आयकर में नई छूट न देते हुए उसने नया आयकर अधिनियम लागू कर कुछ राहत देने की घोषणा की है। निश्चित ही चुनावी दबाव नहीं होने से सरकार ने शेयर बाजार जैसे संवेदनशील क्षेत्र को छूने का प्रयास किया।

फिलहाल रविवारीय बजट में आराम से अधिक काम करने पर बल है, जिससे नए और विकसित भारत की कल्पना को बल मिल सकता है। कुछ अलग घोषणाओं से कहीं खुशी, कहीं गम स्वाभाविक है। किंतु आगे देखना होगा कि रोजगार और महंगाई पर बजट कितना असर दिखाता है।

# ज्ञान, स्क्रीन और संवेदना का संकट

(डॉ. सत्यवान सौरभ)



'ज्ञान बढ़ा पर भाव क्या, अब भी मन लाचार'—यह पंक्ति केवल एक दोहा नहीं, बल्कि इक्कीसवीं सदी के मनुष्य की सामूहिक आत्मस्वीकृति है। हमने जितना ज्ञान अर्जित किया है, उतना शायद मानव इतिहास के किसी भी कालखंड में नहीं किया गया। सूचनाएँ उँगलियों पर नाच रही हैं, दुनिया एक छोटे से स्क्रीन में सिमट आई है और विज्ञान ने जीवन को सुविधाओं की पराकाष्ठा तक पहुँचा दिया है। इसके बावजूद—या शायद इसी कारण—मनुष्य भीतर से पहले से अधिक असहाय, असंतुलित और बेचैन दिखाई देता है। आज का संकट ज्ञान के अभाव का नहीं, बल्कि विवेक, संवेदना और ठहराव के लुप्त होने का संकट है।

स्क्रीन की चकाचौंध ने केवल हमारी आँखों को नहीं, हमारी चेतना को भी प्रभावित किया है। मोबाइल, लैपटॉप और डिजिटल माध्यमों ने सूचना को लोकतांत्रिक तो बनाया, पर सोच को गहराई नहीं दी। हम पहले से कहीं अधिक पढ़ते हैं, पर पहले से कहीं कम समझते हैं। हम देखते बहुत हैं, पर महसूस कम करते हैं। हर पल अपडेट रहना आज सचेत होने की पहचान बन गया है, लेकिन इसी निरंतर अपडेट ने मनुष्य को भीतर से थका और खाली कर दिया है। सोशल मीडिया पर विचार नहीं, प्रतिक्रियाएँ जन्म लेती हैं। वहाँ ठहराव नहीं, केवल तात्कालिक उत्तेजना है। सच और झूठ, गंभीरता और सतहीपन, संवेदना और सनसनी—सब एक ही मंच पर समान महत्व के साथ परोसे जा रहे हैं। ऐसे वातावरण में सतविचार, जो समय, मौन और आत्मसंवाद से उपजते हैं, धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं।

आज का मनुष्य ऐसे समय में जी रहा है जहाँ संवाद लगातार हो रहा है, पर संवादहीनता भी उतनी ही गहरी है। मोबाइल के कक्ष में आवाजें चिल्ला रही हैं—कॉल, मैसेज, वीडियो, मीटिंग्स, रील्स—हर ओर शोर है। लेकिन इसी शोर के बीच मनुष्य अपने ही भीतर की आवाज सुनने की क्षमता खो बैठा है। बाहर की बातचीत बढ़ी है, भीतर का संवाद घटा है। जब भीतर की खामोशी को सुना नहीं जाता, तो वह धीरे-धीरे कुंठा, आक्रोश और असंतुलन में बदल जाती है। आज रिश्तों में बढ़ता तनाव, समाज में बढ़ती असहिष्णुता, ऑनलाइन अपमान और वास्तविक जीवन में बढ़ती असंवेदनशीलता—ये सब उसी अनसुनी खामोशी के लक्षण हैं।

हम बोलना जानते हैं, पर सुनना भूल चुके हैं। न दूसरों की पीड़ा सुन पाते हैं, न अपने मन की बेचैनी को समझ पाते हैं। संवाद की यह विफलता केवल व्यक्तिगत नहीं, सामाजिक भी है। जब समाज सुनना छोड़ देता है, तो असहमति शत्रुता में बदल जाती है और विचार विमर्श के स्थान पर टकराव जन्म लेता है।

विज्ञान ने निस्संदेह मानव जीवन को अभूतपूर्व सुविधाएँ दी हैं। रोगों पर नियंत्रण, संचार की गति, यात्रा की सरलता और उत्पादन की क्षमता—इन सब क्षेत्रों में विज्ञान ने क्रांति की है। लेकिन इसी विज्ञान से यह अपेक्षा भी जुड़ी थी कि वह मनुष्य को अधिक संतुलित, अधिक संवेदनशील और अधिक जिम्मेदार बनाएगा। दुर्भाग्यवश, ऐसा नहीं हुआ। विज्ञान ने हमें शक्ति दी, पर संयम नहीं सिखाया। गति दी, पर विराम नहीं। साधन दिए, पर मयार्दा नहीं।

आज सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि हम क्या कर सकते हैं, बल्कि यह है कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। तकनीक हमें आगे बढ़ने के असंख्य रास्ते दिखाती है, पर यह नहीं बताती कि कब रुकना है। यह निर्णय विवेक करता है, और विवेक का विकास मशीनों से नहीं, मानवीय मूल्यों से होता है।

हमने ज्ञान को केवल संग्रहण तक सीमित कर दिया है। डिग्रियाँ बढ़ीं, पर दृष्टि संकुचित होती गई। विशेषज्ञता बढ़ी, पर समग्र समझ घटती चली गई। आज का शिक्षित व्यक्ति भीड़ में शामिल होने में तेज है, पर अकेले खड़े होकर सच बोलने में हिचकता है। यह शिक्षा का नहीं, सूचना के बोझ का परिणाम है। ज्ञान जब संवेदना से कट जाता है, तो वह अहंकार बन जाता है। तकनीक जब विवेक से कट जाती है, तो वह नियंत्रण के बजाय वर्चस्व का साधन बन जाती है।

इस स्थिति का समाधान तकनीक को नकारने में नहीं, बल्कि उसे मानवीय मूल्यों के अधीन रखने में है। स्क्रीन से भागना संभव नहीं, पर उसके सामने नतमस्तक होना भी अनिवार्य नहीं। हमें फिर से मौन का महत्व समझना होगा। हमें संवाद को केवल बोलने की प्रक्रिया नहीं, सुनने की कला बनाना होगा। ज्ञान को आत्मचिंतन से जोड़ना होगा और विज्ञान को नैतिकता के साथ संतुलित करना होगा।

परिवार, शिक्षा और समाज—तीनों स्तरों पर यह पुनर्संरचना आवश्यक है। बच्चों को केवल स्मार्ट नहीं, संवेदनशील बनाना होगा। शिक्षा को केवल प्रतिस्पर्धा का मैदान नहीं, बल्कि मानवीय विकास का माध्यम बनाना होगा। समाज को यह स्वीकार करना होगा कि गति के साथ ठहराव भी उतना ही आवश्यक है।

आज आवश्यकता किसी नए आविष्कार की नहीं, बल्कि पुरानी मानवीय समझ की पुनर्स्थापना की है। तकनीक हमारे जीवन का साधन बने, लक्ष्य नहीं। संवाद शोर नहीं, सेतु बने। और ज्ञान केवल बढ़े नहीं, मनुष्य को बेहतर बनाए। यदि हम यह संतुलन नहीं बना पाए, तो आने वाली पीढ़ियाँ शायद अत्यंत उन्नत होंगी—पर भीतर से और भी अधिक लाचार।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी के नये युग में प्रवेश करता मध्यप्रदेश

**मध्यप्रदेश की राजनीति लंबे समय से 'केंद्र से क्या मिला' के सवाल में उलझी रही है, लेकिन बजट 2026-27 ने बहस की दिशा ही बदल दी है। अब मुद्दा हिस्सेदारी का नहीं, भूमिका का है। सवाल यह नहीं है कि राज्य को कितना पैसा मिला, बल्कि यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय विकास रणनीति में मध्यप्रदेश को किस तरह की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बजट में मध्यप्रदेश को मांगने वाले राज्य की तरह नहीं, बल्कि शहरी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन के प्रयोग स्थल की तरह देखा गया है।**

(पवन वर्मा)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लिए यह बजट साधारण आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि डबल इंजन सरकार की राजनीतिक विश्वसनीयता की परीक्षा है। टियर-2 और टियर-3 शहरों को सिटी इकॉनमिक रीजन बनाना, राजधानी भोपाल को यूनिवर्सिटी टाउनशिप और मेट्रो विस्तार से जोड़ना, जिलों में स्वास्थ्य और महिला केंद्रित ढांचे को मजबूत करना,ये सभी फैसले संकेत दे रहे हैं कि अब केंद्र और राज्य का तालमेल नारों में नहीं, शहरों की बनावट और जमीनी फैसलों में दिखाने की कोशिश हो रही है। मध्यप्रदेश इस बजट में पहली बार उपेक्षा की शिकायत करता राज्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास एजेंडे का सक्रिय मोहरा बनकर उभरा है।

डबल इंजन की स्पष्ट छाप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुवाई में मध्यप्रदेश सरकार, यह संयोग नहीं, बल्कि नीति और नीयत का ऐसा मेल है, जिसमें विकास को जमीन पर उतारने की स्पष्ट मंशा दिखाई देती है। बजट 2026-27 को मध्यप्रदेश और उसके शहरों के संदर्भ में देखा जाए, तो यह साफ होता है कि केंद्र और राज्य के बीच डबल इंजन की अवधारणा अब केवल राजनीतिक विमर्श तक सीमित नहीं रही, बल्कि शहरी विकास, निवेश और आर्थिक विस्तार की ठोस रणनीति में बदल चुकी है।

यह बजट संकेत देता है कि आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश की पहचान केवल कृषि प्रधान राज्य के रूप में नहीं, बल्कि तेजी से उभरते शहरी और आर्थिक केंद्रों के राज्य के रूप में स्थापित की जा रही है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर जैसे शहर इस रणनीति के केंद्र में हैं। जहां इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, तकनीक और रोजगार एक साथ आगे बढ़ते दिखाई देते हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कार्यभार संभालने के बाद जिस 'निवेश, नवाचार और नगरीय विकास' की बात कही थी, बजट 2026-27 उस सोच को राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन देता नजर आता है।

शहरों को नई पहचान

भारत के विकास मॉडल में लंबे समय तक शहरों को केवल प्रशासनिक या जनसंख्या दबाव वाले क्षेत्रों के रूप में देखा गया लेकिन बजट 2026-27 से अब शहरों को विकास की धुरी के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

सिटी इकॉनमिक रीजन की अवधारणा इस बदलाव का सबसे स्पष्ट उदाहरण है। इसके तहत भोपाल जैसे शहरों को केंद्र में रखकर आसपास के औद्योगिक, शैक्षणिक और व्यावसायिक क्षेत्रों को एक साझा आर्थिक इकाई में बदला जाएगा। यह मॉडल मध्यप्रदेश को केवल उपभोक्ता राज्य नहीं, बल्कि उत्पादन और सेवा आधारित अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की क्षमता रखता है। इंदौर, जो पहले ही व्यापार और स्टार्टअप संस्कृति के लिए जाना जाता है, इस ढांचे में राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू सकता है। वहीं भोपाल जैसे शहर प्रशासनिक राजधानी से आगे बढ़कर आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में उभर सकते हैं।



म्युनिसिपल बॉन्ड

शहरी आत्मनिर्भरता की मजबूत बुनियाद बनाने की दिशा में बजट 2026-27 का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है नगरीय निकायों को म्युनिसिपल बॉन्ड के जरिए संसाधन जुटाने के लिए प्रोत्साहन। यह व्यवस्था शहरी विकास को अनुदान आधारित मॉडल से आत्मनिर्भर मॉडल की ओर ले जाती है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जैसे नगर निगम अब केवल सरकारी सहायता पर निर्भर नहीं रहेंगे, बल्कि अपनी योजनाओं और विश्वसनीयता के बल पर पूंजी बाजार से संसाधन जुटा सकेंगे। केंद्र सरकार द्वारा बड़े बॉन्ड इश्यू पर प्रोत्साहन देना यह दशार्ता है कि शहरी विकास में अब पारदर्शिता और पेशेवर प्रबंधन को प्राथमिकता दी जा रही है। यह बदलाव नगर निगमों की कार्यसंस्कृति में भी सुधार ला सकता है और विकास परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने में मददगार साबित होगा।

विकास की रफ्तार को मजबूती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास नीति में इंफ्रास्ट्रक्चर को हमेशा केंद्रीय स्थान मिला है। बजट 2026-27 में पूंजीगत व्यय पर दिया गया जोर इसी नीति की निरंतरता है। इसका सीधा लाभ मध्यप्रदेश के शहरों को मिलने वाला है।

बेहतर सड़कें, मेट्रो परियोजनाएं, जल आपूर्ति, सीवरेज और शहरी आवास। ये सभी पहलू शहरों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाने के साथ-साथ निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार करते हैं। भोपाल-इंदौर मेट्रो जैसे प्रोजेक्ट केवल परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि पूरे शहरी परिदृश्य को नया आकार देने वाले साबित हो सकते हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर को विकास की रीढ़ बताने की सोच, इस बजट में स्पष्ट रूप से झलकती है।

टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक्स

बजट में इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजिटल तकनीक और मैन्युफैक्चरिंग पर दिया गया जोर मध्यप्रदेश के लिए दूरगामी असर वाला है। विशेष रूप से भोपाल जैसे शहर, जहां उच्च शिक्षा और मानव संसाधन की मजबूत उपस्थिति है, इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर और तकनीक आधारित उद्योगों के विस्तार से भोपाल की पहचान केवल प्रशासनिक केंद्र तक सीमित नहीं रहेगी। यह शहर आने वाले समय में टेक्नोलॉजी और नवाचार का केंद्र बन सकता है, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे।

कृषि राज्य से शहरी अर्थव्यवस्था की ओर संतुलित कदम

मध्यप्रदेश की ताकत उसकी कृषि है और बजट 2026-27 इस ताकत को शहरी अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में कदम बढ़ाता है। तकनीक आधारित कृषि, रिसर्च और वैल्यू एडिशन पर जोर देकर यह सुनिश्चित किया गया है कि किसान और शहर दोनों एक-दूसरे से लाभान्वित हों।

शहरों के आसपास एग्री-प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक सुविधाओं का विकास ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था के बीच मजबूत सेतु का काम करेगा। इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे और आर्थिक गतिविधियों का दायरा बढ़ेगा।

राज्यों और केंद्र के समन्वय से शहरी भविष्य

बजट 2026-27 में यह स्पष्ट झलक मिलती है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर शहरी विकास को नई दिशा देना चाहती हैं,इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय विकास दृष्टि और मुख्यमंत्री मोहन यादव की राज्य केंद्रित प्राथमिकताएं जब एक साथ आगे बढ़ेगीं , तो उसका असर नीति से लेकर जमीन तक दिखाई देगा ।

डबल इंजन सरकार का लाभ तभी पूरी तरह सामने आता है, जब योजनाएं शहरों की सड़कों, उद्योगों और रोजगार के अवसरों में बदलती हैं। इस बजट ने उस रास्ते को साफ किया है।

केंद्रीय बजट 2026-27 मध्यप्रदेश के लिए एक ऐसे दौर की शुरूआत का संकेत देता है, जहां शहर विकास के बोझ नहीं, बल्कि विकास के वाहक होंगे। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहर अब केवल राज्य की पहचान नहीं, बल्कि आर्थिक ताकत बनते दिखाई देते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की नीतियां और मुख्यमंत्री मोहन यादव की राज्य स्तरीय सक्रियता यदि इसी तालमेल के साथ आगे बढ़ती रहीं, तो मध्यप्रदेश का ग्रामीण और शहरी परिदृश्य आने वाले वर्षों में पूरी तरह बदला हुआ नजर आ सकता है। जहां निवेश, रोजगार और बेहतर जीवन गुणवत्ता एक साथ आगे बढ़ते दिखाई देंगें और तब मध्यप्रदेश एक मांगने वाले नहीं बल्कि देने वाले राज्य के रुप में दिखाई देगा।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# नारी देह, नारी अधिकार: माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि

(ललित गर्ग)

भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से-महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ-सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता।



विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि ह्लमाहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती हैह्व इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है।

न्यायालय ने शिक्षा को एक ह्लमल्टीप्लायर राइटह्व बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में ह्लमासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नरह्व स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निदेर्शों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके।

माहवारी स्वच्छता केवल पैड उपलब्ध कराने तक सीमित विषय नहीं है। इसके साथ जुड़ा है स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्णकृसही जानकारी। आज भी अनेक लड़कियाँ पहली माहवारी के समय भय, भ्रम और अपराधबोध से घिर जाती हैं क्योंकि उन्हें पहले से कोई वैज्ञानिक और संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाती। स्कूलों में यदि स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और माहवारी को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया जाए, तो यह डर और संकोच स्वतः समाप्त हो सकता है। यह भी सच है कि माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी पुरुषों की भूमिका को भी प्रश्नों के घेरे में लाती है। जब तक पुरुष-चाहे वे पिता हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों या नीति-निमार्ता, इस विषय को केवल ह्लमहिलाओं का मामलाह्व मानकर किनारे करते रहेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि उन्होंने समाज और खासकर पुरुषों को संवेदनशील बनने का अवसर दिया है। जागरूकता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों को सहृदय और जिम्मेदार बनाना भी है।

ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी चुनौतियाँ और भी गंभीर हैं। वहाँ आज भी कपड़े, राख या अस्वच्छ साधनों का उपयोग आम है, जिससे संक्रमण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी योजनाएँ और गैर-सरकारी प्रयास मौजूद हैं, परंतु उनकी पहुँच और प्रभावशीलता अभी भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय यदि ईमानदारी से लागू होता है, तो यह नीति और जमीन के बीच की खाई को पाटने में सहायक हो सकता है। यह भी विचारणीय है कि माहवारी स्वच्छता को केवल कल्याणकारी योजना न मानकर महिला अधिकारों के व्यापक ढाँचे में देखा जाए।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# सत्ता पाने की लालसा और कलयुगी रिश्ते

(संजय गोस्वामी)

यह दुनिया में लोग अपने अपने पद, पैसा और सत्ता या धन के लिए लालायित रहते हैं अभी दो दिन पहले ही महाराष्ट्र के उप मुख्य मंत्री स्व अजीत पवार जी का विमान क्रैश हुआ और मौत हो गईं शायद वे सत्ता में नहीं रहते तो प्राइवेट जेट नहीं मिलता और जान बच सकती लेकिन तुरंत ही शनिवार 31 जनवरी 26 की शाम को अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने लोकभवन में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली. सुनेत्रा पवार का उपमुख्यमंत्री बनना पहले से तय नहीं था, पति अजित की प्लेन क्रैश में निधन के बाद ऐसी राजनीतिक हालत बने लेकिन सच में ऐ पता हमें नहीं होता की सत्ता बड़ा है या हमारा विचार, ईश्वर को पहचाना जरूरी है यदि बनना ही था तो कम से कम उनका क्रिया क्रम कराकर बाद में भी निर्णय लिया जा सकता था इसलिए ऐ केवल एक उदाहरण नहीं है कई ऐसी घटना है कि पति के मरते ही पत्नी उसकी जायदाद पर काबू कर करने की कोशिश करती है इसलिए आपका अपना भगवान राम के सिवा कोई नहीं है समय बर्बाद ना करो उसी में लीन हो जाना सबकुछ मिलेगा क्योंकि शांति से बढ़कर कुछ नहीं है अच्छी बातचीत एक स्वस्थ रिश्ते का मूलभूत हिस्सा है। जब आप अपने साथी के साथ सकारात्मक भावनात्मक जुड़ाव महसूस करते हैं, तो आप सुरक्षित और खुश महसूस करते हैं। जब लोग अच्छी तरह से संवाद करना बंद कर देते हैं, तो उनके बीच संबंध भी खराब हो जाते हैं, और बदलाव या तनाव के समय यह दूरी और भी बढ़ जाती है।

इस सृष्टि का निर्माण निराकार सुप्त ऊर्जा से हुआ है जिसको कि हम श्याम कह सकते हैं मतलब अंधकार पूर्ण ऊर्जा है लेकिन इसमें किसी साधक को प्रकाश भी दिखाई देता है समस्त ब्रह्मांड का मालिक केवल परमपिता परमेश्वर भगवान राम ही है जिसका कोई रंग नहीं है रंगहीन है ईश्वर जैसे पानी जिसमें कोई रंग नहीं होता है लेकिन यदि उसमें एक छोटा सा कीड़ा पड़ जाता है तो स्पष्ट दिखाई देता है वैसे ही श्वेत प्रकाश जिसमें कोई रंग नहीं है लेकिन किसी प्रिज्म से गुजरता है तो सात रंगों से विभक्त हो जाता है जिसे विब्जीओर वायलेट, इंडिगो, ब्लू, ग्रीन, येलो, ऑरेंज, रेड) विज़िबल लाइट स्पेक्ट्रम के रंगों को दिखाता है, जिन्हें बढ़ती वेवलेंथ के हिसाब से छोटे (वायलेटः 380-450 एनएम) से लेकर लंबे (रेडः 620-750 एनएम) क्रम में रखा गया है, जिसमें हर रंग की एक खास नैनोमीटर (एनएम) रेंज होती है, जो इंद्रधनुष और रंग देखने की क्षमता को समझाने में मदद करती है। गुलाबी, बैगनी, हरा, लाल पीला, यानी जो भी रंग है उसमें पारदर्शिता नहीं है अतः रंग माया है और जिसमें कोई रंग नहीं है वो पारदर्शी है जिसमें हर कुछ दीखता है जैसे शीशा पारदर्शी है इस कारण मनुष्य रंगों के चक्कर में भटकता रहता है कोई गोरा दीखता है कोई काला और गोरा को सुन्दर पाकर बहुत खुश होता है और पत्नी बनाकर माया के जाल में भटकता रहता है लेकिन उसके विचारों पर ध्यान नहीं देता विचार महत्वपूर्ण है रंग नहीं क्योंकि उसका एक दिन नष्ट होना तय है और जब शरीर का नाश होता है तो मानव निश्चित ही एक योनि से दूसरे योनि में भटकता रहता है मानव योनि में कुछ विशेष लोगों जो राम भक्त होते हैं उन्हें शक्तियां प्रदान कर देता है जो आम जनमानस को मार्गदर्शन करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर प्रभु राम के द्वारा प्रदत शक्ति से उसका कल्याण करते हैं।

गुरु तत्व वास्तव में ईश्वर ही तत्व है जब तक में गुरु और ईश्वर को एक नहीं मानना सीखोगे तब तक में तुम ना गुरु को पहचान पाओगे और ना ही ईश्वर को पहचान पाओगे। भगवान राम को ईश्वर मानने का अर्थ यह हो जाता है कि तुम उस राम की शक्ति के माध्यम से ही ईश्वर के पास पहुंचोगे। बिना राम की भक्ति और समर्पण के कोई भी शक्ति तुम्हारी सहायता नहीं कर सकती। इसको क्वांटम फिजिक्स से समझो जो डिस्टोर्टेड एनर्जी है क्वांटम फील्ड जो बिगड़ चुकी है उसके अंदर जब तक में सिंक्रोनाइजेशन नहीं होगा कोहरेंस नहीं होगा तब तक में और शक्ति बढ़ेगी नहीं और जब बढ़ेगी नहीं तो तुम्हारा कल्याण क्या होगा। इस कारण गुरु को समर्पण बहुत आवश्यक है और समय आने पर धीरे-धीरे गुरु शक्ति अपने को ईश्वरीय शक्ति में विलीन कर लेती है और एक अवस्था के बाद तुमको खुद श्रम करके आगे बढ़ना होता है वहां पर भगवान राम और भक्त अपनी साधना से उनके चरणों में पहुँचने का मार्ग पता हैं और सारे कष्ट से मुक़्त होता है।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

## गुरूसम्मान व पुरातन छात्र सम्मलेन का हुआ आयोजन

**पौड़ी गढ़वाल, (वेब वार्ता)।**

कोट विकासखंड स्थित ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी में पुरातन छात्र सम्मेलन एवं गुरुसम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्षों बाद एकत्रित हुए पुरातन छात्र-छात्राओं के चेहरों पर स्कूल के प्रति अपनापन, उत्साह और गौरव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा था।

यह आयोजन अतीत की स्मृतियों को वर्तमान से जोड़ने वाला भावनात्मक संगम सिद्ध हुआ। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। गुरुसम्मान समारोह के तहत विद्यालय के गुरुजनों को शॉल आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, छात्रों ने गीत, नृत्य और नाट्य की शानदार प्रस्तुति दी।

स्कूल के पूर्व छात्र डा. नवीन ममगांई ने बताया कि स्कूल की स्थापना को लगभग 35 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस विद्यालय को इस मुकाम तक पहुंचाने में कई समर्पित शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से शिक्षक नवीन जुयाल को स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर श्रद्धापूर्वक सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक राजेंद्र जुयाल, प्रधानाचार्य अनसूया प्रसाद सुंद्रियाल, रतीश काला, सतीश जुयाल, दुर्गा जुयाल, दीपक नवानी, आशीष जुयाल, विनोद बमराडा, सतीश बलूनी, सुनील पोखरियाल, नवीन पंत, विकास पंत, अनूप कुकरेती आदि शामिल रहे।

# केंद्रीय बजट में उत्तराखंड को कुछ नहीं मिला: शर्मा

**हरिद्वार, (वेब वार्ता)।**



कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने संसद में पेश किए गए केंद्र सरकार के बजट को खोखला और दिशाहीन करार देते हुए कहा कि बजट में उत्तराखंड को कुछ नहीं मिला है। बजट में किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों के लिए भी कुछ नहीं है।

प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा कि बजट में आम लोगों को राहत देने के लिए कुछ नहीं है। आयात निर्यात में भारी अंतर, डालर के मुकाबले रूपए की गिरती कीमत, एफडीआई में कमी जैसे तमाम तथ्यों की अनदेखी की गयी है। पिछले 12 वर्षों में यह केंद्र सरकार का सबसे खोखला बजट है। इससे बेरोजगारी, महंगाई बढ़ेगी, रूपया कमजोर होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। जनता का ध्यान भटकाने के लिए विवादित मुद्दों को हवा दी जा रही है। कोटद्वार में बुजुर्ग के साथ अन्याय का विरोध करने वाले युवक पर ही एफआईआर दर्ज कर दी गयी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रशासन के इस रवैए का विरोध करती है। इस दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजवीर चौहान, महेश प्रताप राणा, ओपी चौहान, मुरली मनोहर, बीएस तेजियान, तीर्थपाल रवि, लता जोशी, दिव्यांश शर्मा, सोम त्यागी, रवीश भटिजा, समर्थ अग्रवाल, विमला पांडे, राजीव भार्गव, अंजू द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## फायर सीजन को लेकर वन विभाग और फायर सर्विस ने आयोजित की वर्कशाप



**हल्द्वानी,(वेब वार्ता)।**

आगामी 15 फरवरी से फायर सीजन की शुरूआत होने जा रही है। जंगलों में लगने वाली आग को नियंत्रित करना एक बड़ी चुनौती है, जिसे देखते हुए वन विभाग द्वारा पहले से ही फायर कंट्रोल की व्यापक योजना बनाई जा रही है।

इसी क्रम में आने वाले दिनों में मॉक ड्रिल भी आयोजित की जाएंगी। आज हल्द्वानी वन प्रभाग में वन विभाग के कर्मचारियों और हल्द्वानी फायर सर्विस के बीच एक संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वन कर्मचारियों को जंगलों में आग पर प्रारंभिक स्तर पर काबू पाने, आग की सूचना तुरंत मास्टर कंट्रोल रूम तक पहुंचाने तथा फायर सर्विस के मौके पर पहुंचने तक आग को फैलने से रोकने के तरीकों की जानकारी दी गई।

## आंगनबाड़ी से कार्यालयों तक स्वच्छता और शपथ का व्यापक अभियान

**पौड़ी गढ़वाल, (वेब वार्ता)।**



जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के नेतृत्व में जनपद पौड़ी गढ़वाल में 26 जनवरी से 26 फरवरी 2026 तक विशेष, व्यापक एवं सहभागितापूर्ण स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानकर जनभागीदारी से जुड़ा एक सतत सामाजिक आंदोलन बनाना है। अभियान के तहत अब तक लगभग 2100 किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट एकत्रित किया जा चुका है। जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र थपलियाल ने बताया कि अभियान के तहत आंगनबाड़ी परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई के साथ-साथ ग्रामीणों, महिलाओं एवं अभिभावकों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए स्वच्छता की शपथ दिलायी जा रही है। वहीं जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालयों में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सफाई अभियान संचालित कर स्वच्छता की शपथ ली जा रही है, जिससे स्वच्छ वातावरण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को बल मिल सके।

## मानदेय वृद्धि को लेकर भोजन माताओ ने दिया धरना

**उत्तरकाशी, (वेब वार्ता)।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय चिन्यालीसौड़ में भोजन माताओं ने मानदेय को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया है। लम्बे समय से अपनी मानदेय वृद्धि की मांग करती आ रही भोजन माताओ ने प्रगतिशील भोजन माता संगठन के आह्वान पर राज्य भर में शहर और विकास खंड स्तर पर धरना प्रदर्शन किया। विकास खंड चिन्यालीसौड़ में भोजन माताओं द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी एस नेगी को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के में भोजन माताओं ने बीस हजार रूपए मासिक मानदेय दिया जाय और वर्ष में पूरे बारह महीनों का मानदेय या वेतन की मांग की गई है। वहीं सेवा निवृत्ति पर सम्मान लाभ दिया देने की मांग उठाई गई है।

## मुख्य सचिव ने की जनपदवार विकास योजनाओं की समीक्षा

**देहरादून, (वेब वार्ता)।**



मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में विकास कार्यों की जनपदवार समीक्षा की। मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय 2047 विजन डॉक्यूमेंट की तर्ज पर सभी ज़िलाधिकारियों को जिला एवं पंचायत स्तर पर भी विजन डॉक्यूमेंट तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर, खण्ड स्तर और जनपदों के विजन डॉक्यूमेंट की दिशा में शीघ्र कार्य किया जाए। इसके लिए आवश्यक वर्कशॉप भी शीघ्र आयोजित कराई जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिला योजना के लिए जिला योजना समितियों को बैठकें मार्च माह तक अनिवार्य रूप से करवा ली जाएं। इसके लिए अभी से होमवर्क शुरू किया जाए ताकि योजनाओं को समय से पूर्ण करने के लिए पहले से तैयारी रहे। उन्होंने कहा कि जिला योजना में शामिल किए जाने वाले संभावित कार्यों की प्रक्रिया के पहलुओं को पूर्ण कराते हुए एस्टीमेट तैयार करवा लिए जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि उद्यान विभाग, कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग को जनपद स्तर पर खरीद के लिए शक्तियों का विकेंद्रीकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने खरीद के लिए मूल्य निर्धारण के साथ ही एक वर्ष के बजाए 2 से 3 वर्षों के लिए मूल्य निर्धारित करने जैसे उपायों का भी परीक्षण कराया जा सकता है।

## नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**हरिद्वार,(वेब वार्ता)।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक 13 दिसम्बर 25 को बहादराबाद थाना क्षेत्र निवासी नाबालिग की मां ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री उम्र 17 वर्ष के साथ दुष्कर्म करने व परिजनों को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गयी। बावजूद इसके आरोपित पुलिस गिरफ्त से बाहर रहा। आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस ने आज सलेमपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित का नाम पता बन्टी निवासी सीमली थाना लक्सर हरिद्वार बताया गया है।

## लंपी रोग रोकथाम के लिए पौड़ी में पशुओं का टीकाकरण शुरू

**पौड़ी गढ़वाल,(वेब वार्ता)।**

जिले में पशुपालन विभाग ने लंपी रोग से बचाव के लिए पशुओं का टीकाकरण शुरू कर लिया है। जनपद पौड़ी में 01 लाख 63 हजार पशुओं के सापेक्ष विभाग ने 01 लाख 30 हजार पशुओं के टीकरण का लक्ष्य रखा है। गाभिन (गर्भवती) होने, छह माह से कम उम्र व बीमार पशुओं का टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

विभाग ने टीकाकरण के लिए 80 टीमों की तैनाती कर ली है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पौड़ी डा. विशाल शर्मा ने बताया कि लंपी रोग गाय और भैंसों में होने वाली एक संक्रामक वायरस बीमारी है। जो कैप्रिपॉक्सवायरस के कारण फैलती है। लंपी रोग पशु की त्वचा पर गांठें, बुखार, दूध में कमी, आँखों और नाक से पानी आना, लार टपकना, पैरों में सूजन, और लसीका ग्रंथियों में सूजन आदि लक्ष्मण दिखाई देते हैं।

बताया कि बीते वर्ष पशुओं में यह बीमारी तेजी से फैली थी। टीकाकरण के बाद रोग के रोकथाम में मदद मिली थी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विभाग ने जागरुकता, पशुओं की सुरक्षा व पशुपालकों के सहयोग से लंपी रोग से बचाव के लिए पशुओं का टीकाकरण शुरू कर लिया है।

सीवीओ डा. शर्मा ने बताया कि जिले में 1 लाख 63 हजार पशु हैं। जिनमें 1 लाख 30 हजार पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी का फरार आरोपित गिरफ्तार

**रामनगर,(वेब वार्ता)।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी के मामले में रामनगर कोतवाली पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मोहल्ला खताड़ी निवासी हैदर अली ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके क्षेत्र के अयूब अंसारी, उत्तर प्रदेश के ठाकुरद्वारा निवासी अतिकुर रहमान और वर्क अंसारी ने उसे विदेश भेजने का झांसा देकर धोखाधड़ी की। आरोप है कि तीनों ने मिलकर हैदर अली से कुल 1 लाख 33 हजार रुपए की ठगी की थी। कोर्ट के आदेश पर रामनगर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला कबूतरबाज रामनगर से गिरफ्तार

**नैनीताल, (वेब वार्ता)।**

विदेश भेजने के नाम पर धनराशि ठगने के एक मामले में नैनीताल जनपद की रामनगर पुलिस ने वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण के अनुसार लगभग ढाई वर्ष पूर्व 27 जून 2023 को हैदर अली पुत्र मखदूम अली निवासी छोटा कब्रिस्तान बड़ी मस्जिद ने कोतवाली रामनगर में शिकायत दी थी कि अयूब अंसारी पुत्र याकूब अंसारी निवासी खताड़ी रामनगर और अतीकुर्रहमान उर्फ अंसारी पुत्र नसीम मुल्लाह सेठ निवासी ग्राम सरखड़ा परमपुर माफी ठाकुरद्वारा ने विदेश भेजने का झांसा देकर 1 लाख 33 हजार रुपये की ठगी की थी।



शिकायत के आधार पर कोतवाली रामनगर में अभियोग पंजीकृत किया गया था, जिसके बाद से आरोपित फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी ने मामले का संज्ञान लेकर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक नगर हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित पांडे के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामनगर सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज दबिश देकर वांछित आरोपित अतीकुर्रहमान उर्फ अंसारी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अन्य वांछित आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## दूल्हा बाजार में दिनदहाड़े युवती की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**देहरादून, (वेब वार्ता)।**

जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के दूल्हा बाजार के पास सोमवार को दिनदहाड़े एक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर युवती की हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। हत्याका कारण अभी स्पष्ट नही हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार आज दूल्हा बाजार के समीप एक गली में आकाश कुमार पुत्र कोमल राम, निवासी 46 मन्नूगंज, खुडबुड़ा मोहल्ला, कोतवाली नगर ने एक युवती पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवती को तत्काल उपचार के लिए दून चिकित्सालय ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंची और घटना को अंजाम देने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया।

उधर, घटना के बाद सोशल मीडिया पर युवती की फोटो और वीडियो के प्रसार होने का पुलिस ने संज्ञान लिया है। युवती के परिजनों, क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने इस पर आपत्ति जताते हुए ऐसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इसके बाद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि घटना से संबंधित किसी भी प्रकार की फोटो या वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित न किया जाए, जिससे किसी की भावनाएं आहत हों या कानून-व्यवस्था प्रभावित हो।

## हल्द्वानी में सरकार के खिलाफ भोजन माताओं का हल्ला बोल

**हल्द्वानी, (वेब वार्ता)।** हल्द्वानी के बुद्ध पार्क में भोजन माताओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए, राज्य सरकार को हड़ताल की चेतावनी दी है। इन्होंने यहा अपनी आठ सूत्री मांगों के साथ उन्हें उचित मानदेय देने की मांग उठाई। आरोप लगाया कि पिछले कई सालों से सरकारी स्कूलों में बच्चों को खाना बनाने के साथ-साथ अन्य सेवाएं दे रही हैं। इसके बाद भी सरकार द्वारा मानदेय के तौर पर केवल 3000 महीना दिया जाता है। यहां तक की कई भोजन माताओं को बेवजह स्कूल प्रशासन द्वारा निकाल दिया जाता है। त्रिवेंद्र सरकार के दौरान भोजन माता को 5000 मानदेय देने की बात को भी लागू नहीं किया गया। भोजन माताओं ने प्रदर्शन करते हुए कहा कहा उनको न्यूनतम वेतन देने के पीएफ और मेडिकल सुविधा की मांग की।

## फ्लैट मैदान विवाद पर खेल विभाग ने रखा पक्ष, मिलकर प्रतियोगिता कराने के लिए तैयार

**नैनीताल, (वेब वार्ता)।**



नैनीताल के ऐतिहासिक फ्लैट मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन और मैदान के स्वामित्व को लेकर उपजे विवाद के बीच खेल विभाग की प्रभारी निदेशक राशिका सिद्दीकी ने सोमवार को फ्लैट्स मैदान में पत्रकारों से वार्ता की।

उन्होंने कहा कि खेल विभाग ने मैदान में क्रिकेट पिच तैयार कराई थी और प्रतियोगिता के लिए 32 टीमों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं लेकिन कुछ व्यवधानों के कारण खेल शुरू नहीं हो सका। राशिका सिद्दीकी ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष की ओर से पहले स्वर्गीय पृथ्वीराज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता कराने की बात कही गई थी।

इस पर उप जिलाधिकारी, विधायक सरिता आर्या और नगर पालिका अध्यक्ष के साथ हुई मध्यस्थता में यह समाधान निकाला गया कि प्रतियोगिता खेल विभाग, डीएसए और नगर पालिका तीनों संस्थाएं संयुक्त रूप से कराएंगी। खेल विभाग इस प्रस्ताव पर सहमत था और उसने स्पष्ट किया था कि प्रतियोगिता निःशुल्क होगी, खिलाड़ियों को नियमानुसार जलपान, पुरस्कार, उपकरण और प्रमाण पत्र खेल विभाग की ओर से दिए जाएंगे लेकिन बाद में नगर पालिका और डीएसए की ओर से इस पर असहमति व्यक्त कर दी गई।

## डीएम कार्यालय के बाहर कांग्रेस का धरना, पुलिस और कार्यकताओं के बीच तनाव

**चंपावत, (वेब वार्ता)।** सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा का नाम बदलने और 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (वीबी जी राम जी)' बिल के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कांग्रेस जिलाध्यक्ष चिराग फर्त्याल के नेतृत्व में हुआ। सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने जिलाधिकारी कार्यालय से लगभग 100 मीटर पहले बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। बैरिकेडिंग पर पूर्व विधायक हिमेश खर्कवाल और पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मला गहतोड़ी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने आगे बढ़ने का प्रयास किया।

## श्री राम सेवक सभा नैनीताल में फागोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर बैठक

**नैनीताल, (वेब वार्ता)।**

श्री राम सेवक सभा नैनीताल की ओर से नगर में पौष माह के प्रथम सप्ताह से ही होली गायन की शुरूवात के साथ आगे आयोजित होने वाले फागोत्सव 2026 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस संबंध में सोमवार को सभा भवन में नैनीताल नगर के प्रमुख महिला दलों, महिला होलियारों और महिला सामाजिक कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अशोक साह ने की।

बैठक में संस्था के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने फागोत्सव 2026 के अंतर्गत प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसके बाद महिला दलों के साथ आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने को लेकर परिचर्चा की गई। महिला होली कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर भी विचार विमर्श हुआ।



महासचिव ने बताया कि 23 और 24 फरवरी को दो दिवसीय महिला होली दलों का प्रतिभाग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें नैनीताल सहित अन्य जिलों से भी महिला होली दल शामिल होंगे।

## ट्रीटमेंट कार्य शुरू होने से पूर्व प्रभावितों की समस्याओं का हो निराकरण

**ज्योतिर्मठ,(वेब वार्ता)।**



भू-धसाव आपदा प्रभावित मूल निवासी स्वाभिमान संगठन ने सोमवार को उप जिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजने के साथ ट्रीटमेंट कार्यों के शुरू होने से पूर्व सभी समस्याओं का निराकरण करने व स्थरीकरण कार्य से पूर्व सीवर व ड्रेनेज कार्य किए जाने की मांग प्रमुखता से रखी। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि भू-धसाव आपदा जनवरी 2023 के बाद मूल निवासी स्वाभिमान संगठन ने ट्रीटमेंट सहित अन्य कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के लिए 13 सूत्रीय ज्ञापन दिया था, जिनके अनेक बिंदुओं पर आपदा के तीन साल बाद भी धरातल पर ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी, जिसके कारण नगर के मूल निवासियों मे गहरा असंतोष है।

## शोभायात्रा विवाद में मृतकों की संख्या दो हुई, 40 हिरासत में

**हरिद्वार, (वेब वार्ता)।** जनपद के भगवानपुर के बिनारसी गांव में एक फरवरी को संत रविदास की जयंती के दौरान प्रसाद वितरण कार्यक्रम में दो पक्षों में हुए विवाद में मृतकों की संख्या दो हो गयी है। आनंद उम्र 28 वर्ष पुत्र लक्ष्मीचंद्र की गोली लगने से रविवार दिन में ही मौत हो गई थी। जबकि देर रात दूसरे गुट के मांगेराम की भी मौत हो गई। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि स्थिति अभी नियंत्रण में है। लॉ एंड ऑर्डर तोड़ने की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिस शोभायात्रा में रविवार को नाच गाना चल रहा था, अचानक शोभायात्रा के बाद प्रसाद वितरण के दौरान उसमें शामिल दो गुटों में पहले मारपीट, पत्थरबाजी और फिर फायरिंग हो गई थी।

## लोकभवन में 27 फरवरी से शुरू होगा वसंतोत्सव, जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर

**देहरादून, (वेब वार्ता)।**




इस वर्ष लोकभवन में 27 फरवरी से 01 मार्च तक पूरे उल्लास के साथ वसंतोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसके लिए राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने वसंतोत्सव को केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा उत्सव बनाने की अपील की है।

सोमवार को लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) की अध्यक्षता में हुई बैठक में वसंतोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में राज्यपाल ने वसंतोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए इसे अन्य राज्यों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव के दौरान आईएचएम, जीएमवीएन और महिला स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से फूड कोर्ट स्थापित किए जाएं, जिनकी थीम पारंपरिक मोटे अनाज (मिलेट) पर आधारित हो। साथ ही शहद उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने इस आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनमानस इस आयोजन से सीधे जुड़ सके।

राज्यपाल ने बैठक में बताया कि इस वर्ष से वसंतोत्सव के अवसर पर प्रगतिशील किसान, महिला और युवा स्टार्टअप को 'राज्यपाल विशेष पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा।

# केंद्रीय बजट 2026-27 से उत्तर प्रदेश को सर्वाधिक लाभ: योगी

लखनऊ, (वेब वार्ता)।



केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए हैं। उन्होंने बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने विकास की जो यात्रा तय की है, उसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश देश की प्रगति में निर्णायक योगदान दे रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जो सुदृढ़ नीतियों और सुशासन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा ह्यनेशन फर्स्टह्ल की भावना को प्राथमिकता दी है। अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों की बात करना भी उतना ही आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौलिक अधिकारों की चर्चा तो होती है, लेकिन कर्तव्यों की उपेक्षा कर दी जाती है, जबकि हर भारतीय को अपने कर्तव्यों का बोध कराना जरूरी है। वर्तमान बजट इसी सोच को मजबूती देता है।

योगी ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। किसान, युवा, महिलाओं और गरीब वर्ग इस बजट के केंद्र में हैं। एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे उत्तर प्रदेश के छोटे और मध्यम उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और उत्तर प्रदेश इससे सर्वाधिक लाभ उठाने वाला राज्य होगा।

बजट में प्रस्तावित सात रेलवे कॉरिडोर में से दो कॉरिडोर उत्तर प्रदेश को मिले हैं। आने वाले समय में इससे राज्य को बेहतर कनेक्टिविटी, तेज रेल सेवाओं और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि का लाभ मिलेगा। साथ ही, अंतर्देशीय जलमार्गों (वॉटरवेज) के उपयोग से भी प्रदेश को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि ललितपुर में 1200 एकड़ भूमि पर बायोफार्मा सेक्टर को विकसित किया जा रहा है।

## भाजपाई घपलेबाज अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं : अखिलेश

लखनऊ, (वेब वार्ता)।



समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वोटर लिस्ट से नाम कटवाने वाले फार्म-7 के कथित दुरुपयोग को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर भाजपाई घपलेबाज खुद फार्म-7 छापकर और नकली हस्ताक्षर कराकर पीडीए समाज के मतदाताओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह बात लगभग सभी को पता है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। उनका आरोप है कि बार-बार अपील के बावजूद एसआईआर प्रक्रिया में फार्म-7 से जुड़ी कथित धांधली रुक नहीं रही है। उन्होंने कहा कि फार्म-7 का गैरकानूनी इस्तेमाल एक बड़ा अपराध है और चुनाव आयोग को चाहिए कि वह सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर इसके दुरुपयोग पर होने वाली सजाओं की जानकारी दे, ताकि दोषियों और उनके सहयोगियों को स्पष्ट चेतावनी मिल सके। सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि पार्टी के पीडीए-प्रहरी और जागरूक मतदाता अपने स्तर पर इस कथित फर्जीवाड़े का पदाफोड़ कर रहे हैं, लेकिन आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए।

## प्राथमिक शिक्षकों के समायोजन -3 में आगे कार्यवाही पर 17 फरवरी तक बढ़ी रोक



**भेदी नज़र, लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सोमवार को प्राथमिक शिक्षकों के समायोजन -3 मामले में आगे किसी कार्यवाही पर दो फरवरी तक लगी रोक, 17 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। उस रोज मामले की फाइनल सुनवाई होगी। मामले में राज्य सरकार द्वारा दाखिल जवाब पर याचियों के वकीलों ने प्रतिउत्तर दाखिल कर दिया है। याची शिक्षकों के वरिष्ठ अधिवक्ता एच जी एस परिहार ने बताया कि कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को नियत करके अंतरिम आदेश दिया था कि मामले की अगली सुनवाई की तिथि तक बेसिक शिक्षा विभाग के अफसर, समायोजन -3 मामले में आगे कोई कार्यवाही नहीं करेंगे। पहले, कोर्ट ने कहा था कि इस अंतरिम आदेश की राहत, इस याचिका के साथ संबद्ध अन्य याचिकाओं के याची शिक्षकों को भी उपलब्ध होगी। कोर्ट ने यह आदेश प्राथमिक शिक्षकों के समायोजन/ स्थानांतरण - 3 के शासनादेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दिया। न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश बाराबंकी की संगीता पाल समेत 29 प्राथमिक शिक्षकों की याचिका व अन्य संबद्ध याचिकाओं पर दिया। याचिकाओं में 14 नवंबर 2025 के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी शिक्षकों के समायोजन/ स्थानांतरण के शासनादेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है। याचियों का कहना था कि यह शासनादेश आरटीई अधिनियम समेत बेसिक शिक्षा अधिनियम, 1972 के नियमों का उल्लंघन करने वाला है। इसके नियम 21 के तहत शिक्षक की सहमति के बाहर समायोजित न किए जाने की दलील दी। कहा इस समायोजन से जहां शिक्षकों की वरिष्ठता पर असर पड़ रहा है, वहीं निर्धारित छात्र- शिक्षक अनुपात प्रभावित होने जैसी अन्य विसंगतियां भी पैदा हो रही हैं। उधर, मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेसिया पेश हुए। कोर्ट ने अगली सुनवाई, 17 फरवरी तक याचियों को मामले में पहले मिली अंतरिम राहत बढ़ा दी है।

## हवाई यात्रा के दौरान महिला के छूटे बैग से 4.20 लाख के गहने चोरी

**कानपुर, (वेब वार्ता)।** यूरोप के पोलैंड से दिल्ली एयरपोर्ट आने के दौरान शहर की महिला यात्री के तीन बैग पोलैंड के एयरपोर्ट पर ही चेकिंग के दौरान छूट गए। दिल्ली एयरपोर्ट पर शिकायत करने पर चार दिन बाद उन्हें तीनों बैग चकेरी एयरपोर्ट पर ही सुपुर्द तो कर दिए गए लेकिन बैग में रखे 4.20 लाख के गहने चोरी हो गए। पीड़िता के पिता ने पीड़िता के पिता ने दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर कानपुर एयरपोर्ट तक शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। गोविंदनगर और चकेरी थाने से भी पीड़िता को टरका दिया गया। थक हारकर उन्होंने इंडिगो एयरलाइंस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। रतनलालनगर दबौली निवासी रमाकांत शर्मा ने दर्ज शिकायत में बताया कि उनकी बेटी की शादी बीते साल नवंबर में हंसपुरम के रहने वाले मनीष शर्मा से हुई थी। वर्तमान में दामाद मनीष पोलैंड में कार्यरत हैं। बेटी आस्था लखनऊ में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। वह 12 दिसंबर को पोलैंड गई थी। वीजा खत्म होने पर 23 जनवरी को पोलैंड से दिल्ली एयरपोर्ट आई। दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने के दौरान उनके पास मौजूद तीनों बैग गायब थे।

## जिलाधिकारी, पुलिस, राजस्व अधिकारी मामलों को गंभीरता से लें: योगी

लखनऊ, (वेब वार्ता)।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारियों, राजस्व अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी मामलों को गंभीरता से लें, लोगों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनें और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष अवैध अतिक्रमण से जुड़े कई मामले भी रखे गए। मुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों की बात धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित प्रार्थना पत्र स्वीकार किए और आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए। साथ ही, उन्होंने जिलों में तैनात अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्थानीय स्तर पर भी जनशिकायतों को सुनें, पीड़ितों को न्याय दिलाएं और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं। कार्यक्रम में एक महिला अपने बच्चे के साथ पहुंची, जिसका इलाज केजीएमयू में चल रहा है। महिला ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल आर्थिक मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश के 25 करोड़ नागरिक मेरा परिवार हैं। सरकार सुख-दुख में सभी के साथ खड़ी है। पहले दिन से इलाज के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है और आगे भी दी जाती रहेगी। पैसों के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। जनता दर्शन में कुछ बच्चे भी अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। एक महिला के साथ आई बच्ची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सलाम किया। मुख्यमंत्री ने मुस्कराते हुए उसका नाम पूछा और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी बच्चों को चॉकलेट बांटी और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## फिर पलटा मौसम सर्द हवाओं ने बढ़ाई गलन

**लखनऊ, (वेब वार्ता)।** उत्तरप्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव जारी है। रविवार व सोमवार को पश्चिमी यूपी के कई जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिरे। इस बीच कई जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं भी चलीं। सोमवार को अलीगढ़, आगरा, गाजियाबाद, गोरखपुर में सुबह घने कोहरे की वजह से दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। वहीं बहराइच, अयोध्या, अमेठी, कुशीनगर, मुजफ्फर नगर, मेरठ में दृश्यता 50 मीटर ने नीचे दर्ज हुई। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार के लिए प्रदेश के बुंदेलखंड के इलाके हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर आदि में बूंदाबांदी के साथ ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही 23 जिलों में अत्यधिक घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। इस बीच जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर आदि में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं भी चलेंगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि नए विकसित हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी यूपी से शुरू हुई बूंदाबांदी का दायरा मंगलवार को बुदेलखंड, विंध्य क्षेत्र, प्रयागराज मंडल तक पहुंचेगा।

## केंद्र सरकार का बजट आम आदमी नहीं सिर्फ कुछ खास लोगों के लिए है: सांसद

लखनऊ, (वेब वार्ता)।



समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने केंद्र सरकार के बजट और नीतियों को लेकर तीखा हमला बोला है। उनका कहना है कि यह बजट आम लोगों के लिए नहीं, बल्कि कुछ खास लोगों के लिए बनाया गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विकसित भारत की बात तो बहुत की जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत देखने कोई गांवों में गया ही नहीं।

अगर कोई जाकर देखे तो पता चले कि जल जीवन मिशन की असली हालत क्या है। खुद राष्ट्रपति के भाषण में भी इस योजना का जिक्र कराया गया, लेकिन सच्चाई यह है कि सारा पैसा खा लिया गया और दिल्ली में बैठे लोग आंखें बंद करके बैठे हैं। रामगोपाल यादव ने साफ कहा कि उनकी नजर में यह बजट शुरू से ही आम आदमी का है ही नहीं। यह कुछ चुनिंदा लोगों के फायदे के लिए बनाया गया है। देश की नीतियां गरीबों, किसानों और आम जनता के लिए नहीं, बल्कि कुछ खास लोगों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष वर्मा ने भी भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए सिर्फ काम करती है। बुलेट ट्रेन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि लगभग दस साल हो गए, लेकिन आज तक बुलेट ट्रेन चली ही नहीं। आम लोगों को उम्मीद थी कि नए आईआईटी और आईआईएम खुलेंगे, जिससे पढ़ाई और रोजगार के मौके बढ़ेंगे, लेकिन सरकार की सोच अब उन लोगों तक सीमित हो गई है जो रील्स बनाते हैं।

आशुतोष वर्मा ने सवाल उठाया कि सरकार आखिर समाज को किस दिशा में ले जाना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बजट के जरिए भाजपा ने अपने चुनावी राज्यों में ज्यादा पैसा लगाया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को हजारों करोड़ रुपये दिए गए हैं, जो आखिरकार किन चैनलों, किन मीडिया हाउसों और किन यूट्यूबर्स के पास जाएंगे, यह किसी से छुपा नहीं है।

## कोडीन कफ सिरप की अवैध बिक्री में श्याम फार्मा संचालक गिरफ्तार

**भेदी नज़र, तुलसीपुर।** कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री मामले में पुलिस ने कार्रवाई और तेज कर दी है। पहले चरण में अशोक मेडिकल और अमन मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। इसके बाद सोमवार को पुलिस ने पुरानी बाजार स्थित श्याम फार्मा के संचालक वरुण लाठ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस की मानें तो जांच में बड़े स्तर पर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। दवा कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। मामले की एफआईआर 19 नवंबर को औषधि निरीक्षक ने दो मेडिकल स्टोर के संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके जांच अब आगे बढ़ी है। पुलिस के अनुसार श्याम फार्मा के नाम से करीब 15 हजार बोतल कोडीन सिरप की बिक्री दशार्ने वाले बिल प्रस्तुत किए गए थे, लेकिन जब संबंधित मूल बिल, स्टॉक रजिस्टर और खरीद-बिक्री के अभिलेख मांगे गए तो संचालक ठोस दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। बार-बार नोटिस के बावजूद वास्तविक कागजात नहीं दिए गए। इस पर संचालक को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि श्याम फार्मा ने कोडीन सिरप की बिक्री से संबंधित वैध अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जांच में अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आ रही है और शीघ्र ही और गिरफ्तारियां संभव हैं। बताया कि नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर पूर्ण अंकुश लगाने के उद्देश्य से अभियान जारी रहेगा। कस्बे के अमन मेडिकल स्टोर और अशोक मेडिकल स्टोर की ओर से दो दर्जन से अधिक व्यक्तियों के नाम पर बिक्री बिल प्रस्तुत किए गए हैं। इन बिलों की सत्यता की जांच प्रदेश स्तर पर गठित एसआईटी के देखरेख में की जा रही है। थोक दवा विक्रेताओं से प्राप्त विवरणों में कई व्यक्तियों को भारी मात्रा में कोडीन सिरप बेचे जाने का उल्लेख है, जबकि संबंधित पक्षों से अब तक पुष्ट दस्तावेज नहीं मिल पाए हैं। पुलिस स्टॉक रजिस्टर, जीएसटी विवरण, ट्रांसपोर्ट रसीद और बैंक लेनदेन का भी मिलान कर रही है। जांच के दौरान मामला तब और पेचीदा हो गया जब कुछ दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर दावा किया कि उनके नाम से फर्जी बिल बनाए गए हैं। उन्होंने इतनी बड़ी मात्रा में दवा की खरीद नहीं की। कुछ व्यापारियों ने पुलिस को एफिडेविट देने की तैयारी भी जताई है। इससे अवैध नेटवर्क के संगठित होने की आशंका मजबूत हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जांच अब केवल खुदरा दुकानों तक सीमित नहीं है, बल्कि थोक आपूर्ति श्रृंखला, परिवहन माध्यम और ऑनलाइन भुगतान तक खंगाली जा रही है। कॉल डिटेल, डिजिटल पेमेंट रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी पड़ताल की जा रही है, ताकि अवैध सप्लाई चैन की पूरी तस्वीर सामने आ सके।

## सिंगापुर की कम्पनी एपी मोलर माएर्स्क के प्रमुख ने की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात



**लखनऊ, (वेब वार्ता)।** उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों को विदेशी निवेशकों से निरंतर समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में सिंगापुर की अग्रणी एकीकृत कंटेनर लॉजिस्टिक्स कंपनी एपी मोलर माएर्स्क के प्रबंध निदेशक रीन पील पेडरसन ने सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश विस्तार को लेकर गहन चर्चा हुई। पेडरसन के साथ विवेक शर्मा, हेड बिजनेस डेवलपमेंट एवं रेगुलेटरी अफेयर्स (भारत, बांग्लादेश एवं श्रीलंका क्षेत्र) भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश की व्यापक संभावनाओं, उद्योगों के लिए अनुकूल कारोबारी माहौल तथा राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे राज्यों में शामिल है और यहां निवेशकों के लिए सुरक्षित, स्थिर और पारदर्शी वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम, त्वरित स्वीकृतियां, नीति आधारित प्रोत्साहन और मजबूत कानून व्यवस्था के माध्यम से सरकार निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेसवे नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स हब, औद्योगिक कॉरिडोर और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते उत्तर प्रदेश निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन चुका है। उन्होंने एपी मोलर माएर्स्क को राज्य में अपने निवेश का विस्तार करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि सरकार आवश्यक भूमि, कनेक्टिविटी और नीतिगत सहयोग सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर विवेक शर्मा ने बताया कि हमने उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों और यहां के निवेश अनुकूल माहौल को लेकर बहुत अच्छी और सार्थक चर्चा की। हमारी कंपनी पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से इस राज्य में निवेश कर रही है। इस विशेष चर्चा के दौरान हमने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण और अपने व्यवसाय के विस्तार में राज्य सरकार से मिले पूर्ण सहयोग को लेकर अपने सकारात्मक अनुभव साझा किए। हम भविष्य में भी उत्तर प्रदेश में अपने कारोबार के विस्तार के लिए नए निवेश अवसरों की तलाश करने के लिए उत्सुक हैं। उल्लेखनीय है कि एपी मोलर माएर्स्क शिपिंग, बंदरगाह, जल परिवहन और अंतर्देशीय लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में वैश्विक स्तर की कंपनी है। इसके संभावित निवेश से उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को मजबूती, औद्योगिक गतिविधियों में तेजी और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



## लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री व अन्य पर जमीन हड़पने के आरोप में रिपोर्ट

**कानपुर, (वेब वार्ता)।** लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, उनके तीन साथी व एक अज्ञात के खिलाफ रविवार को पनकी थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है। सभी पर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जमीन हड़पने का आरोप लगा है। रिपोर्ट दर्ज कराने वाले युवक का आरोप है कि लॉयर्स के पूर्व पदाधिकारी ने उनके पिता की बीमारी का फायदा उठाकर जमीन धोखे से हड़प ली है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

पनकी के पतेहुरी गांव निवासी भगवान सिंह 85 वर्षीय किसान हैं। उनके बेटे जयपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार पिता भगवान सिंह मानसिक रूप से बीमार और चलने फिरने में असमर्थ हैं। उनकी पुश्तैनी कृषि भूमि आराजी नं-19 व 128 पनकी मेन रोड पर स्थित है। इसकी कीमत करोड़ों में है।

## युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए यह बजट : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, (वेब वार्ता)।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय बजट के लिए सोमवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से कहा कि इस दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूँ।

उन्होंने कहा कि देश ने पिछले साढ़े 11 वर्षों में जो यात्रा तय की, आज उसी का परिणाम है कि 25 करोड़ से अधिक आबादी गरीबी से बाहर निकलर भारत के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। जब नीति स्पस्ट होती है और नियत साफ होती है, तो इसी प्रकार परिणाम आता है। आज भारत तेजी से आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी का हमेशा से जोर रहा है कि हमें अपने अधिकारों पर ही नहीं बल्कि कर्तव्यों पर जोर दिया जाना चाहिए।

समाज, राष्ट्र के प्रति हर नागरिक का क्या कर्तव्य है, यह समझना चाहिए। यह पहला बजट है जो कर्तव्य भवन में आया। इस बजट में रिफॉर्म, ग्रोथ और फिजिकल डिसिप्लिन देखने को मिला है। यह बजट सुदृढ़ कार्य करेगा। बजट में मूल कर्तव्यों के बारे ध्यान आकर्षित किया गया है। किसान, युवा, महिला और गरीब की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर यह बजट पेश हुआ है। इसमें 10 हजार करोड़ एमएसएमई सेक्टर के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। सबसे अधिक 96 लाख एसएमएमई इकाइयां उत्तर प्रदेश में हैं।

इन्हें आगे बढ़ाने में मदद होगी। यूपी सबसे अधिक इसका लाभ ले सकेगा। सात रेलवे के नए कॉरिडोर में दो यूपी को प्राप्त हुए हैं। ईस्टर्न और वेस्टर्न कॉरिडोर यूपी से होकर गुजरेगा। इसमें ट्रेनों की 300 से 500 किलोमीटर प्रति घण्टा स्पीड होगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वाराणसी से हल्दिया तक वाटरवे शुरू हो गया है। गोमती समेत अन्य नदियों में भी इसका लाभ लिया जा सकता है। 10 हजार करोड़ बायोफार्मा हब बनाने के लिए बजट का प्रावधान किया गया है।

## 68 हजार कर्मियों की सैलरी रोकी, सीएम योगी हुए भावुक



**भेदी नज़र, लखनऊ।** हम आपके लिए उत्तर प्रदेश से जुड़ी दिनभर की सभी प्रमुख और अहम खबरों का संक्षिप्त, लेकिन प्रभावी सार लेकर आए हैं। हालांकि 'पूरी खबर पढ़े' पर क्लिक करके आप उस खबर को विस्तृत रूप में पढ़ सकते हैं। यहां प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक की घटनाओं के बारे में तथ्यात्मक और सटीक जानकारी आपको मिलेगी। राज्य में क्या बदला? कहां क्या हुआ? कौन-सी खबरें सुर्खियां बनीं? सब कुछ एक ही जगह पर पढ़ सकते हैं। आइए, आज की उत्तर प्रदेश की बड़ी खबरों पर विस्तार से नजर डालते हैं। यूपी सरकार ने 68 हजार से ज्यादा राज्य कर्मचारियों की सैलरी फिलहाल रोक दी है। ये वो कर्मचारी हैं, जिन्होंने अपनी प्रॉपर्टी की जानकारी 'मानव संपदा पोर्टल' अपलोड नहीं की है। दरअसल, कुछ दिन पहले प्रदेश सरकार ने 'मानव संपदा पोर्टल' पर राज्य कर्मियों के चल-अचल संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन करना अनिवार्य कर दिया था। राजधानी लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' लगाया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में सीएम से मिलने बालिका अनाबी अली भी पहुंची। वह कान्वेंट स्कूल में एडमिशन की चाह लेकर आई थीं। इस दौरान उसने दिल को छू लेने वाली बातचीत की। उसकी बातें सुनकर सीएम ने तत्काल उसका एडमिशन पक्का कराने के लिए अधिकारियों को आदेश दिया। पढ़ें पूरी खबर अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने पर पोस्ट कर लिखा- 'माननीय न्यायालय संज्ञान ले' भाजपाई घपलेबाज खुद से फार्म 7 छापकर, नकली हस्ताक्षर करके पीडीए समाज के वोटरों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समाज का वोट कटवाने में लगे हैं। हर पत्रकार से अपील है, अपना मीडिया धर्म निभाएं, लोकतंत्र बचाएं। जो भी मीडिया, वो चाहे गांव-मोहल्ले-स्थानीय स्तर का हो या जिले-मंडल-राज्य स्तर का अगर वो ये खबरें दिखा रहा है और लोकतंत्र के चौथे खंभे की सार्थक भूमिका निभा रहा है, तो हम उसके साथ हैं। यूपी में 69 हजार शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने सोमवार को लखनऊ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई न होने से अभ्यर्थी नाराज हैं। इसी को लेकर अभ्यर्थी केशव मौर्य के घर के सामने धरने पर बैठे थे।

## प्रमाणित बीज की कमी न हो, संकर बीजों में बाहरी निर्भरता समाप्त कर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएं : सीएम योगी

लखनऊ, (वेब वार्ता)।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कृषि उत्पादन की वास्तविक शक्ति उच्च गुणवत्ता वाले, भरोसेमंद और प्रमाणित बीजों में निहित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए नई और आधुनिक बीज नीति समय की मांग है।

भूमि जोत लगातार घट रही है, ऐसे में ध्यान केवल रकबे पर नहीं, बल्कि प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने पर होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि उच्च उपज, रोग-प्रतिरोधी और जलवायु-सहिष्णु किस्मों के विकास को प्राथमिकता देते हुए ऐसी बीज नीति तैयार की जाए जो आने वाले वर्षों की कृषि चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करे। बीज नीति पर चर्चा करते हुए सीएम योगी ने अगले पांच वर्षों के लिए प्रदेश की बीज उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और उपलब्धता को नए स्तर तक ले जाने के लिए ठोस रोडमैप तैयार करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीज उत्पादन, प्रसंस्करण और भंडारण की पूरी प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग आवश्यक है, ताकि प्रमाणित बीज की कमी न हो और किसान सशक्त बन सकें।

मुख्यमंत्री ने भरोसेमंद बीज आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर बीज की एंड-टू-एंड ट्रेसेबिलिटी को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिलावटी या अमानक बीजों के प्रति कोई भी ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। किसानों तक पहुंचने वाला हर बीज पैकेट प्रमाणित, परीक्षणित और पूरी तरह मानक होना चाहिए। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालयों, आईसीएआर संस्थानों, उपकार और निजी बीज उद्योग को एक साझा मंच पर लाकर बीज अनुसंधान, नवाचार और किस्म-रिलीज प्रक्रिया को तेज करने की आवश्यकता बताई। फसल विविधीकरण को गति देने के लिए उन्होंने दलहन, तिलहन, मक्का, बाजरा, ज्वार और बागवानी फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता हेतु विशेष रणनीति तैयार करने को कहा।

इसी क्रम में प्रदेश में अगले पांच वर्षों में कम से कम पांच ह्यसीड पार्कह्ल स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम करने के निर्देश दिए। ये सीड पार्क उत्पादन, प्रसंस्करण, गुणवत्ता परीक्षण और भंडारण की सभी सुविधाओं से सुसज्जित एकीकृत परिसर होंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों को बीज विकास कार्यक्रमों से सीधे जोड़ा जाए, ताकि अनुसंधान, प्रशिक्षण और खेत-स्तर पर तकनीक के प्रसार के बीच सुदृढ़ समन्वय स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नौ क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप एक-एक कृषि विज्ञान केंद्र को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाए, जिससे क्षेत्र-विशेष की फसलों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीज और तकनीकी समाधान तैयार किए जा सकें।

# बजट को लेकर आमने-सामने आए भाजपा-कांग्रेस के नेता

## सचिन को नहीं पता आटे-दाल का भाव: मदन राठौड़

**उदयपुर, (वेब वार्ता)।**

केंद्रीय बजट 2026 को लेकर कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रियाओं पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने तीखा पलटवार किया है। उदयपुर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राठौड़ ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तंज कसते हुए कड़े शब्दों में प्रतिक्रिया दी। राठौड़ ने



सचिन पायलट पर निशाना साधते हुए कहा कि वे राजेश पायलट के पुत्र हैं, उन्हें आम आदमी के जीवन से जुड़े आटे-दाल के भाव की जानकारी नहीं है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि यदि गहलोत भाजपा सरकार के बजट की तारीफ कर देंगे तो 'उनकी दुकान खाली हो जाएगी', इसलिए वे कभी बजट की सराहना नहीं करेंगे, बल्कि विरोध ही करेंगे।

दरअसल, सचिन पायलट ने केंद्रीय बजट 2026 को दिशाहीन और भ्रमित करने वाला बताते हुए कहा था कि इसमें महंगाई नियंत्रण के लिए कोई ठोस और प्रभावी प्रावधान नहीं है। वहीं, अशोक गहलोत ने बजट को राजस्थान के साथ सौतेला व्यवहार करार दिया था। इस पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इसमें राजस्थान को कई महत्वपूर्ण सौगातें दी गई हैं। भारत माला परियोजना के तहत राजस्थान में नई योजनाएं तैयार की गई हैं, जिनमें जयपुर, जोधपुर और पाली बेल्ट को विशेष रूप से शामिल किया गया है।

### पुलिस व शराब माफिया की गठजोड़ का मामला वायरल

**बेतिया, (वेब वार्ता)।** बिहार में शराबबंदी लागू है और कानून बेहद सख़्त है, लेकिन पश्चिम चंपारण के बेतिया से सामने आई एक तस्वीर ने खाकी की साख पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस वर्दी पर कानून के पालन और जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही वर्दी शराब तस्करों से खुलेआम सौदेबाजी करती नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है। वायरल वीडियो में चलती ट्रक के अंदर ट्रक चालक और एक पुलिसकर्मी के बीच शराब से लदे ट्रक को छोड़ने के बदले पैसों की डील साफ तौर पर सुनी जा सकती है। बातचीत में पहले 10 लाख रुपये की मांग की जाती है, जो बाद में 3 लाख रुपये में तय होती दिखाई दे रही है।

# खेजड़ी बचाओ आंदोलन का दिखा असर

## स्कूल- मार्केट सब बंद, बड़े आंदोलन की जरूरत: रविंद्र भाटी

**बीकानेर, (वेब वार्ता)।**

खेजड़ी के पेड़ों की कटाई के विरोध में चल रहे खेजड़ी बचाओ आंदोलन के तहत सोमवार को बीकानेर बंद का व्यापक असर देखा गया। शहर के व्यापारिक संगठनों ने आंदोलन का समर्थन करते हुए अपने प्रतिष्ठान दोपहर 2 बजे तक बंद रखे। वहीं, शहरी क्षेत्र के सरकारी और निजी स्कूलों में आधे दिन की छुट्टी घोषित की गई। इस आंदोलन को अपना समर्थन देने के लिए शिव विधायक रविंद सिंह भाटी भी महापड़ाव में पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए सरकार को चुनौती दी। महापड़ाव में लोगों को संबोधित करते हुए शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि मैंने यह मुद्दा विधानसभा में



उठाया था। लेकिन जिम्मेदारों ने बात नहीं मानी। अब युवाओं को आगे आकर एकजुट होना पड़ेगा। सरकार को झुकाने के लिए बड़े आंदोलन करने की जरूरत है। यदि बीकानेर से विधानसभा घेराव करना है तो मैं सबसे आगे रहूंगा।

महापड़ाव में आए लोगों के लिए खाने की भी व्यवस्था की गई थी। यहां बड़े कड़ाहों में देशी घी का हलवा और छोले-भटूरे बनाए गए थे। आयोजकों ने बताया कि करीब एक लाख लोगों के खाने की व्यवस्था की गई है। अगर सरकार ने हमारी बात नहीं मानी तो आंदोलन तेज होगा।

दिन भर चले महापड़ाव के बाद से ही शाम को पॉलिटेक्निक कॉलेज पर प्रदर्शनकारी बैठे हुए हैं। यहां संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया, पोकरण विधायक प्रतापपुरी भी लोगों के समर्थन में पहुंचे हैं। वहीं, सरकार की तरफ से प्रशासन की ओर से वार्ता करने कलेक्टर नम्रता वृष्णि महापड़ाव स्थल पर पहुंची हैं। महापड़ाव में भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

## वित्तीय अनुशासन के साथ विकास का विजन है मोदी सरकार का बजट: भजनलाल शर्मा

**जयपुर, (वेब वार्ता)।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय बजट को नए भारत की महत्वाकांक्षाओं और अंतिम व्यक्ति की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया संतुलित बजट बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पिछले 12 वर्षों से वित्तीय अनुशासन और स्थायित्व के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया यह बजट आत्मनिर्भर से विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि यह बजट युवाओं पर केंद्रित है। रोजगार, कौशल विकास, स्टार्टअप्स और सर्विस सेक्टर को बढ़ावा देने वाले प्रावधानों से युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर खुलेंगे। उन्होंने बताया कि एक लाख एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल, 1.5 लाख केयर गिवर्स और टूरिस्ट गाइड्स को स्किल ट्रेनिंग से जोड़ा जाएगा।

प्रदेश में पहले से लागू एवीजीसी-एक्सआर नीति और अब स्कूल-कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स की स्थापना से राजस्थान के युवाओं को विशेष लाभ मिलेगा । मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों की आय बढ़ाने, कृषि अवसंरचना मजबूत करने और बाजार तक पहुंच आसान बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

# मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**सवाई माधोपुर,(वेब वार्ता)।**

केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलकर जीरामजी करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी लगातार आंदोलन कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को सवाई माधोपुर में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कलेक्ट्रेट के समक्ष सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया गया।

कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार नाम बदलने की आड़ में मनरेगा योजना को धीरे-धीरे समाप्त करने की मंशा से काम कर



रही है। कांग्रेस का कहना है कि यह योजना मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन भाजपा सरकार गरीबों से जुड़ी इस जनकल्याणकारी योजना को खत्म करने पर आमादा है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा देश की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना है और इससे करोड़ों ग्रामीण परिवारों को आजीविका मिलती है।

### शादी के आठ महीने बाद नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

**छपरा, (वेब वार्ता)।** छपरा में शादी के महज आठ महीने बाद ही 19 वर्षीय नवविवाहिता संध्या की संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न सिर्फ एक परिवार के उजड़ने की दर्दनाक कहानी बयान करती है, बल्कि भारतीय समाज में अब भी जड़ जमाए दहेज जैसी कुप्रथा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। मामला सारण जिले के परसा थाना क्षेत्र का है, जहां संध्या का शव उसके ससुराल में बिस्तर पर मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संध्या की शादी 23 मई 2025 को हिंदू रीति-रिवाजों के साथ गौतम से हुई थी। शादी के बाद वह ससुराल गई, जहां शुरूआती कुछ दिनों तक सब कुछ सामान्य रहा।

## बघेरी में हुआ पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना का अंतिम संस्कार

**कोटपूतली, (वेब वार्ता)।**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री हेमसिंह भड़ाना का लंबी बीमारी के बाद 58 वर्ष की उम्र में सोमवार को निधन हो गया। भड़ाना ने सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे अलवर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से प्रदेशभर में शोक की लहर दौड़ गई। भड़ाना पिछले करीब छह महीनों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। इस दौरान उन्हें ब्रेन हेमरेज भी हुआ था और उनका उपचार गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में चल रहा था।

हेमसिंह भड़ाना का राजनीतिक जीवन प्रभावशाली रहा। वे अलवर जिले की थानागाजी विधानसभा सीट



से दो बार विधायक चुने गए और मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। वर्ष 2014 में उन्हें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री बनाया गया था। इसके अलावा, उन्होंने उपभोक्ता मामले, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, स्टेट मोटर गैराज और संपदा विभाग जैसे मंत्रालयों का कार्यभार भी संभाला।

# बजट को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**नागौर,(वेब वार्ता)।**

केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए राजस्थान भाजपा ने राज्य के सभी जिलों में एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इसी क्रम में नागौर जिले में महिला एवं बाल विकास तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग की राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता की।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने बजट को समावेशी विकास, आर्थिक सशक्तिकरण और विकसित भारत



2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त एवं दूरदर्शी कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौवीं बार पेश यह बजट युवा, किसान, महिला, गरीब और मध्यम वर्ग सभी के हितों का विशेष ध्यान रखता है।

डॉ. बाघमार ने बताया कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, रोजगार सृजन, नवाचार और डिजिटल सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है। किसानों की आय बढ़ाने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने वाले प्रावधान भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को और मजबूत करेंगे।

## युवक को बुरी तरह पीटा, फिर सिर को ईंट से कुचलकर गोली मारके की नृशंस हत्या

**पटना,(वेब वार्ता)।**

पटना के पंडारक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन से कुछ घंटे पहले एक व्यक्ति की नृशंस हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया। पंडारक थाना क्षेत्र के महुवारी गांव निवासी अमृत कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई, इसके बाद अपराधियों ने ईंट से उनका सिर कुचल दिया। उनकी शव अंबुजा सीमेंट के पास मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

बताया जा रहा है कि अमृत कुमार किसी काम से बाइक से घर से निकले थे। कुछ ही देर बाद उनकी लाश सड़क किनारे पड़ी मिली। मृतक की पहचान मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर की गई। शव के पास खून से सना एक ईंट बरामद हुआ है, वहीं करीब दस मीटर तक सड़क पर खून फैला हुआ मिला, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि हत्या से पहले मृतक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई।

पुलिस के अनुसार, अमृत कुमार के शरीर पर गंभीर चोट के कई निशान मिले हैं, जिससे हाथापाई की पुष्टि होती है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि पहले उनके सिर पर ईंट से वार किया गया और फिर गोली मारी गई। हालांकि हत्या के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# बीकानेर में बाजार बंद और स्कूलों में छुट्टी आखिर क्यों उतरा सड़कों पर जनसैलाब?

**बीकानेर, (वेब वार्ता)।**

राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजड़ी को बचाने की मांग को लेकर बीकानेर आज पूरी तरह खेजड़ी बचाओ, पर्यावरण बचाओ महापड़ाव के रंग में नजर आया। व्यापारिक संगठनों के समर्थन से शहर के प्रमुख बाजार सुबह से बंद रहे। वहीं शहरी क्षेत्र के सरकारी और निजी स्कूलों में लंच टाइम के बाद आधे दिन की छुट्टी घोषित की गई। पश्चिमी राजस्थान के विभिन्न जिलों से हजारों पर्यावरण प्रेमी, बिश्नोई समाज के लोग, संत-साधु और आम नागरिक बीकानेर पहुंचे।

आंदोलनकारियों का आरोप है









कि पश्चिमी राजस्थान, विशेषकर बीकानेर और आसपास के इलाकों में सोलर प्रोजेक्ट्स के नाम पर बड़े पैमाने पर खेजड़ी के पेड़ों की कटाई की जा रही है।

कई स्थानों पर रात के अंधेरे में पेड़ काटकर उन्हें जमीन में दबा दिए जाने की भी शिकायतें सामने आई हैं, ताकि सबूत न मिल सके। पिछले एक महीने से कलेक्ट्रेट परिसर और करणीसर भाटियान में खेजड़ी बचाओ आंदोलन के तहत अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है, जिसमें कई महिलाओं की तबीयत बिगड़ने की जानकारी भी सामने आई है।

## चोरों ने गैस कटर से काटा दुकान का शटर, नकदी व चांदी लेकर फरार

**कोटा,(वेब वार्ता)।**

राजस्थान के कोटा जिले में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक बार फिर चोरों ने एक ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाते हुए गैस कटर से दुकान का शटर काट दिया और सोने-चांदी के सामान के साथ नकदी चोरी कर फरार हो गए। यह वारदात शहर के अनंतपुरा थाना क्षेत्र में ट्रक यूनियन के नजदीक स्थित एक ज्वेलरी शॉप में सामने आई है। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरों ने सबसे पहले गैस कटर की मदद से दुकान का शटर काटा। इसके बाद अंदर लगे कांच के गेट का ताला तोड़कर दुकान में प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

दुकान मालिक भरत शाक्यवाल ने बताया कि उनकी दुकान ट्रक यूनियन के पास स्थित है। दुकान में सोने-चांदी के गहनों से भरी एक अलमारी रखी थी। चोरों ने पहले अलमारी तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहने पर उसे उठाकर ले जाने लगे। साथ ही गल्ले में रखे करीब 13 हजार रुपये नकद और 600 से 700 ग्राम पुरानी चांदी भी चुरा ली।

चोरी के दौरान चोरों ने दुकान के ऊपर रहने वाले मकान मालिक के घर के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और दूसरे गेट की कुंडी भी बंद कर दी, ताकि कोई बाहर न निकल सके। अलमारी ले जाते समय कुछ दूरी पर गिरने से आवाज हुई, जिससे मकान मालिक की नींद खुल गई और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया।

# दिल्ली-कोलकाता हाईवे पर भीषण जाम

## 10 किमी तक थमे पहिए; वाहन चालक व यात्री भूखे-प्यासे हो रहे बेहाल

**रोहतास,(वेब वार्ता)।**

सासाराम में दिल्ली-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-19) पर पिछले दो दिनों से लगा महाजाम अब वाहन चालकों और यात्रियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। रोहतास जिले में जाम की स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि हाईवे पर दोनों ओर करीब 10 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। ट्रक चालक और यात्री बीते 48 घंटों से भूखे-प्यासे फंसे हुए हैं। हालात ऐसे हैं कि एनएच पर वाहनों के पहिए पूरी तरह थम गए हैं और चंद किलोमीटर की दूरी तय करने में भी घंटों का समय लग रहा है।

हाईवे पर सुबह पांच बजे से



फंसे ट्रक चालक लखन ने बताया कि जाम की स्थिति बेहद गंभीर है। आसपास भोजन और पानी की कोई सुविधा नहीं होने से परेशानी बढ़ गई है।

वहीं बनारस से विदेशी पर्यटकों को लेकर गयाजी जा रहे एक वाहन चालक ने बताया कि पर्यटकों को बराबर पहाड़ियां घुमाने ले जाना था, लेकिन जाम के कारण आधा दिन बर्बाद हो गया। अब उन्हें घूमने के लिए अगले दिन का इंतजार करना पड़ेगा। अन्य वाहन चालकों और यात्रियों ने भी प्रशासन और निर्माण कंपनियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एनएच पर जाम की समस्या अब नियति बन चुकी है, जिससे समय की बबार्दी के साथ-साथ जान का खतरा भी बना रहता है।

### अमीरी में पटना का जलवा, शिवहर सबसे फिसड्डी

**पटना, (वेब वार्ता)।** आज बिहार का आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया गया, जिसमें बिहार की अर्थव्यवस्था और जिलों की संपन्नता की नई तस्वीर सामने आई है। राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 की रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी पटना प्रदेश का सबसे समृद्ध जिला बनकर उभरा है। वहीं, विकास की दौड़ में शिवहर सबसे निचले पायदान पर है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि पटना की प्रति व्यक्ति आय, शिवहर के मुकाबले लगभग छह गुना से भी ज्यादा है, जो राज्य के भीतर मौजूद आर्थिक असमानता को स्पष्ट रूप से दशार्ती है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 की रिपोर्ट के अनुसार बिहार की औसत प्रति व्यक्ति आय अब 76,490 रुपये हो गई है। प्रति व्यक्ति आय के आधार पर जिलों की रैंकिंग में पटना सबसे आगे है।

## परीक्षा ड्यूटी से नदारद अधिकारी से मांगा गया स्पष्टीकरण

**रोहतास, (वेब वार्ता)।**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा के पहले ही दिन लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की है। परीक्षा ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए अधिकारी का एक दिन का वेतन स्थगित कर दिया गया है और उनसे 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

बताया गया है कि 2 फरवरी से 13 फरवरी तक चलने वाली इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त संचालन के लिए विशेष दलों का गठन किया गया है। इसी क्रम में बीपीआईयू, कोचस के प्रखंड परियोजना प्रबंधक विनय कुमार बैठा को प्रश्नपत्र वितरण सह उत्तर पुस्तिका संग्रह दल में प्रतिनियुक्त किया गया था। लेकिन परीक्षा के पहले दिन ही वे अपने निर्धारित स्थल पर अनुपस्थित पाए गए। जांच के दौरान उनका मोबाइल फोन भी बंद मिला।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी उदिता सिंह ने विनय कुमार बैठा से 24 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है।

## पूर्णिया में माघी पूर्णिमा स्नान के दौरान सौरा नदी में डूबा युवक, परिवार में पसरा मातम



**पूर्णिया, (वेब वार्ता)।**

पूर्णिया में माघी पूर्णिमा के अवसर पर आस्था और उत्साह का माहौल उस वक्त मातम में बदल गया, जब सौरा नदी में स्नान करने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह हादसा मोबाइल पर रील बनाने के दौरान हुआ। सोमवार सुबह युवक का शव बरामद होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलौरी स्थित सौरा नदी की है। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सतडोभ (वार्ड संख्या 44) निवासी 26 वर्षीय बेचन ऋषि के रूप में हुई है।

मृतक के पिता चमकलाल ऋषि ने बताया कि रविवार शाम बेचन अपनी पत्नी और तीन दोस्तों के साथ माघी पूर्णिमा के स्नान के लिए घर से करीब तीन किलोमीटर दूर सौरा नदी गया था। स्नान के दौरान बेचन ने मोबाइल निकालकर वीडियो (रील) बनाना शुरू किया।

### सड़क किनारे पेड़ से टकराई बाइक, दुर्घटना में एक की मौके पर मौत

**पटना, (वेब वार्ता)।** पटना जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। मृतक की पहचान 24 वर्षीय रवि पासवान, पिता प्रभु पासवान, के रूप में हुई है। हादसे में गौतम कुमार और शिव कुमार घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए पटना एम्स रेफर कराया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

# नि:शुल्क परीक्षा यात्रा योजना में घोटाला

## गिरोह बनाकर रोडवेज को लगाया चूना, 7 आरोपी और गिरफ्तार

**झालावाड, (वेब वार्ता)।**

राजस्थान रोडवेज की निःशुल्क परीक्षा यात्रा योजना में गड़बड़ी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन राइड के तहत पुलिस ने दूसरे चरण में बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी झालावाड़ सहित प्रदेश के अन्य जिलों में सक्रिय थे और परीक्षा यात्रियों को मिलने वाली किराया छूट में फजीर्वाड़ा कर रहे थे।

जांच में सामने आया है कि परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए टोंक के परीक्षा केंद्र पर पहुंचा लेकिन रोडवेज परिचालकों द्वारा उसके एडमिट कार्ड का उपयोग




झालावाड़ या कोटा जिले में किया गया। जबकि नियमानुसार जिस जिले में परीक्षा केंद्र होता है, उसी जिले में एडमिट कार्ड रोडवेज में जमा कराया जाना चाहिए। इस फजीर्वाड़े से रोडवेज को राजस्व का भारी नुकसान हुआ।

एसपी अमित कुमार ने बताया कि रोडवेज बसों में परीक्षा अभ्यर्थियों से अवैध वसूली करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया गया है। पहले पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि कुछ बस सारथी और परिचालक अपने तय टारगेट पूरे करने के लिए परीक्षा अवधि के दौरान 50 से 75 प्रतिशत यात्रियों से निःशुल्क योजना के बावजूद किराया वसूल रहे थे।

इस पूरे मामले में रोडवेज परिचालक, सिविल डिफेंस कर्मी (संविदा चालक) और बस सारथी की आपसी मिलीभगत सामने आई है। झालावाड़ में पहले 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जो गिरोह बनाकर रोडवेज को राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे थे। जांच में यह भी सामने आया कि परीक्षा देने आए यात्रियों को धमकाकर और गुमराह कर उनसे पैसे वसूले जा रहे थे।

# रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट पर गुमराह कर रही कांग्रेस सरकार: अनुराग सिंह ठाकुर

**ब्यूरो, शिमला**



पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) को सोलहवें वित्त आयोग द्वारा बंद किए जाने के संबंध में की गई टिप्पणियों को गुमराह करने वाला करार दिया है। सोमवार को जारी बयान में अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सदा हिमाचल के हितों का विशेष ध्यान रखा है। कभी किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी। यह देखना दुर्भाग्यपूर्ण है कि रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट पर कांग्रेस सरकार प्रदेश को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने वित्तीय कुप्रबंधन का ठीकरा केंद्र फोड़ रही है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि नए फॉमूर्ले के तहत हिमाचल का हिस्सा वास्तव में बढ़ा है। रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट कोई स्थायी नहीं बल्कि अस्थायी व्यवस्था थी और 16 वें वित्त आयोग ने सामान्य आरडीजी की सिफारिश नहीं की। हिमाचल सहित कई प्राप्तकर्ता राज्यों में लगातार कमजोर प्रयासों और उच्च प्रतिबद्ध व्यय का पैटर्न देखा गया। हिमाचल का डेवोल्यूशन घटा नहीं, बल्कि बढ़ा है। अन्यायपूर्ण कटौती के कांग्रेस के खोखले दावों के विपरीत 16वें वित्त आयोग ने हिमाचल प्रदेश का विभाज्य पूल में हिस्सा 15वें वित्त आयोग के 0.830 फीसदी से बढ़ाकर 0.914 फीसदी कर दिया है।

नए फॉमूर्ले के तहत हिमाचल का पोस्ट-डेवोल्यूशन प्राप्ति 2025-26 के बजट अनुमान में लगभग 11,561.66 करोड़ से बढ़कर 13,949.97 करोड़ रुपये हो गया है, जो लगभग 2,388 करोड़ की वृद्धि है। यह केंद्रीय कर डेवोल्यूशन में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है। 15वें वित्त आयोग के तहत कोविड से उबरने में राज्यों की मदद के लिए आरडीजी फ्रंट-लोडेड था और इसे स्पष्ट रूप से समय-बद्ध, संक्रमणकालीन उपाय के रूप में तैयार किया गया था, जिसका उद्देश्य राज्यों को 2025-26 तक लगभग शून्य राजस्व घाटे तक लाना था।

# केंद्र सरकार के बिजली संशोधन विधेयक पेन डाउन हड़ताल करेंगे प्रदेश विद्युत बोर्ड कर्मचारी

**शिमला, (वेब वार्ता)।**




हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारियों, इंजीनियरों और पेंशन भोगियों के संगठनों की संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) ने राष्ट्रीय विद्युत कर्मचारी और इंजीनियरों की समन्वय समिति की ओर से दिए गए राष्ट्रव्यापी हड़ताल आह्वान के समर्थन में 12 फरवरी को राज्यव्यापी पेन डाउन और टूल डाउन कर प्रदर्शन की घोषणा की है। यह विरोध प्रदर्शन प्रस्तावित विद्युत (संशोधन) विधेयक 2025 के साथ प्रदेश में विद्युत क्षेत्र को प्रभावित करने वाले कई महत्वपूर्ण मुद्दों का विरोध करने वाले राष्ट्रीय आंदोलन के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस दिन राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी व अभियंता इस संशोधन बिल के खिलाफ हड़ताल में रहेंगे।

जेएसी के घटकों के प्रतिनिधि ई. लोकेश ठाकुर, हीरा लाल वर्मा, प्रशांत शर्मा, ई. मुकेश राठी, ई. शशि कांत, ई. नरेंद्र ठाकुर, ई. मनोहर लाल, ई. एएस गुप्ता, ई. एसके सोनी और अश्विनी शर्मा की ओर से हस्ताक्षरित इस आशय का नोटिस बोर्ड प्रबंधन को सौंपा जा चुका है। प्रदेश में विरोध प्रदर्शन के दिन बिजली कर्मचारी और इंजीनियर अपने-अपने कार्यस्थलों पर मौजूद रहेंगे, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर घोषित कार्य योजना के अनुसार 24 घंटे की अवधि तक नियमित कर्तव्यों का पालन नहीं करेंगे।

# 2030 तक वन क्षेत्र को 31 प्रतिशत करने के लिए तैयार करें रोडमैप



**शिमला, (वेब वार्ता)।**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वन विभाग को वर्ष 2030 तक हिमाचल प्रदेश में वन क्षेत्र को विस्तार प्रदान कर 31 प्रतिशत तक करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सोमवार को वन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य का वन क्षेत्र 29.5 प्रतिशत है, जिसे योजनाबद्ध और सतत तरीके से बढ़ाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एक वैश्विक समस्या बनकर उभरी है और इसके प्रतिकूल प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। इसके दृष्टिगत वर्तमान राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। हिमाचल प्रदेश में लगभग 16,376 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र हिमाच्छादित, बंजर या पर्वतीय क्षेत्र है, जहां पौधारोपण संभव नहीं है, इसलिए वन विभाग को प्रत्येक जिले में पौधारोपण के लिए उपयुक्त संभावित क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिए और उसके अनुसार चरणबद्ध पौधारोपण योजना तैयार करनी चाहिए। उन्होंने देशी प्रजातियों, फलदार पौधों और औषधीय महत्व वाले पौधों के रोपण पर भी बल दिया।

सुक्खू ने कहा कि विभाग को केवल नए जंगलों के विस्तार पर ही नहीं बल्कि मौजूदा वनों की सुरक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए, साथ ही वन संरक्षण की दिशा में स्थानीय लोगों और समुदायों की सक्रिय भागीदारी को भी सुनिश्चित करना चाहिए।

## शोभा यात्रा के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

**बद्दी, (वेब वार्ता)।** बद्दी के मानपुरा पंचायत में रविदास जयंती के मौके पर शोभायात्रा के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब युवक झंडा चढ़ाने की रस्म निभा रहा था और घरों में लगाई गई सजावटी लाइटों की तारों से वह टच हो गया। करंट लगने से युवक को झटका लगा और वह गिरकर बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे नालागढ़ अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, यह हादसा मानपुरा पंचायत के वार्ड आठ में हुआ, जहां 20 वर्षीय अजय कुमार, पुत्र रामलाल, शोभायात्रा में शामिल था। जैसे ही वह झंडा चढ़ाने की रस्म अदा कर रहा था, वह पास के भवन में लटकी सजावटी लाइटों की तारों से टकरा गया, जिससे झंडे में करंट फैल गया और उसे करंट लग गया।

# फायर एनओसी के नाम पर नहीं रुकेगा होटल का नवीनीकरण: सुक्खू

**शिमला, (वेब वार्ता)।**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को यहां होम स्टे पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से अब घर बैठे ही होम स्टे का पंजीकरण किया जा सकेगा। पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया को अत्यन्त सरल एवं उपयोगकर्ता अनुकूल बनाया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार होम स्टे संचालकों और होटल मालिकों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि उनके व्यवसाय पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि आपत्ति के नाम पर होटल कारोबारियों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

अतिथ्य उद्योग को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए एक अहम कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि फायर अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के कारण होम स्टे के पंजीकरण के रिन्यूअल को रोका नहीं जाना चाहिए। उन्होंने पर्यटन विभाग को ऐसे होटलों को प्रोविजनल पंजीकरण प्रदान करने को कहा, ताकि उनका व्यवसाय सुचारू रूप से संचालित होता रहे। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं के दृष्टिगत पर्यटन से स्वरोजगार अर्जित करने के लिए होम स्टे योजना आरंभ की गई है। उन्होंने कहा कि होम स्टे योजना का उद्देश्य ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना तथा पर्यटकों को अनछुए पर्यटन स्थलों की ओर आकर्षित करना है।

## राष्ट्रीय पक्षी मोर को भा गईं जगतसुख की बर्फीली वादियां

**मनाली, (वेब वार्ता)।** राष्ट्रीय पक्षी मोर को जगतसुख की बर्फीली वादियां भा गई हैं। क्षेत्र में मोर देखा गया है। सोशल मीडिया में इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। मौसम चक्र और आबोहवा में आ रहे बदलाव को इसका कारण माना जा रहा है। लगभग 6500 फीट की ऊंचाई पर मोर का दिखना एक आश्चर्यजनक बात है। जानकारों का कहना है कि यह मैदानी पक्षी आमतौर पर लगभग 1,600 फीट की ऊंचाई पर पाया जाता है। यह हिमालय में पारिस्थितिक परिवर्तनों और वायुमंडलीय तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि के संकेत हैं। हिमाचल के निचले इलाकों में मोर पहले भी देखे गए हैं लेकिन मनाली में पहली बार मोर की दस्तक वन्यप्राणी प्रेमियों के लिए चर्चा का विषय बन गई है।

# पांच एचएएस अधिकारियों को मिली तैनाती

**शिमला, (वेब वार्ता)।**


हिमाचल प्रदेश सरकार ने पांच हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचएएस) अधिकारियों के ट्रांसफर और तैनाती आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार तैनाती का इंतजार कर रहे एचएएस अधिकारी अनिल कुमार शर्मा को सचिव राज्य विद्युत नियामक आयोग शिमला के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं अतिरिक्त सचिव (राजस्व) सुनील वर्मा को इस पद के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।

इसी तरह एचएएस अधिकारी केशव राम को भूमि अधिग्रहण अधिकारी, ब्यास बांध परियोजना राजा का तालाब लगाया गया है। विपन कुमार को सहायक उपायुक्त, डीसी किन्नौर के पद पर तैनात किया गया है। पूजा अधिकारी को सहायक बंदोबस्त अधिकारी अर्की और विवेक कुमार को एसी टू डीसी कांगड़ा के पद पर तैनात किया गया है। वहीं जगदीप सिंह को आगे की पोस्टिंग के लिए कार्मिक विभाग शिमला में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है।

# शिमला शहर के 10 चिन्हित स्थानों पर सार्वजनिक बैठक

## धरना-प्रदर्शन करने पर रोक

**शिमला, (वेब वार्ता)।**



जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने सोमवार को पंजाब राज्य सुरक्षा अधिनियम 1953 की धारा 6 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं। इसके तहत सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिमला शहर के छोटा शिमला से रिज व कैनेडी हाउस तक, रेंडेजवॉयस रेस्तरां से रिवोली सिनेमा तक 150 मीटर दूरी तक, स्कैंडल पॉइंट से काली बाड़ी मंदिर तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से लिंक रोड छोटा शिमला-कसुम्पटी रोड, छोटा शिमला चौक से लोक भवन से ओक ओवर तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से सट्टी सीढ़ियां और पैदल रास्ता जो कसुम्पटी सड़क की ओर, कार्ट रोड से मजीठा हाउस लिंक रोड तक, एजी कार्यालय से कार्ट रोड, सीपीडब्ल्यूडी कार्यालय से चौड़ा मैदान और उपायुक्त कार्यालय के ऊपर पुलिस गुमटी से लोअर बाजार की ओर 50 मीटर की दूरी तक सभी स्थलों पर सार्वजनिक बैठक आयोजित करने, जुलूस व रैलियां निकालने, प्रदर्शन करने, नारे लगाने, बैंड बजाने और अपराध की मंशा से हथियार के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं को ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है। यह आदेश अपने कर्तव्यों का पालन करते समय पुलिस, अर्धसैनिक व सैन्य कर्मियों पर लागू नहीं होगा।

## नेशनल रोइंग में सिरमौर के अंकुश के नाम स्वर्ण पदक

**सिरमौर, (वेब वार्ता)।** 43वीं राष्ट्रीय सीनियर रोइंग चैंपियनशिप में हिमाचल के कमरऊ के अंकुश तोमर ने स्वर्ण पदक जीता है। पुणे में प्रतियोगिता में शानदार सफलता पर अंकुश के परिजनों और गांव में खुशी की लहर है। सेना में तैनात अंकुश ने इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीत चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने के सपने को पूरा करने की तरफ धीरे-धीरे कदम बढ़ा रहे हैं। बता दें कि पुणे में 43वीं सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप हुई। इसमें सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड टीम स्वर्ण पदक और आर्मी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड टीम ने रजत पदत प्राप्त किया है।

# बारिश-बर्फबारी से गिरा तापमान कई भागों में इतने दिन बरसेंगे बादल

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में बारिश-बर्फबारी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान ज्यादातर स्टेशनों पर अधिकतम तापमान में 2-10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। कई स्टेशनों पर अधिकतम तापमान सामान्य से 3-7 डिग्री सेल्सियस कम रहा। कुछ स्टेशनों पर न्यूनतम तापमान 2-5 डिग्री सेल्सियस तक गिरा है। वहीं मनाली व मंडी में ठंडा दिन दर्ज किया गया। आज राजधानी शिमला व आसपास भागों में हल्के बादलों के साथ धूप खिली हुई है।

कोठी में 15.0, कल्पा 13.6, गोंदला 12.0, सांगला 10.5, खदराला 7.5, जोत 6.5, कुकुमसेरी 4.8, केलांग 3.0 व मनाली में 2.5 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई है। इसी तरह भटियात में 21.2, गोहर 20.0, सराहन 18.5, सुजानपुर टिहरा 18.4, तीसा 18.2, धर्मशाला 16.3, सलूणी 15.2, रामपुर 14.0, सियोबाग 13.4, मुरारी देवी 13.2, जोगिंद्रनगर 13.0, बग्गी 11.8, भुंतर, सुंदरनगर और घागस 11.6 व पंडोह में 11.5 मिलीमीटर बारिश हुई।

शिमला में न्यूनतम तापमान 3.5, सुंदरनगर 5.1, भुंतर 4.6, कल्पा -3.8, धर्मशाला 3.3, ऊना 7.0, नाहन 8.3, पालमपुर 3.0, सोलन 4.7, मनाली -0.4, कांगड़ा 4.5, मंडी 6.6, बिलासपुर 7.0, जुब्बड़हट्टी 6.2, कुकुमसेरी 6.6, सेऊबाग 2.2, बरठीं 6.0, कसौली 6.9, पांवटा साहिब 11.0, सराहन 3.3, देहरागोपीपुर 8.0 व ताबो में -7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का आधारभूत ढांचा होगा मजबूत

**शिमला, (वेब वार्ता)।** ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का अगले पांच साल में 4,179 करोड़ से आधारभूत ढांचा मजबूत होगा। 16वें वित्तायोग की सिफारिशों के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पांच साल में 3744 करोड़ रुपये की ग्रांट दी जाएगी, जबकि शहरी क्षेत्रों के लिए यह मदद 435 करोड़ होगी। 16वें वित्तायोग की सिफारिश के बाद केंद्रीय बजट में हिमाचल के लिए ग्रांट का प्रावधान किया गया है। वित्त वर्ष 2026-27 में यह ग्रांट 481 करोड़ रुपये मिलेगी। वर्ष 2030-31 में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सबसे ज्यादा 977 करोड़ मिलेंगे। पंचायतों में इस धनराशि से आधारभूत ढांचा विकसित होगा।

## न हवाई सेवा में विस्तार, न ही पर्यटन विकास के लिए पैकेज, होटल-होम स्टे संचालक नाखुश

**शिमला, (वेब वार्ता)।**



केंद्रीय बजट से पर्यटन कारोबारियों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बजट घोषणाओं ने होटल, ट्रैवल एजेंट्स और होम स्टे व्यवसाय से जुड़े लोगों को निराश किया है। बीते तीन वर्षों से प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे प्रदेश के लिए पर्यटन विकास का कोई विशेष पैकेज न मिलने से कारोबारी वर्ग मायूस नजर आ रहा है। होटल संचालकों, ट्रैवल एजेंटों और होम स्टे संचालकों को उम्मीद थी कि केंद्र सरकार आपदा प्रभावित हिमाचल के लिए विशेष राहत और पर्यटन प्रोत्साहन पैकेज का एलान करेगी। खासतौर पर हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार और नए रूटों की घोषणा की अपेक्षा थी, जिससे दूरदराज के पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों की पहुंच आसान हो सके। सर्दियों के मौसम में जब कई इलाकों में सड़क मार्ग बाधित हो जाता है, तब हवाई सेवाएं पर्यटन के लिए जीवनरेखा साबित हो सकती हैं, लेकिन बजट में इस दिशा में कोई ठोस घोषणा नहीं की गई।

# एचपीयू शिमला बना नॉर्थ जोन बास्केटबाल चैंपियन

## फाइनल में पंजाब यूनिवर्सिटी को हराकर जीता खिताब

**शिमला/कांगड़ा, (वेब वार्ता)।**



डीएवी कॉलेज कांगड़ा के खेल मैदान में आयोजित नॉर्थ जोन बास्केटबाल चैंपियनशिप का समापन रोमांचक मुकाबलों और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) शिमला और पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ (पीयू) के बीच खेला गया, जो अंतिम क्षण तक बेहद रोमांचक बना रहा। कड़े संघर्ष के बाद एचपीयू शिमला ने पीयू को 42-38 के करीबी स्कोर से पराजित कर नॉर्थ जोन बास्केटबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले खेले गए तीसरे स्थान के मुकाबले में पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) जालंधर को 78-35 के बड़े अंतर से हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि अजय वर्मा ने विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान पर रही टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन के 85 विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, जिससे पूरे आयोजन का स्तर बेहद उच्च और प्रतिस्पर्धात्मक रहा।

# शरीर का तापमान, हार्ट बीट भांप मन का हाल बताएगा मूड स्विंग डिटेक्टर


**पालमपुर, (वेब वार्ता)।**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पालमपुर की 12वीं की छात्रा निधि पालमपुर की और 11वीं की छात्राओं ने छात्रा शैलजा ने मिलकर मूड स्विंग डिटेक्टर बनाया मॉडल सिस्टम नामक मॉडल तैयार किया है। यह शरीर के तापमान और हृदय की गति (हार्ट बीट) के आधार पर यह बताने में सक्षम है कि व्यक्ति खुशी, चिंता या तनाव की किस स्थिति में है। छात्राओं ने इस मॉडल को स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब में अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में विकसित किया है। निधि को इस मॉडल की प्रेरणा अपनी दादी के स्वभाव में आने वाले अचानक बदलावों को देखकर मिली।

मॉडल प्रोटोटाइप स्तर पर है। छात्राओं का लक्ष्य इसे अंगूठी (रिंग) या रिस्ट बैंड जैसा बनाना है। छात्रा निधि का कहना है कि आज के दौर में युवा अक्सर मानसिक तनाव से गुजरते हैं और अपनी बात साझा नहीं कर पाते। यह तकनीक उनके भावनात्मक संकेतों को समय रहते पकड़ लेगी। इस प्रोजेक्ट में मेंटर सन्नी, भौतिकी की शिक्षिका मंजू और कंप्यूटर शिक्षिका प्रियंका का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य रितु जम्वाल ने इसे स्कूल के लिए एक बड़ी उपलब्धि करार दिया है।

# मनरेगा में पिछले वर्षों से 1.71 लाख विकास कार्य लंबित

**शिमला, (वेब वार्ता)।**



हिमाचल प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 1,71,841 स्पिल ओवर कार्य चिह्नित किए गए हैं। ये वे कार्य हैं जो पिछले वित्तीय वर्षों में स्वीकृत तो हुए, लेकिन विभिन्न कारणों से समय पर पूरे नहीं हो सके और अब चालू वर्ष में आगे बढ़ाए जा रहे हैं। यह खुलासा केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की हिमाचल प्रदेश में मनरेगा कार्यों पर जारी रिपोर्ट में हुआ है। इस रिपोर्ट के अनुसार, स्पिलओवर कार्यों में सबसे बड़ी संख्या व्यक्तिगत भूमि पर कार्यों की है, जो 1,46,653 तक पहुंच गई है।

इसके अलावा ग्रामीण संपर्क से जुड़े 11,110, भूमि विकास के 3,336, जल संरक्षण एवं जल संचयन के 2,651 और पारंपरिक जल स्रोतों के जीर्णोद्धार के 295 कार्य शामिल हैं।

बाढ़ नियंत्रण एवं संरक्षण से संबंधित 4,305 कार्य भी इस सूची में हैं। इसमें मंडी जिला सबसे आगे है, जहां 34,698 स्पिलओवर कार्य हैं। इसके बाद चंबा में 26,863 और कांगड़ा में 26,155 हैं। शिमला जिले में 19,211, कुल्लू में 17,299, जबकि लाहौल-स्पीति जैसे जनजातीय क्षेत्र में 378 स्पिलओवर कार्य दर्ज किए गए हैं। राज्य के सभी 12 जिलों में किसी न किसी श्रेणी में अधूरे कार्य शामिल हैं।

# टुटू और कुमारसैन में चिट्टा तस्करों पर कार्रवाई, युवती समेत पांच गिरफ्तार

**शिमला, (वेब वार्ता)।**



चिट्टा तस्करी का नेटवर्क तोड़ने के लिए शिमला पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। रविवार देर रात को एसआईयू की टीमों ने टुटू और कुमारसैन में दो अलग-अलग मामलों में 17.30 ग्राम चिट्टे के साथ युवती समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पहला मामला बालूगंज थाना के अंतर्गत टुटू क्षेत्र का है। यहां रविवार देर रात को एएसआई सुशील की अगुवाई में एसआईयू की टीम नियमित गश्त कर रही थी। इस दौरान न्यू टुटू में रेलवे स्टेशन के समीप टीम ने एक घर से चार आरोपियों के कब्जे से 10.53 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

आरोपियों की पहचान मोहित निवासी मज्याठ टुटू, राकेश गर्ग निवासी कंडाघाट जिला सोलन, अमित सोनी निवासी कंडाघाट जिला सोलन और सिमरन निवासी न्यू टुटू के रूप में हुई है। एसआईयू की टीम ने चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

आगामी जांच के लिए चारों आरोपियों को बालूगंज थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है कि चारों आरोपी चिट्टा कहां से लेकर आए थे। दूसरा मामला कुमारसैन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत सामने आया है। स्पेशल सेल की टीम ने 6.77 ग्राम चिट्टे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रविवार को स्पेशल सेल रामपुर की टीम सुन्नी-सैंज मार्ग पर गश्त कर रही थी। पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ू नामक स्थान पर एक युवक की तलाशी ली। तलाशी में युवक के कब्जे से 6.77 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है।

# गरियाबंद के दुतकैया में दो गुटों में हिंसक झड़प

## कई घर जलाये, तीन आरोपी गिरफ्तार, गांव छावनी में तब्दील






**रायपुर, (वेब वार्ता)।**

छत्तीसगढ़ के राजिम के दुतकैंया गांव में रविवार को भड़की हिंसा के बाद पूरे गांव में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। पुलिस ने हिंसा भड़काने वाले तीन आरोपियों को रविवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा रही है। मामले में राजिम थाने में तीन एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं पुलिस पर पत्थरबाजी करने वालों की शिनाख्ती की जा रही है। फिलहाल गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। कर्फ्यू जैसे हालात हैं। सुरक्षा को लेकर बाहरी लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। एसपी और आईजी मौके पर पहुंचे हुए हैं।

बताया जाता है कि मूर्ति क्षतिग्रस्त करन के पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। भीड़ ने घर-कार में आगजनी और घरों में घुसकर लोगों से मारपीट की। सबसे पहले हमलावरों ने रास्ते से गुजर रहे युवकों पर पर हमला किया। सब-स्टेशन में ड्यूटी कर रहे अरविंद साहू के सिर पर प्राणघातक हमला किया। इतना ही नहीं राजिम मेला जा रहे नरेंद्र साहू के हाथ पर वार किया गया, जबकि रेखु यादव, परमानंद साहू के साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद दूसरे गुट ने घरों और वाहनों में आग लगा दी। पुलिस के साथ जमकर पथराव किया। स्थिति नियंत्रण करने के लिये पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। बिगड़ती स्थिति को देखकर पुलिस बल भारी संख्या में तैनात किया गया है। पुलिस ने आरोपी आरिफ खान को जेल भेज दिया है। वह हाल ही में जेल से छूटकर आया था। इसके बाद वह इस वारदात को अंजाम दिया।

आरोपियों ने चार घंटे तक गांव के तीन लोगों को करीब चार घंटे तक पीटा। इससे ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साये ग्रामीण आरोपी के घर पहुंचे। इस दौरान घर के अंदर मौजूद कुछ लोग भीड़ पर मिर्ची पाउडर फेंके। इससे लोग और भड़क गये। एक आरोपी के घर को आग लगा दी। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के करीब 12 मकानों में तोड़फोड़ और आगजनी की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर ले गई। इस दौरान पुलिस और लोगों के बीच जमकर पत्थरबाजी भी हुई। इसमें करीब पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं छह नागरिक भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

फिलहाल प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस की टीमें लगातार सर्चिंग कर रही हैं ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। कई घरों के बाहर पुलिस पूरी रात पहरेदारी की ताकि कोई घर से बाहर न निकल सके। साम्प्रदायिक हिंसा के बाद पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया है। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत और तनाव का माहौल है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राजिम, फिंगेश्वर, महासमुंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। दमकल वाहन मौजूद हैं।

हिंसा की सूचना पर साहू समाज और बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र हो गये। साहू समाज अध्यक्ष परमेश साहू और बजरंग दल के कार्यकताओं ने कहा है कि शिवलिंग तोड़फोड़ मामले का आरोपी खुलेआम घूम रहा है और अब उसने जानलेवा हमला किया है। स्थानीय पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करे।

## दुकान में आधी रात लगी आग, धू-धू कर जल गया सामान

**कोरबा, (वेब वार्ता)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा शहर में देर रात एक बड़ा हादसा टल गया। रविशंकर स्थित बस स्टॉप के पास संचालित मून बिरयानी सेंटर में देर रात करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि, स्थानीय लोगों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक बड़े अनहोनी को टाल दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि स्थानीय निवासी रवि, आजो जॉन्स, मनोज थॉमस सहित कई अन्य लोग आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच, दुकान संचालक नीरा सिंह को घटना की जानकारी दी गई, जो तुरंत मौके पर पहुंचे।

# अटल स्मृति भवन का किया भूमि पूजन

## युवा कांग्रेस का विरोध; हिरासत में कई कार्यकर्ता

**कोरबा, (वेब वार्ता)।**




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कोरबा में प्रस्तावित भाजपा जिला कार्यालय अटल स्मृति भवन का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं और कार्यकताओं की मौजूदगी रही। वहीं सीएम आगमन से पहले युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया, जिनके कई कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज कोरबा जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने कोरबा शहर में पुलिस लाइन के समीप प्रस्तावित नवीन जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल स्मृति भवन का विधिवत भूमि पूजन किया। यह कार्यक्रम भाजपा संगठन के लिए महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखा जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री के आगमन से पहले युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय तथा छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन मौजूद रहे। कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन हेलीपैड कोरबा पहुंचे, जहां प्रशासनिक अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे कार से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिविधान से भूमि पूजन की रस्म पूरी की गई।

# धान खरीदी पर भूपेश बघेल का हमला

## बालोद में कम खरीदी पर उठाए सवाल, किसानों के साथ अन्याय का लगाया आरोप

**बालोद, (वेब वार्ता)।**



बालोद पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी के मामले को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि बालोद जैसा जिला आज प्रदेश में कम धान खरीदी के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां पूर्व विधायक कुमारी बाई साहू को धान बेचने के लिए दिनभर सोसायटी में रहना पड़ा। आखिर सरकार कर क्या रही है? उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अधिकारियों का राज चल रहा है। किसानों के साथ जितना भी अन्याय हुआ है, उसके लिए सरकार और उसके अधिकारी जिम्मेदार हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा कि पहले यहां किसानों को टोकन नहीं दिया गया और जब टोकन मिला तो उनका रकबा समर्पण कराया गया। वह भी जबरदस्ती रकबा समर्पण कराया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक कुमारी बाई साहू 200 कट्टा धान लेकर सोसायटी में बैठी रहीं। उनके पति स्वर्गीय मदन साहू भी विधायक थे। अब सरकार में पूर्व विधायकों की यह स्थिति है, तो आम जनता का हाल आप सोच सकते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसान धान उत्पादन कर लिए तो क्या पाप कर दिए हैं? क्या हम चोर हैं? क्या किसी सरकार के खजाने में डाका डाल रहे हैं? कुछ इस तरह का व्यवहार किसानों के साथ किया जा रहा है। किसानों के घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन किया गया।

## पुलिस ने बाइक चोरी और फर्जी दस्तावेज गिरोह का किया भंडाफोड़

**रायगढ़, (वेब वार्ता)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पुलिस ने एक बड़े संगठित गिरोह का पदार्फाश किया है, जो अलग-अलग इलाकों से बाइक चोरी कर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से उन्हें बेचता था। इस गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से 25 चोरी की बाइक, एक एप्पल लैपटॉप और एक कलर प्रिंटर सहित कुल 16 लाख रुपये की संपत्ति बरामद हुई है। यह कार्रवाई नव पदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई है। पूंजीपथरा थाना और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने दो चोरी की बाइक के साथ मुकेश प्रधान को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि उसने बाइक ऑटो डीलर में काम करने वाले पुरूषोत्तम प्रधान से खरीदी थी। आगे की जांच में गिरोह की पूरी कड़ियां सामने आईं।

# द ग्रेट इंडिया सैनिक स्कूल ने रचा कीर्तिमान

## राष्ट्रीय विद्यालय बैंड प्रतियोगिता में मिला तीसरा स्थान

**रायपुर, (वेब वार्ता)।**



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित द ग्रेट इंडिया सैनिक स्कूल ने राष्ट्रीय विद्यालय बैंड प्रतियोगिता 2025झ26 में तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय एवं स्कूली शिक्षा मंत्रालय के सयुक्त तत्वावधान में नई दिल्ली में आयोजित की गई। इसमें देश के 28 राज्यों और 8 केन्द्र शासित प्रदेशों के 2100 से विद्यालयों से चयनित श्रेष्ठ 16 विद्यालयों की बैंड टीमों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में द ग्रेट इंडिया सैनिक स्कूल रायपुर के कक्षा 6वीं एवं 7वीं के कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। इससे पूर्व विद्यालय की बैंड टीम ने हैदराबाद में आयोजित जोनल स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया था।

राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जोन्स की श्रेष्ठ टीमों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच रायपुर के इन युवा कैडेट्स ने अनुशासन, समन्वय एवं संगीतात्मक उत्कृष्टता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया और तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया। यह सफलता विद्यालय में दी जा रही सैन्य अनुशासन एवं सर्वांगीण प्रशिक्षण का सशक्त प्रमाण है।

## इंस्टाग्राम रील बनाने पर पति से विवाद पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्य

**दुर्ग-भिलाई, (वेब वार्ता)।**



सोशल मीडिया पर रील बनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पत्नी ने आत्महत्या कर ली। दंपती में आए दिन विवाद होता था। जिससे नाराज होकर पत्नी ने घर पर फांसी लाकर आत्महत्या कर ली। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि महिला का नाम अंजली साव (35) है। मृतका अंजली इंस्टाग्राम पर एक्टिव रहती थी और वीडियो और रील बनाती थी। लेकिन अंजली के पति को यह पसंद नहीं आता था। रील अपलोड को लेकर पति पत्नी में आए दिन विवाद होता था। घटना के दिन भी दोनों में विवाद हुआ था, जिसके बाद अंजलि ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। इसकी जानकारी तब हुई जब उसके बच्चे ट्यूशन से घर पहुंचे तो देखा कि उनकी मां फांसी के फंदे पर झूल रही थी। इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने घटना की सूचना छावनी थाना पुलिस को दी।

# विश्व आर्द्रभूमि दिवस: मरवाही में पक्षी दर्शन और स्वच्छता अभियान

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, (वेब वार्ता)।**




छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में मरवाही वन मंडल द्वारा विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर दो फरवरी को बगड़ी जलाशय में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पक्षी दर्शन (बर्ड वॉच), प्रशिक्षण कार्यशाला और स्वच्छता अभियान शामिल थे, जिनका मुख्य उद्देश्य आर्द्रभूमियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का संचालन विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को आर्द्रभूमियों के संरक्षण के महत्व, जैव विविधता की भूमिका और प्रवासी व स्थानीय पक्षियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यशाला में पक्षी पहचान, उनके आवास, संरक्षण के उपाय और आर्द्रभूमियों के पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया। बर्ड वॉचिंग के दौरान, जलाशय क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को देखा गया, जिसने उपस्थित लोगों में उत्साह का संचार किया।

कार्यक्रम के दौरान, जलाशय परिसर में एक स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

## हाथी के हमले में बुजुर्ग की मौत लकड़ी लेने जंगल गया था गंगाराम

**रायगढ़, (वेब वार्ता)।**

रायगढ़ जिले में रविवार की दोपहर जंगली हाथी के हमले से लकड़ी लेने जंगल गए ग्रामीण की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला छाल रेंज का है। मिली जानकारी के अनुसार धमरजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम चुहकीमार गांव का रहने वाला गंगाराम सारथी 70 साल रोजाना की भांति आज सुबह 10 बजे लकड़ी लेने जंगल गया हुआ था।

इसी दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास एक हाथी ने उसका सामना हो गया, जिसके बाद हाथी ने उस पर हमला करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। हाथी के हमले से बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही हाथी मित्र दल की टीम के अलावा वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि अभी भी चुहकीमार के जंगल में 12 हाथी विचरण कर रहा है।

एक जानकारी के अनुसार इन दिनों रायगढ़ में 101 हाथी है। जिसमें रायगढ़ वन मंडल में 59 तो धरमजयगढ़ वन मंडल में 42 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं। जिसमे 32 नर, 48 मादा के अलावा 21 शावक मौजूद है।

# नशे के खिलाफ लगातार बड़ी कार्रवाई

## खमतराई में 25 लाख की हुक्का-ई सिगरेट सामग्री जब्त

**रायपुर, (वेब वार्ता)।**




रायपुर पुलिस कमिश्नरेट को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। खमतराई थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से संचालित हुक्का और प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों के कारोबार का खुलासा करते हुए करीब 25 लाख रुपये की सामग्री जब्त की है। इस कार्रवाई से शहर में सक्रिय नशे के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है।

पुलिस कमिश्नरेट द्वारा नशे के अवैध व्यापार पर सख्ती से रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को निर्देश दिए गए हैं कि नशे से जुड़े कारोबारियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

इसी अभियान के दौरान 31 जनवरी 2026 की रात पुलिस को सूचना मिली कि खमतराई थाना क्षेत्र के न्यू गोंदवारा बस्ती में स्थित एक गोदाम में प्रतिबंधित सिगरेट, ई-सिगरेट, हुक्का और उससे जुड़ी सामग्री का अवैध भंडारण किया जा रहा है।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त क्राइम एंड साइबर स्मृतिक राजनाला और पुलिस उपायुक्त नॉर्थ जोन मयंक गुर्जर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## चोरों ने सरकारी राशन की दुकान को बनाया निशाना

**रायगढ़, (वेब वार्ता)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में अज्ञात चोरों ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये के चावल और चने की चोरी की है। तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम गोढ़ी में हुई इस घटना के संबंध में गांव की सरपंच द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम गोढ़ी की सरपंच नानकुमारी सिदार ने तमनार थाने में दर्ज कराई गई अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह और उनके पति मिलकर ग्राम गोढ़ी की शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन करते हैं। गत दिवस सुबह गांव के ही निवासी संतराम सिदार ने उन्हें दुकान के गेट का ताला टूटा होने की सूचना दी।

## केलो विहार में किराये के मकान पर छापा, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़, (वेब वार्ता)।**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला मुख्यालय में चक्रधरनगर पुलिस और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने एक मकान में छापेमारी कर देह व्यापार में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उक्त किराये के मकान में बाहर से महिलाओं को लाकर देह व्यापार कराया जा रहा था। आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शहर के केलो विहार कॉलोनी स्थित संतोष सोनी के मकान में किरायेदार डिंपी उर्फ राहुल इजारदार बाहर से महिलाओं को लाकर देह व्यापार करा रहा है। सूचना से तत्काल एसएसपी शशि मोहन सिंह को अवगत कराया गया। इसके बाद थाना चक्रधरनगर और साइबर पुलिस थाना की संयुक्त टीम गठित कर रेड की योजना बनाई गई और एक पाइंटर को ग्राहक बनाकर भेजा गया।

पाइंटर से संकेत मिलते ही मकान की घेराबंदी कर छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने तीन महिलाओं सहित आरोपी डिंपी उर्फ राहुल इजारदार और एक अन्य आरोपी नागेंद्र विश्वकर्मा निवासी कोतरा रोड को पकड़ा। मकान से देह व्यापार में प्रयुक्त कई आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई।

# सुकमा में जादू-टोना के शक में ग्रामीण की ली जान

## खेत में गाड़ा शव; ऐसे खुला मामले का राज




**जगदलपुर, (वेब वार्ता)।**

सुकमा जिले के गादीरास थाना क्षेत्र के ग्राम उच्चारास में जादू-टोना के संदेह में एक व्यक्ति की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार दिसंबर माह में उच्चारास गांव में एक बच्चे की मौत हो गई थी। मृत बच्चे का नाम गंगा बताया गया है। परिजनों को शक था कि सोढ़ी देवा द्वारा जादू-टोना किए जाने के कारण बच्चे की मौत हुई है।

23 जनवरी को बच्चे के क्रियाकर्म के दौरान इस विषय पर चर्चा और तेज हो गई। ग्रामीणों के बीच यह धारणा बन गई कि गांव में हो रही तमाम अनहोनी घटनाओं के पीछे सोढ़ी देवा का जादू-टोना जिम्मेदार है। इसी अंधविश्वास के चलते मृत बच्चे के परिवार के चार सदस्यों ने मिलकर सोढ़ी देवा की हत्या कर दी और शव को गांव के पास स्थित खेत में गाड़ दिया।

मामले में 31 जनवरी को पीड़ित पक्ष की शिकायत पर गादीरास थाने में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की गई और हत्या में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

## मेला देखने आई महिला को चोरों ने बनाया निशाना

**रायगढ़, (वेब वार्ता)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में बच्चों के साथ बाल्य लीला मेला देखने गई महिला के गले से सोने की माला चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए मामले को जांच में ले लिया है। घटना पुसौर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार त्रिवेणी साव निवासी बुनगा ने पुसौर थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह दोपहर करीब ढाई बजे अपने बच्चों के साथ बाबा धाम छिछौर उमरिया बाल्य लीला मेला देखने आई थी। पीड़िता ने बताया कि जब वह धुनी कुण्ड के पास बाबाओं का दर्शन कर रही थी, इसी बीच अज्ञात शख्स ने झपटा मारकर उसके गले से सोना चेन जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपये, को चोरी कर फरार हो गया।

# कपिध्वज करियर गाइडेंस से मिली नई दिशा

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बोलीं- कड़ी मेहनत से सपने होंगे साकार

**रायपुर, (वेब वार्ता)।**



छत्तीसगढ़ के युवाओं को आत्मनिर्भर, लक्ष्यनिष्ठ और सशक्त बनाने की दिशा में राज्य शासन की ओर से किए जा रहे प्रयासों की कड़ी में एक और उल्लेखनीय पहल सामने आई है। महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर सूरजपुर जिले के भटगांव स्थित स्टेडियम ग्राउंड में कपिध्वज करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में 6 से 8 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि आज का युवा ही देश और समाज के भविष्य का निर्माणकर्ता है। युवाओं के कंधों पर राष्ट्र निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे निभाने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियाँ व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं और सही निर्णय, समय प्रबंधन तथा सकारात्मक सोच के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। मंत्री राजवाड़े ने शिक्षा को सफलता की सबसे मजबूत नींव बताते हुए विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने मूल्यों, जीवनशैली और दीर्घकालिक उद्देश्यों को ध्यान में रखकर करियर का चयन करें और ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रमों का पूरा लाभ उठाएं।

इस अवसर पर देश के प्रतिष्ठित करियर मार्गदर्शक एवं कोटा (राजस्थान) स्थित मोशन कोचिंग सेंटर के संस्थापक एवं सीईओ नितिन विजय (एन वी सर) ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर चयन, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास निर्माण और लक्ष्य आधारित अध्ययन पर प्रभावशाली मार्गदर्शन दिया।

# शारदुल, जायसवाल की रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए मुंबई टीम में वापसी

**मुंबई, (वेब वार्ता)।**

कप्तान शारदुल ठाकुर और भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को छह फरवरी से यहां कर्नाटक के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए सोमवार को मुंबई की टीम में शामिल किया गया।

मुंबई की टीम चार जीत और तीन ड्रॉ से एलीट ग्रुप डी में शीर्ष पर रही जबकि कर्नाटक ने ग्रुप ए के अपने अंतिम लीग मैच में पंजाब पर रोमांचक जीत की बदौलत अंतिम आठ में जगह बनाई।

मुंबई और कर्नाटक के बीच क्वार्टर फाइनल छह से 10 फरवरी तक यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर खेला जाएगा क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम सात फरवरी से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के मुकाबलों की मेजबानी करेगा।







रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में जायसवाल दूसरी बार मुंबई के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। इससे पूर्व वह राजस्थान के खिलाफ पहले दौर के मैच में खेले थे।

मुंबई क्रिकेट संघ और सीनियर चयन पैनल ने चयन के लिए भारत के इस सलामी बल्लेबाज के नाम पर विचार नहीं किया था क्योंकि वह रविवार को संपन्न हुए ग्रुप चरण के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने में नाकाम रहे थे।

जायसवाल टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं।

इस बीच ठाकुर मुंबई के नियमित कप्तान सिद्धेश लाड की जगह टीम की अगुआई करेंगे जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान उन्हें लगी चोट के बाद टीम की कप्तानी की थी।

**टीम इस प्रकार है:**

शारदुल ठाकुर, यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, सरफराज खान, सिद्धेश लाड, अखिल हेरवादकर, आकाश आनंद, हार्दिक तमोरे, साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्यांश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।

# टी20 विश्व कप के शुरूआती मुकाबलों में नहीं खेलेंगे हेजलवुड: चयनकर्ता डोडेमाइड

**सिडनी, (वेब वार्ता)।**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड टी20 विश्व कप के शुरूआती चरण में टीम के साथ श्रीलंका की यात्रा नहीं करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने बताया कि हेजलवुड फिलहाल सिडनी में रहकर चोट से उबरने के बाद अपने रिटर्न-टू-प्ले कार्यक्रम को जारी रखेंगे।

हालांकि, नाथन एलिस, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल कोलंबो पहुंच चुके हैं और मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगे। डोडेमाइड के अनुसार, ये तीनों खिलाड़ी पाकिस्तान से आने वाली टीम के साथ शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलिया अपने चार शुरूआती मुकाबले कोलंबो और पल्लेकेले में खेलेगा, जिसकी शुरूआत 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ होगी। टूनार्मेंट की शुरूआत 7 फरवरी से हो रही है।



डोडेमाइड ने कहा कि हेजलवुड शुरूआती चरण के दौरान सिडनी में ही रहेंगे ताकि वे परिचित माहौल में अपनी फिटनेस पर काम कर सकें। उन्होंने बताया कि सीन एबॉट को ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

डोडेमाइड ने कहा, नाथन, टिम और ग्लेन कोलंबो पहुंच चुके हैं और पाकिस्तान से हमारी टीम के पहुंचने पर हम उनसे जुड़ने को लेकर उत्साहित हैं।

जोश के मामले में हमें लगा कि उनके लिए घर पर रहकर रिहैबिलिटेशन जारी रखना ज्यादा व्यावहारिक और फायदेमंद रहेगा।

गौरतलब है कि हेजलवुड को लगातार अकिलीज चोट के कारण 2025झ्र26 एशेज सीरीज से भी बाहर होना पड़ा था।

# टी20 विश्व कप अभ्यास मैचों के लिए इंडिया-ए टीम घोषित

## आयुष बडोनी कप्तान; तिलक वर्मा की वापसी



**नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।**

आगामी टी20 विश्व कप से पहले होने वाले अभ्यास मुकाबलों के लिए इंडिया-ए टीम की घोषणा कर दी गई है। आयुष बडोनी को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि तिलक वर्मा चोट से उबरने के बाद टीम में लौटे हैं।

इंडिया-ए टीम पहला अभ्यास मैच सोमवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अमेरिका (यूएसए) के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम शुक्रवार को बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नामीबिया से भिड़ेगी।

पेट से जुड़ी समस्या के कारण सर्जरी कराने वाले तिलक वर्मा को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने खेलने की अनुमति दे दी है। वह अमेरिका के खिलाफ अभ्यास मैच में खेलेंगे और उसके बाद सीनियर टीम से जुड़ जाएंगे।

15 सदस्यीय इंडिया-ए टीम में कई आईपीएल खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें नमन धीर, विप्रज निगम और मयंक यादव प्रमुख हैं। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ समाप्त टी20 सीरीज से बाहर रहे वॉशिंगटन सुंदर को एक बार फिर टीम में जगह नहीं मिली है। वह अभी चोट से उबर रहे हैं और जल्द ही फिटनेस टेस्ट से गुजरने की उम्मीद है।

इस बीच, रियान पराग कंधे की चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं।

**इंडिया-ए टीम (अभ्यास मैच):**

आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियंश आर्य, एन. जगदीशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, रियान पराग, मानव सुथार, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), गुरजपनीत सिंह, विप्रज निगम, रवि बिश्नोई, खलील अहमद, मयंक यादव।

# इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वषाबार्धित दूसरा टी20 जीतकर श्रृंखला अपने नाम की

**पाल्लेकल, (वेब वार्ता)।**

टॉम बेंटोन के 33 गेंद में नाबाद 54 रन की मदद से इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वषाबार्धित दूसरा टी20 डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर छह विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर ली।

इंग्लैंड के पास तीन मैचों की श्रृंखला में 2.0 की विजयी बढत हो गई है। बेंटोन ने अपनी पारी में तीन छक्के और चार चौके लगाये जिसके दम पर इंग्लैंड ने 17 ओवर में 168 रन के संशोधित लक्ष्य के जवाब में 16.4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाये। जोस बटलर ने 29 गेंद में 39 रन जोड़े।



इससे पहले श्रीलंका ने पांच विकेट पर 189 रन बनाये। पवन रत्नायके ने 22 गेंद में 40 रन की पारी खेली।

शुक्रवार को वषाबार्धित पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। आखिरी टी20 मंगलवार को यहीं खेला जायेगा।

### भारतीय टीम के पास टी20 विश्वकप खिताब बरकारार रखने का अच्छा अवसर: हरभजन

**मुंबई,(वेब वार्ता)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि टी20 विश्वकप में मेजबान भारतीय टीम के पास खिताब बरकरार रखने का अच्छा अवसर है। हरभजन के अनुसार इस बार भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका व अफगानिस्तान की टीमें भी सेमीफाइल में पहुंचेंगी। हरभजन ने हालांकि दो बार की विजेता इंग्लैंड को 2026 इस बार खिताबी दावेदार नहीं माना है।

# भारत से मैच के बहिष्कार पर आईसीसी की सख्त चेतावनी

## पाकिस्तान की चयनात्मक भागीदारी पर उठे सवाल



**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में भारत के खिलाफ मुकाबले से अलग रहने के पाकिस्तान के फैसले पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कड़ा रुख अपनाया है। आईसीसी ने स्पष्ट कहा है कि किसी वैश्विक टूनार्मेंट में चयनात्मक भागीदारी खेल की निष्पक्षता और प्रतिस्पर्धी भावना के खिलाफ है तथा इसके दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं।

यह प्रतिक्रिया उस बयान के बाद आई, जिसमें पाकिस्तान सरकार ने टीम को टूनार्मेंट खेलने की अनुमति तो दी, लेकिन 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच में न उतरने की बात कही। हालांकि इस फैसले का आधिकारिक कारण नहीं बताया गया। आईसीसी ने कहा कि उसे अभी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से औपचारिक सूचना का इंतजार है।

परिषद ने अपने बयान में दोहराया कि उसके टूनार्मेंट समान शर्तों पर सभी टीमों की भागीदारी, निरंतरता और खेल भावना पर आधारित होते हैं। किसी एक मैच का बहिष्कार प्रतियोगिता की पवित्रता को प्रभावित करता है और इससे वैश्विक क्रिकेट ढांचे पर असर पड़ सकता है। आईसीसी ने उम्मीद जताई कि पीसीबी ऐसा समाधान तलाशेगा जो सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करे।

भारत-पाकिस्तान मुकाबला आईसीसी आयोजनों का सबसे अधिक दर्शक जुटाने वाला और व्यावसायिक रूप से अहम मैच माना जाता है। इसी कारण दोनों टीमों को अक्सर एक ही समूह में रखा जाता रहा है।

नियमों के मुताबिक यदि पाकिस्तान यह मैच नहीं खेलता है तो उसे दो अंक गंवाने पड़ सकते हैं। साथ ही उसकी नेट रन रेट पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा, क्योंकि फॉरफिट की स्थिति में पूरे 20 ओवर उसकी पारी में जोड़े जाते हैं।

### अभिषेक टी20 विश्कप में सबसे अधिक रन बनाएंगे: पोंटिंग

**सिडनी, (वेब वार्ता)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह सात फरवरी से शुरू होने जा रहे टी20 विश्वकप में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनेंगे। विश्वकप संयुक्त रु से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। टूनार्मेंट में कई दिग्गज बल्लेबाजों के होते हुए भी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान का मानना है कि अभिषेक रनों के मामले में सबसे आगे रहेंगे इस पूर्व कप्तान ने अभिषेक की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अच्छी लय में है और उसे घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा।

# टी20 विश्व कप के शुरूआती चरण में टीम से नहीं जुड़ेंगे हेजलवुड: चयनकर्ता

**सिडनी, (वेब वार्ता)।**

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट से उबरने के बाद श्रीलंका में टी20 विश्व कप के शुरूआती मैचों के लिये टीम के साथ नहीं जायेंगे।

राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने सोमवार को यह जानकारी दी। नाथन हिल्स, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल कोलंबो पहुंच चुके हैं और मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे।

आस्ट्रेलिया को प्रारंभिक दौर के चार मैच श्रीलंका में खेलने हैं। उसे पहला मैच 11 फरवरी को आयरलैंड से खेलना।

हेजलवुड टूनार्मेंट के शुरूआती दौर में सिडनी में रहेंगे। सीन एबोट यात्रा रिजर्व के तौर पर टीम के साथ जायेंगे।



हेजलवुड चोट के कारण 2025.26 एशेज श्रृंखला से भी बाहर रहे थे। डोडेमेड ने यह नहीं बताया कि हेजलवुड कब से खेल सकेंगे। आस्ट्रेलिया के प्रारंभिक दौर के मुकाबले 20 फरवरी को खत्म होंगे। टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका में सात फरवरी से आठ मार्च तक खेला जायेगा।

### भारत में मिले अनुभवों का लाभ टी20 विश्वकप में मिलेगा: सैंटनर

**तिरुवनंतपुरम, (वेब वार्ता)।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य टी20 विश्व कप में जीत के इरादे से उतरना होगा। इसके लिए उनकी टीम पांच मैचों की टी20 सीरीज में मिले अनुभवों का लाभ उठाएगी। सैंटनर के अनुसार उनकी टीम भारत में अपने पिछले अनुभवों और विभिन्न हालातोंसे तालमेल बिठाने की क्षमता के आधार पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का प्रयास करेगी। कीवी टीम को विश्कप में अफगानिस्तान, यूएई, दक्षिण अफ्रीका और कनाडा के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। वह ग्रुप चरण के तीन मैच चेन्नई में और एक मैच अहमदाबाद में खेलेगा। इनमें से उसके दो मैच सुबह 11 बजे शुरू होंगे, जबकि अन्य मैच दोपहर तीन बजे और शाम सात बजे शुरू होंगे।

# आईसीई और एपस्टीन फाइलें शीतकालीन ओलंपिक से ध्यान भटकाने वाली: आईओसी अध्यक्ष

**मिलान, (वेब वार्ता)।**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री ने कहा है कि अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) और जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलों को लेकर उठे मुद्दे आगामी मिलानो-कोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक से ध्यान भटका रहे हैं, जो 'दुखद' है।




मिलान में रविवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईओसी अधिकारियों से इन विषयों पर सवाल पूछे गए। कोवेंट्री ने शुरूआत में इन्हें आईओसी के दायरे से बाहर का विषय बताया, लेकिन जोर देने पर उन्होंने माना कि ऐसी खबरें खेलों से फोकस हटाती हैं। कोवेंट्री ने कहा, इन खेलों से ध्यान भटकाने वाली कोई भी चीज दुखद है। लेकिन वर्षों के अनुभव से हमने सीखा है कि खेलों से पहले हमेशा कोई न कोई मुद्दा सुर्खियों में आ जाता है—चाहे वह जीका रहा हो या कोविड। मगर मुझे भरोसा इस बात से मिलता है कि जब उद्घाटन समारोह होगा और खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा शुरू करेंगे, तब दुनिया फिर से खेलों के जादू और भावना को याद करेगी।

शनिवार को मिलान में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने शीतकालीन ओलंपिक के दौरान आईसीई एजेंटों की तैनाती के विरोध में प्रदर्शन किया। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि एजेंट सड़कों पर नहीं, बल्कि एक नियंत्रण कक्ष में तैनात रहेंगे।

इसी बीच, एपस्टीन से जुड़ी सरकारी फाइलों के हालिया खुलासे में वर्ष 2003 के कुछ ईमेल सामने आए हैं, जो लॉस एंजेलिस ओलंपिक आयोजन समिति के प्रमुख केसी वासरमैन और एपस्टीन की तत्कालीन साथी घिस्लेन मैक्सवेल के बीच बताए जा रहे हैं।

# अनाहत सिंह ने स्क्वैश ऑन फायर ओपन जीता पहला पीएसए ब्रॉन्ज-लेवल खिताब अपने नाम किया

**वॉशिंगटन, (वेब वार्ता)।**

भारत की उभरती स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को स्क्वैश ऑन फायर ओपन जीत लिया और अपने करियर का पहला पीएसए ब्रॉन्ज-लेवल खिताब अपने नाम किया।

विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज अनाहत ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर 10 जॉर्जिना केनेडी (इंग्लैंड) को सीधे गेमों में 12-10, 11-5, 11-7 से हराया। यह मुकाबला महज 26 मिनट में समाप्त हुआ। यह अनाहत का पहला विश्व स्तरीय पीएसए खिताब है।



विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अनाहत सिंह को हाल ही में पीएसए की ओर से वीमेंस चैलेंजर प्लेयर ऑफ द सीजन चुना गया था। इसके अलावा, उन्होंने वीमेंस यंग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब भी संयुक्त रूप से जीता। पुरुष वर्ग के फाइनल में मोहम्मद एलशोरबागी ने ऑल-इंग्लैंड मुकाबले में डेक्लन जेम्स को 11-4, 11-6, 11-8 से हराकर अपना 52वां पीएसए टूर खिताब जीता।

# पीडब्ल्यूएल 2026: हरियाणा थंडर ने रोमांचक फाइनल में दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराया

**नोएडा, (वेब वार्ता)।**

हरियाणा थंडर रविवार को नोएडा इंडोर स्टेडियम में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ फाइनल में आखिरी बाउट तक चले मैच के बाद प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 का चैंपियन बन गया।

आठ बाउट के बाद स्कोर 4-4 से बराबर था, नतीजा आखिरी महिलाओं की 62 किलोग्राम बाउट पर निर्भर था, जिसमें पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट इरीना कोलियाडेन्को ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी शानदार टेक्निकल जीत ने हरियाणा थंडर को 5-4 से जीत दिलाई और पीडब्ल्यूएल 2026 का खिताब दिलाया, जो लीग के इतिहास के सबसे नाटकीय फाइनल में से एक था।




हरियाणा थंडर पीडब्ल्यूएल 2026 ट्रॉफी के साथ 1.5 करोड़ रुपये की इनामी राशि घर ले जाएगा। रनर-अप, दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 75 लाख रुपये मिलेंगे। व्यक्तिगत पुरस्कारों में, दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव ने 57 किलोग्राम पुरुष वर्ग में सभी 7 बाउट जीतकर और पीडब्ल्यूएल 2026 में कुल 59 अंक हासिल करके 2.5 लाख रुपये का 'प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट' खिताब जीता।

### यूपी वॉरियर्ज को पांच विकेट से हराकर दिल्ली कैपिटल्स एलिमिनेटर में पहुंची

**वडोदरा, (वेब वार्ता)।** मैरीजान कप्प (तीन विकेट), शिनेल हेनरी और श्री चारणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद लॉरा वुलफर्ट (47), जेमिमाह रॉड्रिग्स (नाबाद 34) और शेफाली वर्मा (29) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 20वें मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज को आठ गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हराकर एलिमिनेटर में जगह बना ली है। लगातार तीन सीजन फाइनल खेलने वाली मुंबई की टीम बाहर हो चुकी है। यूपी का सफर भी हार के साथ खत्म हुआ है। दिल्ली ने एलिमिनेटर में जगह बना ली है।

# भारत-पाक मैच के बहिष्कार पर पाकिस्तान को चेतावनी देकर आईसीसी ने सही किया: शुक्ला

**नयी दिल्ली,(वेब वार्ता)।**

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले मैच के बहिष्कार के गंभीर परिणाम की पाकिस्तान को चेतावनी देकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सही किया।

पाकिस्तान के फैसले की जानकारी आधिकारिक सरकारी बयान के मार्फत मिली जिसे टूनार्मेंट से बांग्लादेश को बाहर किये जाने के राजनीतिक विरोध के रूप में देखा जा रहा है। आईसीसी ने सुरक्षा कारणों से बांग्लादेश के मैच भारत से हटाकर श्रीलंका में कराने से इनकार किया था।



आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेता दिया है कि इस मैच के बहिष्कार के गंभीर परिणाम हो सकते हैं और यह फैसला खेल के हित में नहीं है।

शुक्ला ने पत्रकारों से कहा, ह्यह्यआईसीसी ने इस मामले पर बड़ा बयान दे दिया है। इसमें खेल भावना की अहमियत को बताया गया है। हम आईसीसी से सहमत हैं। जब तक आईसीसी से बात नहीं हो जाती, बीसीसीआई कोई बयान नहीं देगा।

विवाद की शुरूआत बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देश पर आईपीएल से बाहर करने के फैसले के बाद हुई। इसके बाद बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों से भारत आने से इनकार कर दिया।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, ह्यह्ययह शर्मनाक है कि दोनों तरफ खेल का राजनीतिकरण हो रहा है। मुझे नहीं लगता कि मुस्ताफिजुर का कोलकाता में खेलने का करार रद्द किया जाना चाहिये था।

# आज से शुरू हिंदू कैलेंडर का आखिरी माह



**हिंदू** पंचांग के अनुसार सोमवार, 2 फरवरी 2026 से फाल्गुन (फागुन) महीने की शुरूआत हो चुकी है। हिंदू कैलेंडर में फाल्गुन को साल का अंतिम महीना है। यह महीना धार्मिक मान्यताओं के अनुसार परिवर्तन, शुद्धि, संयम और नए आरंभ का प्रतीक माना जाता है। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से यह महीना बेहद शुभ माना जाता है। फाल्गुन को आनंद और उत्सव का महीना कहा गया है। इस दौरान कई बड़े पर्व और धार्मिक आयोजन होते हैं, जो इसे खास बनाते हैं।

हिंदू धर्म में हर माह किसी न किसी देवी-देवता से जुड़ा होता है। फाल्गुन का महीना विशेष रूप से भगवान शिव और श्रीकृष्ण की उपासना के लिए जाना जाता है।

महाशिवरात्रि इसी महीने आती है, जो शिव भक्ति का सबसे बड़ा पर्व है।

फाल्गुन माह श्रीकृष्ण और राधारानी की लीलाओं से भी जुड़ा है।

वृंदावन, बरसाना और मथुरा में इस महीने फाग गीत, होली उत्सव और धार्मिक आयोजन होते हैं।

दान- फाल्गुन महीने में अन्न, वस्त्र, रंग और जरूरत की चीजों का दान करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे ग्रह दोष दूर होते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है।

सेवा भाव- गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराएं। ब्राह्मणों और साधु-संतों की सेवा करें। सेवा करने से मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है।

नियमित पूजा-पाठ- रोज शिवलिंग का जल या दूध से अभिषेक करें। महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें। श्रीकृष्ण की पूजा और नाम स्मरण करें।

सात्विक जीवनशैली- मांसाहार और नशे से दूरी बनाएं। नियमित स्नान, ध्यान और योग करें। संयम और शुद्ध आहार से आध्यात्मिक उन्नति होती है।

फाल्गुन सिर्फ उत्सव का नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और सकारात्मक बदलाव का महीना है। इस दौरान किए गए अच्छे कर्म जीवन में सुख, शांति और संतुलन लाते हैं।

# धन और ज्ञान मात्र संग्रह ही नहीं, सदुपयोग भी जरूरी है



**एक** गांव में धर्मदास नामक एक व्यक्ति रहता था। बातें तो बड़ी ही अच्छी-अच्छी करता था पर था एकदम कंजूस। कंजूस भी ऐसा वैसा नहीं बिल्कुल मक्खीचूस। चाय की बात तो छोड़ो, वह किसी को पानी तक के लिये नहीं पूछता था। साधु-संतों और भिखारियों को देखकर तो उसके प्राण ही सूख जाते थे कि कहीं कोई कुछ मांग न बैठे।

एक दिन उसके दरवाजे पर एक महात्मा आए और धर्मदास से सिर्फ एक रोटी मांगी। पहले तो धर्मदास ने महात्मा को कुछ भी देने से मना कर दिया लेकिन तब वह वहीं खड़ा रहा तो उसे आधी रोटी देने लगा। आधी रोटी देखकर महात्मा ने कहा कि अब तो मैं आधी रोटी नहीं, पेट भरकर खाना खाऊंगा। इस पर धर्मदास ने कहा कि अब वह कुछ नहीं देगा। महात्मा रातभर चुपचाप भूखा-प्यासा धर्मदास के दरवाजे पर खड़ा रहा।

सुबह जब धर्मदास ने महात्मा को अपने दरवाजे पर खड़ा देखा तो सोचा कि अगर मैंने इसे भरपेट खाना नहीं खिलाया और यह भूख-प्यास से यहीं पर मर गया तो मेरी बदनामी होगी। बिना कारण साधु की हत्या का दोष लगेगा। धर्मदास ने महात्मा से कहा कि बाबा तुम भी क्या याद करोगे, आओ पेट भरकर खाना खा लो।

महात्मा भी कोई ऐसा वैसा नहीं था। धर्मदास की बात सुनकर महात्मा ने कहा कि अब मुझे खाना नहीं खाना। मुझे तो एक कुआं खुदवा दो। लो अब कुआं कहां से बीच में आ गया धर्मदास ने साधु महाराज से कहा। धर्मदास ने कुंआ खुदवाने से साफ मना कर दिया। साधु महाराज अगले दिन फिर रातभर चुपचाप भूखा-प्यासा धर्मदास के दरवाजे पर खड़ा रहा।

अगले दिन सुबह भी जब धर्मदास ने साधु महात्मा को भूखा-प्यासा अपने दरवाजे पर ही खड़ा पाया तो सोचा कि अगर मैंने कुआं नहीं खुदवाया तो यह महात्मा इस बार जरूर भूखा-प्यासा मर जाएगा और मेरी बदनामी होगी। धर्मदास ने काफी सोच-विचार किया और महात्मा से कहा कि साधु बाबा, मैं तुम्हारे लिये एक कुआं खुदवा देता हूं और इससे आगे अब कुछ मत बोलना। नहीं, एक नहीं अब तो दो कुएं खुदवाने पड़ेंगे, महात्मा की फरमाइशें बढ़ती ही जा रही थी।

धर्मदास कंजूस जरूर था, बेवकूफ नहीं। उसने सोचा कि अगर मैंने दो कुएं खुदवाने से मना कर दिया तो यह चार कुएं खुदवाने की बात करने लगेगा इसलिए रामदयाल ने चुपचाप दो कुएं खुदवाने में ही अपनी भलाई समझीं। कुएं खुदकर तैयार हुए तो उनमें पानी भरने लगा।

जब कुओं में पानी भर गया तो महात्मा ने धर्मदास से कहा, दो कुओं में से एक कुआं में तुम्हे देता हूं और एक अपने पास रख लेता हूं। मैं कुछ दिनों के लिये कहीं जा रहा हूं लेकिन ध्यान रहे, मेरे कुओं में से तुम्हें एक बूंद पानी भी नहीं निकालना है। साथ ही अपने कुएं में से गांव वालों को रोज पानी निकालने देना है। मैं वापस आकर अपने कुएं से पानी पीकर प्यास बुझाऊंगा।

धर्मदास ने महात्मा वाले कुएं के मुंह पर एक मजबूत ढक्कर लगवा दिया। सब गांव वाले रोज धर्मदास वाले कुएं से पानी भरने लगे। लोग खूब पानी निकालते पर कुएं में पानी कम न होता। शुध्द-शीतल जल पाकर गांव वाले निहाल हो गये थे और महात्माजी का गुणगान करते न थकते थे। एक वर्ष के बाद महात्मा पुनः- उस गांव में आए और धर्मदास से बोले कि उसका कुआं खोल दिया जाए। धर्मदास ने कुएं का ढक्कन हटवा दिया। लोग यह देखकर हैरान रह गये कि कुएं में एक बूंद भी पानी नहीं था।

महात्मा ने कहा, कुएं से कितना भी पानी क्यों न निकाला जाए, वह कभी खत्म नहीं होता अपितु बढ़ता जाता है। कुएं का पानी न निकालने पर कुआं सूख जाता है, इसका स्पष्ट प्रमाण तुम्हारे सामने है। और यदि किसी कारण से कुएं का पानी न निकालने पर पानी नहीं भी सूखेगा तो वह सड़ अवश्य जायेगा और किसी काम में नहीं आयेगा।

महात्मा ने आगे कहा, कुएं के पानी की तरह ही धन-दौलत की भी तीन गतियां होती हैं उपयोग, नाश अथवा दुरुपयोग। धन-दौलत का जितना इस्तेमाल करोगे, वह उतना ही बढ़ता जाएगा। धन-दौलत का इस्तेमाल न करने पर कुएं के पानी की तरह ही सूख जायेगा, समाप्त हो जाएगा और अगर इसके बावजूद बचा रहा तो वह धन-दौलत निरर्थक पड़ा रहेगा। उसका उपयोग संभव नहीं रहेगा या अन्य कोई उसका दुरुपयोग कर सकता है। अतः- अर्जित धन-दौलत का समय रहते सदुपयोग करना अनिवार्य है।

# गलति से भी सोमवार के दिन न करें इन चीजों का सेवन



**सोमवार** का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन खान-पान को लेकर कुछ खास नियमों का पालन करना बेहद जरूरी माना जाता है। मान्यता है कि सोमवार को सही आहार अपनाने से जीवन में सकारात्मकता बढ़ती है, जबकि गलत भोजन से बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं। धार्मिक विश्वासों के अनुसार, भगवान शिव की पसंद को ध्यान में रखकर भोजन करने से उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। ये परंपराएं केवल आस्था से ही नहीं, बल्कि हमारे शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन से भी जुड़ी हुई हैं। आइए जानते हैं कि सोमवार को कौन-सी चीजें खाना शुभ माना जाता है और किन खाद्य पदार्थों से दूरी बनानी चाहिए।

1. सफेद रंग के खाद्य पदार्थ- सोमवार को दूध, दही, चावल, नारियल, मिश्री, खीर और सफेद मिठाइयों का सेवन शुभ माना जाता है। सफेद रंग शांति, पवित्रता और सौम्यता का प्रतीक है, जो भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है।

2. सात्विक और हल्का भोजन- इस दिन ताजे फल, हरी सब्जियां, सलाद और पौष्टिक आहार लेना उत्तम माना जाता है। ऐसा भोजन शरीर को हल्का रखता है और मन को शांत करता है।

3. गंगा जल से बना भोजन- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यदि संभव हो तो भोजन तैयार करते समय गंगा जल का प्रयोग करना शुभ फल देता है, क्योंकि इसे अत्यंत पवित्र माना गया है।

4. बेल पत्र और तुलसी- पूजा के पश्चात बेल पत्र और तुलसी के पत्तों का सेवन करना लाभकारी माना जाता है। यह धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी है।

1. नमक का कम सेवन-

सोमवार के व्रत में कई लोग नमक का त्याग करते हैं। मान्यता है कि इस दिन नमक न खाने या कम खाने से शिव कृपा बनी रहती है।

2. मांस और शराब- मांसाहार, मछली और शराब जैसी तामसिक चीजों से सोमवार को दूर रहना चाहिए। ये न केवल धार्मिक रूप से वर्जित मानी जाती हैं, बल्कि सेहत के लिए भी नुकसानदेह हैं।

3. लहसुन और प्याज- लहसुन-प्याज को तामसिक भोजन की श्रेणी में रखा जाता है, इसलिए सोमवार को इनका सेवन करने से बचने की सलाह दी जाती है।

4. अधिक तला-भुना खाना- ज्यादा तैलीय और मसालेदार भोजन इस दिन नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे शरीर में भारीपन और आलस्य बढ़ता है।

सोमवार को करें ये सरल उपाय

सुबह स्नान के बाद शिवलिंग पर दूध, दही, शहद और गंगा जल से अभिषेक करें।

'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का 108 बार जाप करें।

जरूरतमंदों को सफेद वस्त्र, चावल या मिठाई का दान करें।

शाम के समय घर में दीपक जलाकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें।



**मेष राशि:-** आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आप अपने कर्म पर ध्यान देंगे और सकारात्मक बने रहेंगे। किसी भी समस्या का समाधान आपके कार्य कौशल से ही मिलेगा। दूसरों पर अत्यधिक निर्भर रहने से बचें, तभी आप बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। आज अपनी पसंदीदा गतिविधियों को समय दें, इससे मानसिक शांति मिलेगी।



**वृष राशि:-** आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। जीवन सहज और आसान महसूस होगा। दूसरों से आगे बढ़ने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि करेगी। बच्चों की उपलब्धियों से मन प्रसन्न रहेगा। शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालें। आप जो भी कार्य करेंगे, उसमें सफलता निश्चित है।



**मिथुन राशि:-** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। यदि आप नया व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, तो आज का दिन बहुत शुभ है। प्रॉपर्टी के काम में भी लाभ की स्थिति बनी हुई है। आपको आधिकारिक कार्यों में सफलता मिलेगी और भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी। ईश्वर में विश्वास बढ़ेगा।



**कर्क राशि:-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपको परिस्थितियों को देखने का अपना नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करना बेहतर रहेगा। आपके स्वभाव में आ रहे बदलाव से परिवार के सदस्य प्रसन्न रहेंगे। अधूरे कामों को पूरा करने के लिए दिन अच्छा है।



**सिंह राशि:-** आज का दिन शानदार रहेगा। दांपत्य जीवन और पारिवारिक व्यवस्था में मधुरता व सामंजस्य बना रहेगा। युवा वर्ग व्यर्थ के कार्यों में समय नष्ट न करें। स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने के लिए समय निकालें। आज कार्यभार अधिक रह सकता है। कुछ ऐसे खर्च भी सामने आएंगे जो न चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।



**कन्या राशि:-** आज का दिन बेहतर रहेगा। जीवनसाथी और परिजनों का सहयोग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। आप सकारात्मक होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। मेडिटेशन और आराम के लिए समय जरूर निकालें। अपनों की सलाह आपके बहुत काम आएगी।



**तुला राशि:-** आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। आर्थिक समस्याएं हल होंगी और रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। आत्म-चिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आएगा। रिश्तेदारों से चल रही अनबन किसी की मध्यस्थता से दूर होगी। भूमि या वाहन से जुड़ा अदालती मामला आपके पक्ष में आ सकता है।



**वृश्चिक राशि:-** आज का दिन सुनहरा रहेगा। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों की ओर आपका झुकाव बढ़ेगा। अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहें, सफलता अवश्य मिलेगी। युवाओं को किसी अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बुद्धि-विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद रहेंगे। समाज में आपकी अलग पहचान बनेगी।



**धनु राशि:-** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी और युवा अपनी सफलता को लेकर संशय न रखें और मेहनत जारी रखें। नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। घर के बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान करें। निजी क्षेत्र में काम करने वालों को नई नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।



**मकर राशि:-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। युवा वर्ग भावनाओं में बहकर निर्णय लेने से बचें। जीवन की गतिविधियों को व्यावहारिक तरीके से समझें। परिवार के साथ सुखद पल बिताएंगे। आप अपनी कला से लोगों को प्रभावित करेंगे।



**कुंभ राशि:-** आज का दिन नई उमंग से भरा रहेगा। नौकरी या व्यवसाय के सिलसिले में यात्रा के योग बन रहे हैं। आप उस कार्य में सफल होंगे जिसके लिए लंबे समय से प्रयास कर रहे थे। नौकरीपेशा लोगों को कार्यभार कम होने से राहत मिलेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर पूरा ध्यान देना होगा। दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी और अचानक धन लाभ से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।



**मीन राशि:-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी करीबी की सलाह फायदेमंद साबित होगी। यह समय आगे बढ़ने का है, सही दिशा में प्रयास करने से सफलता मिलेगी। सामाजिक कार्यों में रुचि बनी रहेगी। कुछ लोग ईर्ष्यावश आपकी आलोचना कर सकते हैं, उन पर ध्यान न दें। व्यवसाय की नई योजना शुरू करने का सही समय है।

# वर्षों बाद महाशिवरात्रि पर ये खास संयोग

## इन चीजों को चढ़ाने से शीघ्र प्रसन्न होंगे महादेव



**हर** साल महाशिवरात्रि फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती हैं। यह पावन पर्व भगवान शिव की कृपा और माता पार्वती को प्रसन्न करने का सर्वश्रेष्ठ अवसर है। मान्यता है कि, यह तिथि प्रभु और देवी के दिव्य मिलन के रूप में पूजी जाती है। शास्त्रों के मुताबिक, इस दिन की गई पूजा-अर्चना, जप और व्रत से महादेव शीघ्र प्रसन्न होकर अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। साथ ही कन्याओं की मनचाहा साथी पाने की इच्छा भी पूरी होती हैं। इस वर्ष महाशिवरात्रि 15 फरवरी 2026 को मनाई जाएगी। इस दिन ग्रहों की युति के साथ-साथ कई शक्तिशाली शुभ योगों का भी संयोग बना रहेगा। ऐसे में महादेव को केवल यह तीन चीजें चढ़ाने से शिव जी की कृपा प्राप्त हो सकती हैं। आइए इसके बारे में जानते हैं।

ज्योतिषियों के मुताबिक, इस साल फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी को शाम 5 बजकर 4 मिनट पर प्रारंभ होगी। इस तिथि का समापन 16 फरवरी को शाम 5 बजकर 34 मिनट पर होगा। ऐसे में महाशिवरात्रि 15 फरवरी 2026 को मनाई जाएगी।

महाशिवरात्रि के दिन सुबह 7 बजे से लेकर शाम 7 बजकर 48 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग बनेगा। इसके बाद उत्तराषाढा नक्षत्र शाम 7. 48 तक रहने वाला है। इसके बाद श्रवण नक्षत्र का शुभारंग होगा, जो अगले दिन 16 फरवरी को 8. 47 तक बना रहेगा। महाशिवरात्रि पर व्यतीपात योग पूरे दिन बना रहेगा। इस दिन निशिता काल रात 11 बजकर 52 मिनट से लेकर रात 12:42 तक रहेगा। हालांकि, दोपहर 12 बजकर 13 मिनट से 12:57 तक अभिजीत मुहूर्त रहने वाला है। अमृतकाल दोपहर 12:59 से 14:41 तक रहेगा।

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, महाशिवरात्रि के शुभ दिन पर शिवलिंग की पूजा करें। इस दौरान प्रभु को 11 बेलपत्र चढ़ाएं। इस दौरान बेलपत्र का चिकना हिस्सा नीचे की ओर रखें। ऐसा करना शुभ होता है। इससे भगवान शिव शीघ्र ही प्रसन्न होते हैं।

शास्त्रों के मुताबिक, धतूरे के फल और भांग महादेव के प्रिय भोग में शामिल हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि के अवसर पर आप यह अवश्य चढ़ाएं। इससे मानसिक शांति प्राप्त होती हैं।

भगवान शिव की पूजा में शमी के फूल का उपयोग करना अत्यंत शुभ और कल्याणकारी माना जाता है। इससे सभी तरह के दोष से राहत प्राप्त होती हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि पर प्रभु को यह 7 फूल अर्पित करें। इससे सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं।



# ट्रम्प को ईरान के साथ समझौते की उम्मीद खामेनेई ने युद्ध के खिलाफ दी चेतावनी

**तेहरान/वाशिंगटन, (वेब वार्ता)।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ 'समझौता होने की' उम्मीद जताई है, जबकि ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका कोई भी टकराव शुरू करता है तो वह क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है। ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर अपने मार-आ-लागो आवास से कहा कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में भले ही अपने युद्ध पोत तैनात किये हैं लेकिन वह इस समस्या का कूटनीतिक हल चाहता है।

ट्रम्प ने कहा, 'हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किये हैं। उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में हम कोई समझौता कर लेंगे। अगर समझौता नहीं होता है तो हमें पता चल जायेगा कि वह सही थे या नहीं।' ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया जब खामेनेई ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कई बयानों में अमेरिका को सैन्य कार्रवाई करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। खामेनेई ने पोस्ट किया, 'अमेरिका को पता होना चाहिए कि अगर वे युद्ध शुरू करते हैं तो इस बार एक क्षेत्रीय युद्ध होगा। अमेरिकी कभी-कभी युद्ध की बात करते हैं और कहते हैं कि वे युद्ध पोतों और लड़ाकू विमानों के साथ आएंगे। यह कोई नयी बात नहीं है। ईरान ऐसी बातों से डरता नहीं। उन्हें ईरानियों को ऐसी चीजों से डराने की कोशिश नहीं करनी चाहिये।'

खामेनेई ने कहा कि ईरान संघर्ष नहीं चाहता लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो ईंट का जवाब पत्थर से देगा। उन्होंने अमेरिका पर संसाधनों के लालच में ईरान पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा, हम लड़ाई शुरू करने वालों में नहीं हैं। हम किसी पर जुल्म नहीं करना चाहते। हम किसी देश पर हमला नहीं करना चाहते लेकिन अगर कोई हम पर हमला करता है या नुकसान पहुंचाता है तो उसे ईरान से करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने ईरान में अमेरिका के हस्तक्षेप के इतिहास की आलोचना करते हुए कहा कि ईरान के कई आकर्षण केन्द्र हैं, जिनमें उसका तेल, उसके खनिज और उसकी भौगोलिक स्थिति दूसरे देशों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है।

अमेरिका इस देश पर वैसा ही कब्जा चाहता है, जैसा पहले था। अमेरिका 30 साल से ज्यादा तक ईरान में रहा। ईरान के संसाधन, तेल, राजनीति और सुरक्षा उनके हाथों में थी। अब उनकी पकड़ ढीली हो गयी है तो वह उसे वापस पहले जैसा करना चाहते हैं।

# पोलैंड में कड़ाके की ठंड से 50 से अधिक लोगों की मौत

**वॉरसॉ, (वेब वार्ता)।**

पोलैंड में कड़ाके की ठंड के कारण अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो गयी है। आंतरिक मामलों और प्रशासन के उपमंत्री विस्लाव श्चेपान्स्की ने सोमवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी।

श्चेपान्स्की ने कहा, कड़ाके की ठंड और शीतलहर अपने चरम पर है। ठंड से पीड़ितों के बारे में दुखद खबर है। अब तक 54 लोगों की मौत और 36 हाइपोथर्मिया (शरीर का अत्यधिक ठंडा हो जाना) के मामलों की जानकारी सामने आयी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परित्यक्त इमारतों (जिन इमारतों में कोई नही रहता है) में रहने वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं।



उन्होंने कहा, 'एक बार फिर हम परित्यक्त इमारतों में रहने वाले सभी लोगों से अपील करते हैं कि वे अधिक तापमान वाले स्थानों पर चले जाएं और चेतावनी दी कि आने वाली रात इस सर्दी की सबसे ठंडी रात होगी।'

उपमंत्री ने सड़कों पर संभावित खतरों की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, फिलहाल पोलैंड की सड़कें चलने योग्य हैं लेकिन मंगलवार से बुधवार की रात को लेकर हमें चिंता है, क्योंकि दक्षिणी वॉइवोडशिप्स में बूंदाबांदी हो सकती है। तापमान गिरने से सड़कों पर बर्फ जम सकती है, जिससे यात्रा-खासतौर पर स्कूल जाने वालों के लिए कठिन और खतरनाक हो सकती है।

उन्होंने विशेष रूप से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले ड्राइवरों से पर्याप्त तैयारी करने की अपील की-जैसे गर्म कपड़े, गर्म पेय और पर्याप्त ईंधन साथ रखने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी, 'खराब मौसम में वाहन रुक जाने पर हाइपोथर्मिया का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए उचित सुरक्षा बेहद जरूरी है। संकट प्रबंधन टीमें लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और सेवाएं जरूरतमंदों की मदद के लिए तैयार हैं।'

श्चेपान्स्की ने अत्यधिक ठंड के कारण तीन प्रांतों में स्कूल बंद करने की घोषणा की गई है।

## हेट स्पीच बिल को लागू होने से रोकने के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा : जी. परमेश्वर

**बेंगलुरु, (वेब वार्ता)।**



कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने सोमवार को कहा कि कर्नाटक हेट स्पीच और हेट क्राइम्स (प्रिवेंशन) बिल, 2025 को लागू करने की प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल ने इस विधेयक के 28 प्रावधानों पर सवाल उठाए हैं और इसे आगे की समीक्षा के लिए राष्ट्रपति के पास भेज दिया है।

गृह मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह बिल राष्ट्रपति को भेजा गया है, जिससे इसके लागू होने में देरी हो सके। अब देखते हैं आगे क्या होता है। अगर राष्ट्रपति इसकी समीक्षा कर इसे वापस भेजते हैं, तो हम जरूरी बदलाव करेंगे और फिर से इसे भेजेंगे।

गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि कोई भी कुछ भी कह दे, बिना यह सोचे कि उसका समाज पर क्या असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, किसी समुदाय का अपमान करना और व्यक्तिगत हमले करना समाज में अशांति पैदा कर सकता है। कुछ जगहों पर भाषणों के बाद जो हालात बने, हमने उन्हें देखा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह हेट स्पीच बिल लाया गया है। क्या कोई भी कुछ भी कहकर समाज में तनाव फैला सकता है?

उन्होंने उद्योगपति सीजे रॉय के आत्महत्या मामले पर भी बयान दिया। परमेश्वर ने कहा कि इस मामले में अटकलों और अफवाहों को रोकने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। उन्होंने कहा, एसआईटी की रिपोर्ट आने दीजिए। हमें देखना होगा कि इस पूरे मामले में किसकी क्या भूमिका रही।

केंद्रीय बजट 2026 पर प्रतिक्रिया देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि लोगों को देश के विकास को लेकर इस बजट से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन वे पूरी नहीं हो सकीं। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए इस बजट को उनके अब तक के नौ बजटों में सबसे कमजोर बजट बताया।

## ओडिशा की आदिवासी नेता और पूर्व कांग्रेस सांसद सुशीला तिरिया का निधन

**भुवनेश्वर, (वेब वार्ता)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री और मयूरभंज से पूर्व सांसद सुशीला तिरिया का निधन हो गया। 70 वर्षीय तिरिया कई दिनों से स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से जूझ रही थीं और भुवनेश्वर स्थित एम्स में उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने रविवार शाम एम्स में अंतिम सांस ली। सुशीला तिरिया अनुभवी आदिवासी नेता और सामाजिक कार्यकर्ता थीं। उन्हें वर्ष 1986 में ओडिशा से राज्यसभा के लिए चुना गया। इसके बाद वह मयूरभंज लोकसभा क्षेत्र से दो बार 1994 और 1996 में निर्वाचित हुईं। उन्होंने कांग्रेस की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य के रूप में भी सेवाएं दीं। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास सहित कई नेताओं ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। दास ने कहा, पूर्व सांसद और कांग्रेस कार्य समिति की पूर्व सदस्य सुशीला तिरिया के निधन से अत्यंत दुखी हूं। आदिवासी कल्याण और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव स्मरणीय रहेगी। कांग्रेस नेता नवज्योति पटनायक ने कहा कि सुशीला तिरिया के निधन से उत्तर ओडिशा की राजनीति में एक बड़ा शून्य उत्पन्न हो गया है।

# धनबाद में विधायक के आवास पर फेंके बम

## सोशल मीडिया पर गैंगस्टर के नाम से धमकी भरा पर्चा वायरल

**धनबाद, (वेब वार्ता)।**



झारखंड के झरिया विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक रागिनी सिंह के धनबाद स्थित सरायढेला क्षेत्र में आवास 'सिंह मेंशन' में रविवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने सुतली बम फेंककर सनसनी फैला दी। बाइक सवार बदमाशों ने आधी रात करीब साढ़े ग्यारह बजे दो सुतली बम फेंके और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया, जबकि सिंह मेंशन के अंदर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मची रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक बम सिंह मेंशन के मुख्य गेट के अंदर फेंका गया, जबकि दूसरा बम गेट के बाहर सड़क की ओर पटक कर अपराधी भाग निकले। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के कई घरों के लोग नींद से जाग गए। घटना के तुरंत बाद आवास की सुरक्षा में तैनात गार्ड और कर्मी सतर्क हो गए तथा परिवार के सदस्य बाहर निकल आए।

इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सिटी एसपी ऋतिक श्रीवास्तव और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से सुतली बम के अवशेष बरामद किए। पुलिस ने पुष्टि की है कि दोनों धमाकों में सुतली बम का ही इस्तेमाल किया गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिसमें दूर से बाइक सवार दो संदिग्ध नजर आ रहे हैं, हालांकि उनकी पहचान अब तक नहीं हो पाई है।

घटना को लेकर सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पत्र वायरल हो रहा है, जिसमें खुद को गैंगस्टर अमन सिंह गिरोह से जुड़ा बताते हुए शंकर सिंह नामक व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। वायरल पर्चे में धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लिखा गया है कि 'जिस धरती पर अमन का खून गिरा है, उसे बंजर बना देंगे' और 'पूरे धनबाद को श्मशान घाट बना देंगे।'

पर्चे में धनबाद के कोयला और लोहा कारोबार से जुड़े व्यापारियों से रंगदारी की मांग करने के साथ-साथ शहर के लोगों को 'चुन-चुन कर मारने' की धमकी भी दी गई है। पुलिस इस पत्र की सत्यता की जांच कर रही है। गैंगस्टर अमन सिंह की दिसंबर, 2023 में धनबाद जेल में हत्या कर दी गई थी। इसके बाद भी उसके नाम पर गिरोह संचालित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि विधायक रागिनी सिंह झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी हैं।

## बलूचिस्तान में दो दिन की झड़पों में पाकिस्तानी सेना ने 140 से ज्यादा लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, (वेब वार्ता)।**



पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने करीब 40 घंटे तक चले एक सैन्य अभियान में 145 लोगों को मार गिराया। स्थानीय मीडिया ने प्रांतीय मुख्यमंत्री सरफराज बुगती के हवाले से बताया कि यह कार्रवाई बलूचिस्तान में 'तालमेल वाले' बंदूक और बम हमलों की एक सीरीज के जवाब में की गई।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मुताबिक, इस अभियान में 92 उग्रवादियों को मार गिराया गया। वहीं, 15 आम नागरिकों की भी मौत हो गई। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने यह खबर प्रकाशित की।

मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने बताया कि इन हमलों में पुलिस और फ्रंटियर कोर समेत अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों के 17 जवान मारे गए। इसके अलावा, नौसेना के एक अधिकारी की भी जान गई। कुल मिलाकर 31 लोगों की मौत हुई, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में हाल के वर्षों में हिंसा की यह सबसे खतरनाक लहर मानी जा रही है। यह इलाका प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और इसकी सीमाएं ईरान और अफगानिस्तान से लगती हैं। यहां सक्रिय विद्रोही गुटों ने सुरक्षा बलों, आम लोगों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों पर हमले तेज कर दिए हैं।

पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने कहा कि हमलावर आम नागरिकों के वेश में अस्पतालों, स्कूलों, बैंकों और बाजारों में घुसे और फिर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि दुकानों में काम कर रहे सामान्य लोगों को निशाना बनाया गया और हमलों के दौरान नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किया गया। चौधरी ने कहा, हर मामले में, हमलावर नागरिकों के रूप में आए और दुकानों में काम करने वाले आम लोगों को अंधाधुंध निशाना बनाया।

इन हमलों की जिम्मेदारी अलगाववादी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। संगठन ने दावा किया कि उसने 'हीरोफ' या 'काला तूफान' नाम से एक संगठित अभियान चलाया, जिसमें पूरे बलूचिस्तान में सुरक्षाबलों को निशाना बनाया गया।

# राष्ट्रपति आज से ओडिशा के छह दिवसीय दौरे पर

**भुवनेश्वर, (वेब वार्ता)।**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से ओडिशा के छह दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। इस दौरान वह राज्य के पांच जिलों में विभिन्न सरकारी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। वो आज शाम राजधानी भुवनेश्वर पहुंचेंगी। राष्ट्रपति इस अवधि में पुरी, खोर्धा, बालासोर, जाजपुर और मयूरभंज जिलों का दौरा करेंगी।

राष्ट्रपति जाजपुर जाएंगी, जहां वह जिले की अधिष्ठात्री देवी मां बिरजा के मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगी। 03 फरवरी को वह बिरजा मंदिर में करीब डेढ़ घंटे का समय बिताएंगी, जिसके बाद वह बालासोर के लिए रवाना होंगी। बालासोर में राष्ट्रपति मुर्मु फकीर मोहन विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद वो शाम को पुरी पहुंचेंगी, जहां वह रात्रि विश्राम करेंगी।

चार फरवरी को राष्ट्रपति का श्री जगन्नाथ मंदिर के सिंहद्वार पर गजपति महाराज, सेवायत और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी औपचारिक स्वागत करेंगे। भगवान जगन्नाथ के दर्शन के बाद वह श्वेतगंगा में पिंडदान की धार्मिक रस्में निभाएंगी। इसके बाद राष्ट्रपति मयूरभंज जिले के रायरंगपुर जाएंगी। अपने गृह क्षेत्र के लोगों से संवाद करेंगी।

## जम्मू छात्रों के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए बीजेपी विधायक

जम्मू, 02 फरवरी (वेब वार्ता)। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा के नेतृत्व में भाजपा विधायक यहां राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रदर्शन कर रहे जम्मू विश्वविद्यालय के छात्रों में शामिल हुए। विधायकों ने रविवार को कहा कि वे इस मुद्दे को सड़क और विधानसभा दोनों जगह उठाएंगे। शर्मा ने पार्टी विधायकों एडवोकेट आरएस पठानिया, शगुन परिहार और देवयानी राणा के साथ 25 दिनों तक चले आंदोलन को पूरा समर्थन दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी के बीच विश्वविद्यालय परिसर में धरने पर बैठे। शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि हम सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान जम्मू में एक राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालय की मांग करेंगे। हम आपके साथ हैं। यह सिर्फ आपकी नहीं बल्कि पूरे जम्मू क्षेत्र की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को बिना किसी देरी के मांग पर ध्यान देना चाहिए और चेतावनी दी कि ऐसा नहीं करने पर सभी भाजपा विधायक बड़े पैमाने पर आंदोलन कर सकते हैं।

# केंद्रीय बजट में तमिलनाडु के साथ पूरी तरह धोखा हुआ: वाइको

**चेन्नई, (वेब वार्ता)।**



मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कझगम (एमडीएमके) के महासचिव वाइको ने सोमवार को 2026-27 के केंद्रीय बजट की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि एक अहम राजनीतिक मौके पर केंद्र सरकार ने तमिलनाडु के साथ 'पूरी तरह से धोखा' किया है, जबकि राज्य में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं।

कोयंबटूर में पत्रकारों से बात करते हुए वाइको ने कहा कि ऐसी व्यापक उम्मीद थी कि बजट में तमिलनाडु को अतिरिक्त वित्तीय सहायता मिलेगी, खासकर आने वाले चुनावों को देखते हुए। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि ये उम्मीदें पूरी तरह से खत्म हो गई हैं, क्योंकि केंद्र सरकार ने राज्य के लिए कोई महत्वपूर्ण आवंटन या परियोजनाओं की घोषणा नहीं की है। वाइको ने ईंधन की कीमतों को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कच्चे तेल की कीमतें 50 डॉलर प्रति बैरल के आसपास होने के बावजूद, केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम नहीं की हैं।

उन्होंने कहा कि इससे आम नागरिकों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ा है, जो पहले से ही बढ़ती महंगाई से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कच्चे तेल की कम कीमतों का फायदा उपभोक्ताओं तक न पहुंचाना यह दिखाता है कि सरकार को जनता की भलाई की कोई परवाह नहीं है।

बजट की बड़ी आर्थिक मान्यताओं पर सवाल उठाते हुए, एमडीएमके नेता वाइको ने कहा कि केंद्र सरकार की 11 लाख करोड़ रुपए उधार लेने की घोषणा ने सात प्रतिशत आर्थिक विकास का लक्ष्य बहुत ही अवास्तविक बना दिया है। उन्होंने तर्क दिया, 'आप एक साथ इतने बड़े स्तर पर कर्ज बढ़ाते हुए मजबूत विकास की बात नहीं कर सकते, और बजट के अनुमानों को आर्थिक सच्चाई से अलग बताया।'

## अखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट ने किया कपड़ों का दान

**मोहरपाल सिंह, भेदी नज़र**



अखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह ने ठिठुरती सर्दी को देखते हुए आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के घर पर जाकर गर्म कपड़े पेंट कमीज टी-शर्ट स्वेटर वितरित किए। वह प्रतिवर्ष 50 दिव्यांग बेघर बेसहारा असहाय लोगों को कपड़े पहना कर अपने जीवन को कामयाब बनाते हैं तथा मानवता का परिचय देते हैं।

हम सभी को अपने जन्मदिन मैरिज एनिवर्सरी पर ऐसे लोगों के बारे में सूचना चाहिए और भूखे को भोजन और निर्वस्त्र को वस्त्र पहनाना चाहिए जिनके पैरों में चप्पल नहीं है चप्पल देनी चाहिए इस अवसर पर संस्था के संस्थापक हिरदेश कुमार एवं अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कश्मीर में रात का तापमान बढ़ा, श्रीनगर में 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज

श्रीनगर, (वेब वार्ता)। पूरे कश्मीर में रात के तापमान में मामूली वृद्धि हुई श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसमी औसत से तीन डिग्री अधिक है। कश्मीर में 40 दिनों की सबसे कठोर सर्दियों की अवधि 'चिल्लई कलां' की समाप्ति के बाद से श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे लेकिन लगातार बढ़ रहा है। बारामूला जिले में गुलमर्ग का स्की रिसॉर्ट शून्य से 8 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान के साथ जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अन्य स्थानों में, काजीगुंड का न्यूनतम तापमान 0.7 डिग्री, कोकेरनाग का न्यूनतम तापमान शून्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस नीचे और कुपवाड़ा का न्यूनतम तापमान शून्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।


**किराए के लिए खाली है**

1- 3600 वर्ग फुट कमर्शियल हॉ ल सेमी फर्निश्ड सेक्टर.8 टी सी काम्प्लेक्स फरीदाबाद में।
2- 1620 वर्ग फुट ऑफिस सेमी फर्निश्ड मेन रोड टी सी काम्प्लेक्स सेक्टर.8 फरीदाबाद में।
3- टू बैड रूम सेट ग्राउंड फ्लोर वेल फर्निश्ड सेक्टर 7 डी ब्लॉ क फरीदाबाद में।
4- वन रूम सेट वेल फर्निश्ड सेंकड फ्लोर सेक्टर 7 डी ब्लॉक फरीदाबाद में।
इच्छुक व्यक्ति फोन नंबर 9999446252,, 9811157562 पर संपर्क करें।



**- सूचना -**

फरीदाबाद जिला में भेदीनज़र समाचार में अपने समाचार, विज्ञापन देने और अखबार की कापी प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें-

1- गोपाल न्यूज एजेन्सी
अम्बेडकर चौक बाल्लभगढ़
मोबाइल नम्बर- 9811477204

2- नरेंद्र बुक्सर शाप
मूँगफली चौक एने.आई.टी.नम्बर-5 फरीदाबाद
मोबाइल - 9810229192

3- दीक्षित न्यूज एजेन्सी बोल्ड फरीदाबाद
मोबाइल- 9811159238



छोटा विज्ञापन बड़ा फायदा
आज ही स्पेस बुक कराएंकाल करें
0120-4152063,
9811157562



नई एवं तरोताजा खबरों के लिए भेदी नज़र पढ़िए, समय के साथ चलिए

सुनहरा मौका वार्षिक ग्राहक बनिए और
वीआईपी एल्फा सूटकेस कीमत रु, 900 प्राप्त करिए
भेदी नज़र समाचार पत्र के ग्राहक बनें
मात्र 700 रूपये दीजिए और वार्षिक ग्राहक बनने के अलावा तुरंत पाइए और अन्य आकर्षक उपहार के लिए

बम्पर ड्रा

पहला इनाम



एक हीरो बाईक

दूसरा इनाम




एक सोनी एलसीडी 32 इंच व अन्य आकर्षक ईनाम

तीसरा इनाम



बीस मोबाईल फोन

- कोई भी व्यक्ति एजेंट 500 से अधिक मेंबर बना लेंगा तो एसे अलग से उपहार दिया जाएगा।
- ये स्कीम एक जनवरी 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक चलेगी।
- 31 दिसम्बर 2026 को 1000 सदस्य बनाने पर बम्पर ड्रा निकाला जाएगा जिसमें उपरोक्त इनाम हरियाणा के किसी भी मंत्री द्वारा दिए जाएंगे।
- ड्रा बम्पर ड्रा में भेदी नज़र के वार्षिक मेम्बर ही भाग ले सकते हैं।
- भेदी नज़र प्रत्येक माह की पहली तारिख को कूपन छापेगा।



आर.एन.आई.नं.
DEL/HIN/2004/13528
प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं संपादक उमा शर्मा द्वारा
उमा पब्लिकेशनस्
1001/1002 दसवां तल नौरंग हाऊस, 21 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-1 से प्रकाशित
एवं नीलू प्रिंटिंग प्रेस ई-33 सेक्टर-7 नोएडा से मुद्रित
संपादक
उमा शर्मा
प्रधान संपादक
गिरीश चन्द्र शर्मा

फोन नं.-
011-66304689
0120-4189808
0129-2290152
0129-2267 07 8

0129-2977562
फैक्स नं. -
011-66304690
0129-2297 640
मो. : 9811157 562,

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद होगा।
पीआईबी एक्ट अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी समाचार लेखक की होगी भेदीनज़र संस्थान संपादक और प्रधान संपादक कानूनन जिम्मेदार नहीं होगा।